आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
* भगवान बुद्ध जयंती
* गुरु गोरखनाथ जयंती"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 105 | उज्जैन, शुक्रवार 01 मई, 2026 | वैशाख शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ऑपरेशन सिंदूर अपनी मर्जी से रोका, न्यूक्लियर हमले से नहीं डरे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी मर्जी और अपनी शर्तों पर रोका था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो देश पाकिस्तान के खिलाफ लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से परमाणु हमले की धमकी दी गई थी, लेकिन भारत इससे नहीं डरा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की सर्ज कैपेसिटी (अचानक ताकत बढ़ाने की क्षमता) पहले से ज्यादा मजबूत है। राजनाथ ने कहा- भारत आज इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के लिए जाना जाता है जबकि पाकिस्तान को आईटी यानी इंटरनेशनल टेररिज्म का केंद्र माना जाता है।

### एग्जिट पोल भाजपा के इशारे पर दिखाए गए : ममता

**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार शाम वीडियो मैसेज जारी कर चुनाव जीतने का दावा किया। ममता ने कहा- हम बंगाल में मां, माटी और मानुष की सरकार बनने जा रहे हैं। टीएमसी बंगाल में 294 में से 226 से ज्यादा सीटें जीतकर फिर से सत्ता में लौटेगी। ममता ने कहा एग्जिट पोल भाजपा के इशारे पर दिखाए गए, ताकि टीएमसी कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों ने चुनाव के दौरान भाजपा के एजेंट की तरह काम किया। बंगाल की सभी 294 सीटों पर 23 और 29 अप्रैल को दो फेज में रिकॉर्ड 92.84% वोटिंग हुई। बंगाल के अलावा तमिलनाडु में 23 अप्रैल, केरलम, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। 4 मई को सभी राज्यों के चुनाव परिणाम आएंगे।

फिल्म डॉन 3 में

### गाली-गलौज और हिंसा चाहते थे रणवीर



फरहान अख्तर ने कहा- डॉन गाली नहीं देता
विवाद होने पर रणवीर सिंह ने फिल्म छोड़ी

**मुंबई।** रणवीर सिंह और डायरेक्टर फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' को लेकर एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रणवीर इस फिल्म में हिंसा और गाली गलौज चाहते थे। फरहान के इस बात पर राजी ना होने से दोनों के बीच विवाद हुआ। करीब 3 साल पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब अधर में लटक गया है क्योंकि रणवीर सिंह ने कथित तौर पर इस फिल्म को छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक रणवीर के फिल्म छोड़ने की वजह से फरहान अख्तर को करीब 40 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। गाली-गलौज और हिंसा पर फंसा पेंच 'फ्री प्रेस जर्नल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह चाहते थे कि 'डॉन' का किरदार आज के दौर के हिसाब से ज्यादा हिंसक और डार्क हो। रणवीर का मानना था कि दर्शकों को पर्दे पर खून-खराबा और 'कड़ी भाषा' (गाली-गलौज) पसंद आ रही है। वे चाहते थे कि डॉन के डायलॉग्स में गालियों का इस्तेमाल हो, लेकिन फरहान अख्तर इसके सख्त खिलाफ थे। फरहान ने कहा- 'डॉन' गाली नहीं देता फरहान अख्तर ने रणवीर को समझाने की कोशिश की कि 'डॉन' फ्रेंचाइजी की एक अपनी गरिमा है। अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान ने इस किरदार को कभी भी गालियों या बेमतलब की मार-काट के जरिए पेश नहीं किया। फरहान अपनी मूल सोच के साथ समझौता करने को तैयार नहीं थे। उनका तर्क था कि 'डॉन' एक स्टाइलिश और शातिर अपराधी है, न कि कोई सड़क छाप गुंडा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई और आखिरकार रणवीर ने फिल्म से हाथ पीछे खींच लिए। रणवीर और फरहान के बीच अनबन की शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई। फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज के बाद रणवीर सिंह ने अचानक 'डॉन 3' से वॉकआउट कर लिया। फरहान और उनके पार्टनर रितेश सिधवानी ने इस मामले को 'प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' के सामने रखा।

### राजधानी रायपुर के सड्डू क्षेत्र में प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में गुरुवार सुबह एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। कवल मल्टीलेयर प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास स्थित एक स्टेशनरी गोदाम भी इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने के लिए अब तक दमकल की पांच गाड़ियां लगातार प्रयास कर रही हैं, जबकि अतिरिक्त संसाधन भी बुलाए जा रहे हैं।

### सपा गिरगिट जैसा रंग बदलती है : सीएम योगी

**लखनऊ।** यूपी में गुरुवार को विधानमंडल का साढ़े 6 घंटे का विशेष सत्र हुआ। इसमें लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल गिरने को लेकर सीएम योगी ने विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया। योगी ने कहा- कांग्रेस के पतन का कारण एक मुस्लिम महिला थी। शाहबानो को लेकर मौलवियों के सामने घुटने टेककर नाक रगड़ने की प्रवृत्ति थी। कांग्रेस ये पाप नहीं करती, मौलवियों के दबाव में न आकर शाहबानो को न्याय दिया होता तो ये दुर्गति नहीं होती। चर्चा के दौरान सपा विधायक अतुल प्रधान और कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर में तीखी बहस हुई। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हम बोल रहे हैं, तो आपको पिरात (दर्द हो रहा) है। घबराओ मत, ऐसन खरचाली ठोकब कि फाट जाबा (ऐसा ठोंकेंगे कि फट जाओगे)। घोसी घुस जाई एदवा बारी (इस बार घोसी भी घुस जाएगा)।

धार में 100 किमी की रफ्तार से दौड़ रहे पिकअप का टायर फटने से 46 मजदूरों से भरा वाहन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया था

# एकसाथ जलीं 16 चिताएं, 4 महिलाओं के शवों को एक ही चिता पर रखा गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

मध्य प्रदेश के धार में बुधवार रात हुए पिकअप हादसे में नयापुरा के 9, सेमलीपुरा के 5 और रामपुरा के 2 लोगों की मौत हो गई। सभी का अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह किया गया। 4 महिलाओं के शवों को एक ही चिता पर रखा गया। अपनों को खोने वाले परिजनों का बुरा हाल है। कोई पत्नी की तस्वीर हाथ में लेकर बैठा है तो कोई उनके कपड़े एकटक देख रहा है। रिश्तेदारों की आंखें भी नम हैं, पूरे गांव में मातम छाया है।

बता दें कि बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे 46 मजदूरों से भरा पिकअप वाहन टायर फटने से डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया था। वाहन ने 3-4 बार पलटी खाई। फिर सड़क के रॉन्ग साइड जाकर स्कॉर्पियो से टकराया था। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, 30 घायल हैं। मृतकों में 6 बच्चे शामिल हैं। एक्सीडेंट इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के चिकलिया फाटा पर जियो पेट्रोल पंप के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप की रफ्तार करीब 100 किमी प्रतिघंटा रही होगी।



### मृतकों के परिजन को 6-6 लाख रुपए देने का ऐलान

- मृतकों के परिजन को 6-6 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा- मृतकों के परिवारजन को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता के निर्देश दिए हैं। सभी घायलों का इलाज मुफ्त किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने एक्स पर लिखा- दुर्घटना में अपने प्रियजन को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए दिए जाएंगे। घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

### विधायक ने 50-50 लाख मुआवजे की मांग की

जयस के राष्ट्रीय संरक्षक और विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने मृतकों के परिजन को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में बेरोजगारी और अवैध परिवहन बड़ी समस्या है। ओवरलोड पिकअप वाहनों में मजदूरों को ठूंसकर ले जाया जाता है। कई बार शिकायत और सबूत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती। इसे रोकने के लिए सरकार को गंभीर कदम उठाने होंगे।


उत्तरप्रदेश में धूलभरी आंधी और बारिश ने उजाड़े कई घर

# कई जिलों में घटनाओं से 18 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, लेकिन बुधवार को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और आंधी ने कई जिलों में भारी तबाही मचा दी। दीवारें ढहने, पेड़ गिरने और अन्य हादसों में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में सुल्तानपुर शामिल है, जहां 7 लोगों की जान चली गई। अमेठी और अयोध्या में 3-3 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में 5 मौतें दर्ज की गईं। कई जगहों पर कच्ची दीवारें और मकान ढह गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिरने से इलाकों में अंधेरा छा गया।

सुल्तानपुर में तेज हवाओं की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई, जिससे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा की छत उड़ गई। अयोध्या में भी धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई, जहां पेड़ गिरने से एक वृद्धा समेत कई लोगों की मौत हो गई। अमेठी और अन्य इलाकों में भी इसी तरह के हादसे सामने आए। कुछ जिलों में ओले भी गिरे, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा। प्रशासन ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सक्रिय किया गया है। घायलों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।



### मौसम विभाग ने जारी किया था अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों में आंधी-बारिश और गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने का अलर्ट जारी किया था। लखनऊ समेत 10 जिलों में ओले गिरने की खबरें आई हैं। इस मौसम परिवर्तन से भीषण गर्मी में कुछ राहत मिली है, लेकिन जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेड़ उखड़ने से यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें, खासकर कच्चे मकानों और पेड़ों के नीचे न जाएं। आगे भी कुछ दिनों तक ऐसे मौसम की संभावना जताई जा रही है।

नागपुर के संघ मुख्यालय एवं मेट्रो में

# रेडियोएक्टिव पदार्थ डालने का दावा

### नागपुर के पुलिस आयुक्त को मिला गुमनाम पत्र, दोसर भवन चौक के पास डेटोनेटर रखने का भी किया गया दावा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट के नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाल स्थित मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर में रेडियोएक्टिव पदार्थ डाले जाने का दावा एक गुमनाम पत्र के जरिए किया गया है। यह पत्र नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्रकुमार सिंगल को भेजा गया। डीएसएस नामक संगठन ने यह पत्र भेजने का दावा किया है, जिसमें संघ के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया गया है। पत्र के सामने आते ही हड़कंप मच गया और एटीएस ने सभी जगहों पर जांच शुरू कर दी।

27 अप्रैल को डाक के माध्यम से पुलिस आयुक्त कार्यालय में यह पत्र पहुंचा। अंग्रेजी में लिखे इस पत्र में दावा किया गया है कि संघ मुख्यालय, रेशीमबाग में स्थित स्मृतिमंदिर और मेट्रो में सीजियम-137 नामक रेडियोएक्टिव पाउडर डाला गया है। पत्र में कहा गया कि यह पाउडर बेहद खतरनाक है और इससे कई स्वयंसेवक प्रभावित हो सकते हैं। पत्र भेजनें वालों ने यह भी दावा किया कि ऑरेंज और एक्वा लाइन की मेट्रो ट्रेन, साथ ही भाजपा-संघ कार्यालय के रास्ते पर चलने वाली आपली बस में भी यह पाउडर डाला गया है। मेट्रो की सीटों पर पाउडर डालने की बात भी कही गई है। पत्र में यह भी लिखा गया कि यह पाउडर उन्हें एक कैंसर अस्पताल से मिला और अब पूरा नागपुर रेडिएशन के खतरे में है। साथ ही तारापुर परमाणु ऊर्जा केंद्र के विशेषज्ञों से जांच कराने की बात भी कही गई है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि कुछ दिन पहले नागपुर शहर के दोसर भवन मेट्रो स्टेशन के पीछे डॉ. उज्ज्वल लांजेवार के घर के सामने खाली जगह से डेटोनेटर और जिलेटिन की छड़ें मिली थीं। इन्हें रखने की जिम्मेदारी भी पत्र लिखने वाले ने लेते हुए लिखा है कि यह सिर्फ एक चेतावनी थी, असली खेल अब शुरू हुआ है।




प्रारंभिक फॉरेंसिक जांच में खुलासा

# कान्हा में शावकों की मौत का कारण घातक वायरस

### 9 दिनों में बाघिन और 4 शावकों की जान गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडला

कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बाघिन और उसके चार शावकों की मौत की गुत्थी सुलझ गई है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में इन मौतों का कारण घातक 'केनाइन डिस्टेंपर वायरस' का संक्रमण बताया गया है।

कान्हा के डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में हुए परीक्षणों में वायरस के संकेत मिले हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटनाक्रम सरही परिक्षेत्र की बाघिन टी-141 और उसके परिवार से जुड़ा है। बाघिन के तीन शावकों की मौत 21 से 25 अप्रैल के बीच हुई थी। इसके बाद गंभीर रूप से बीमार बाघिन और उसके एकमात्र बचे शावक को रेस्क्यू कर मुक्की क्वॉरेंटाइन सेंटर में रखा गया, लेकिन 29 अप्रैल को दोनों ने दम तोड़ दिया।

- **श्वसन और तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है वायरस-** डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि केनाइन डिस्टेंपर वायरस एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से जंगली मांसाहारी जीवों के श्वसन, पाचन और तंत्रिका तंत्र को निशाना बनाती है। शुरूआत में शावकों के पोस्टमार्टम में पेट खाली मिलने और फेफड़ों में संक्रमण की बात सामने आई थी, जो इस वायरस के प्रमुख लक्षण हैं। यह वायरस बाघों के लिए अत्यधिक जानलेवा माना जाता है।
- **कुत्तों से जंगली जानवरों तक फैलता है वायरस-** जांच में सीडीवी की पुष्टि होने के बाद टाइगर रिजर्व प्रबंधन और विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। यह वायरस कुत्तों के माध्यम से जंगली जानवरों तक फैलता है और तेजी से संक्रमण फैलाता है। फिलहाल अंतिम पुष्टि के लिए कुछ और विस्तृत परीक्षण किए जा रहे हैं ताकि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।

# ईरान बोला- किसी हाल में न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ेंगे

### अमेरिकी ठिकाने खुद सुरक्षित नहीं, वे दूसरों को क्या बचाएंगे



एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने एक बयान जारी कर कहा कि उनका देश अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमता से किसी भी हाल में पीछे नहीं हटेगा। उनका यह लिखित बयान ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाया गया।

खामेनेई ने कहा कि ईरान अपनी परमाणु और मिसाइल ताकत को देश की संपत्ति मानता है और हर हाल में उसकी रक्षा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हॉर्मुज स्ट्रेट में अब एक नया दौर शुरू हो गया है, जो आगे चलकर इलाके में शांति, तरक्की और आर्थिक फायदा लाएगा। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका के सैन्य ठिकाने (बेस) इतने कमजोर हैं कि वे खुद की सुरक्षा भी ठीक से नहीं कर सकते। ऐसे में वे इस इलाके के दूसरे देशों को सुरक्षा देने का दावा कैसे कर सकते हैं।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर वैष्णो देवी से लौट रहे एमपी के श्रद्धालु

# चलती कार में लगी आग, 5 लोग जिंदा जले

एजेंसी ▸▸ जयपुर

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बीती रात एक दुखद हादसा सामने आया है। अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के मौजपुर के समीप एक चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। आग इतनी भीषण थी कि कार सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

इस दर्दनाक हादसे में 5 लोगों के कार के भीतर ही जिंदा जलने से मौत हो गई। कार में आग लगते ही चारों तरफ चीख-पुकार मच गई, लेकिन जब तक मदद पहुँचती, तब तक सब कुछ राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार, कार सवार सभी लोग मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे। ये सभी लोग जम्मू-कश्मीर स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन कर अपने घर वापस लौट रहे थे। खुशियों भरा सफर लक्ष्मणगढ़ के पास पहुँचते ही मातम में बदल गया। फिलहाल मृतकों की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है।



**चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान-** हादसे के वक्त कार की रफ्तार तेज थी। जैसे ही कार में आग की लपटें उठीं, कार चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए और बड़ी मशक्कत के बाद चलती कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हालांकि, वह अपने साथियों को बाहर निकालने में सफल नहीं हो सका।

बिल पास कराने के लिए मांगे 3.50 लाख रुपए, लोकायुक्त पुलिस ने किया था ट्रेप

# ढाई लाख की रिश्वत में तीन अधिकारी सस्पेंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए लोक निर्माण विभाग के तीन अधिकारियों को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। इस संबंध में मुख्यालय से आदेश जारी कर दिए गए हैं। निलंबित अधिकारियों में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जयदेव गौतम, एसडीओ टीके जैन और सब इंजीनियर अंशु दुबे शामिल हैं। तीनों के खिलाफ यह कार्रवाई लोकायुक्त पुलिस इंदौर की ट्रैप कार्रवाई के बाद की गई है।

लोकायुक्त टीम ने 21 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए जयदेव गौतम को पलासिया स्थित शासकीय आवास पर 1.5 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा था। वहीं एसडीओ टीके जैन को विभागीय कार्यालय परिसर में 1 लाख रुपए लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। सब इंजीनियर अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन तय रकम से कम मिलने पर उसने रिश्वत नहीं ली।



टीके जैन (एसडीओ) | जयदेव गौतम (कार्यपालन यंत्री) | अंशु दुबे (उपयंत्री)

### यह मामला धार के ठेकेदार की शिकायत पर सामने आया

यह मामला धार के ठेकेदार राजपाल सिंह पवार (संचालक, पटेल श्री इंटरप्राइजेस) की शिकायत पर सामने आया। पवार की फर्म ने वर्ष 2023 में करीब 4.73 करोड़ रुपए का सड़क निर्माण कार्य किया था। कार्य पूर्ण होने के बाद अंतिम बिल भुगतान के एवज में अधिकारियों ने 3.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने योजना बनाकर ट्रैप किया और दो अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ लिया। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय द्वारा विभाग को भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर राज्य शासन ने तीनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## रीवा के साहब की धूम

रीवा के साहब की धूम उज्जैन तक सुनी जा रही है। कभी उज्जैन में अनुभाग एवं दूसरे नंबर पर भी अपने प्रशासनिक काम में सख्ती के लिए उन्हें जाना जाता था। अब रीवा में धूम मचा रहे हैं। हाल ही में उनके द्वारा कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाई गई है जो कि सीधे आम आदमी से जुड़े हैं। आम आदमी की परेशानी को समझते हुए साहब की क्लास की चचाएं उज्जैन तक सुनी, देखी एवं पढ़ी जा रही हैं और निष्पक्ष रूप से उन पर प्रतिक्रिया भी दी जा रही है। साहब की प्रशासनिक कार्यपद्धति से परिचित उनके क्लास लेने के तरीके को भी अच्छी तरह से जानते हैं।




एक बार की क्लास में ही साहब पूरा पाठ सलीके से ही पढ़ाने के आदी हैं। उसी का परिणाम था कि उनके कार्यकाल के दौरान अनुभाग में कर्मचारी इस बात का पूरा ध्यान रखते थे कि आम आदमी प्रभावित न हो और काम बराबर चलता रहे। शिकायत एवं समस्या के स्तर तक मामला जाने पर क्लास लगने का भय उन्हें सताता था। रीवा के इतिहास में पहली बार एक नंबर के साहब को देखकर वहां के आमजन कह रहे हैं कि साहब समय के प्रति बड़े प्रतिबद्ध दिखाई दिये। जी हां... विलंब से कार्यालय आने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की उन्होंने जमकर क्लास लगाई और चेतावनी दी कि यह पहला अवसर है अतः आधे दिन का अवकाश स्वीकृत होगा, भविष्य में देरी से आने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। रीवा मुख्यालय पर तो साहब के इस एक्शन की चारों और चर्चा है और जिले के अंचल में भी ऐसी ही कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। खुसूर-फुसूर है कि सबसे ज्यादा प्रभावी संभाग के एक नहीं अनेकों जिले में कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पांच दिवसीय कार्यालय के बाद भी ऐसे हाल हैं कि आमजन को अपने कार्यों के लिए कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ रहा है उन्हे ढूंढकर निवेदन करना पड़ रहा है। स्वेच्छा से कोई काम आगे ही नहीं बढ़ता है।

## न्यूज कॉलम

### नृसिंह जयंती पर 6 दिन नौका विहार करेंगे राधा-कृष्ण

**उज्जैन।** नृसिंह जयंती पर उज्जैन के इस्कॉन मंदिर में महाअभिषेक महाआरती प्रसाद वितरण के साथ शाम को राधा-कृष्ण नौका विहार महोत्सव का भी भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर राधा कृष्ण भगवान को अपने हाथों से नौका विहार करवाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ द्वारा भगवान श्री नृसिंह देव के प्राकट्य दिवस नृसिंह जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज सुबह से कई कार्यक्रम हुए और ये दिन भर चलेंगे। दिव्य उत्सव में श्रद्धालुओं को भगवान नृसिंह देव की विशेष पूजा, अभिषेक, कथा एवं आरती में भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम परम पूज्य लोकनाथ स्वामी महाराज जी के दिव्य सान्निध्य में संपन्न होगा। श्रीमद्भागवत एवं नृसिंह कथा का विशेष प्रवचन दिया जाएगा।

### साई पुरसनाराम के भजनों से गूंजा सत्संग हॉल



**उज्जैन।** साईं पुरसनाराम के भजनों से पूरा सत्संग हॉल गूंज उठा। श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है कि जो साईं को पूजते हैं, वे निहाल हो जाते हैं और उनके दर पर खाली झोली लेकर आने वाला भक्त हमेशा झोली भरकर ही जाता है। इसी श्रद्धा भाव के साथ शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों के वार्षिक मेले के अंतर्गत गुरुवार 30 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि आयोजन में विशेष तौर पर सांभर से साध भगवान दास सपरिवार, सांभर से ही साध प्रदीप, जयपुर से साध राजू और कोटा से पुष्पा नारायण दास विशेष रूप से पधारे। साध मुकेश के अनुसार गुरुवार को दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। दोपहर 1 से 3 बजे तक गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में विशाल भंडारा आयोजित किया गया।

आयुक्त हरफनमौला बन उतरे मैदान में, सर्वे के तहत आमजन का फीड बैक लिया जाएगा

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन की कवायद तेज

## कचरा कलेक्शन से लेकर हर मुद्दे पर कर रहे नियंत्रण, इधर मवेशी मालिकों पर भी उनकी नजर तिरछी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन की कवायद एक बार फिर से तेज हो गई है। सर्वे के तहत आमजन का फीड बैक लिया जाएगा। शहर में कचरा कलेक्शन से लेकर थ्री आर एवं स्वच्छता सर्वेक्षण के बिंदुओं पर काम तेज हो गया है। युवा आयुक्त ने इसकी कमान संभाल रखी है और वे हरफनमौला बन मैदान में उतरे हुए हैं।

शहर में चल रहे आधा दर्जन चौड़ीकरण कार्यों के कारण इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में उज्जैन को अधिक मशक्कत करना पड सकती है। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने चौडीकरण के साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण के काम को भी गतिमान बनाया हुआ है। इसके लिए कचरा कलेक्शन से लेकर नागरिकों के फीड बेक के लिए वे खुद ही मैदान में उतरकर कार्य को अंजाम दे रहे हैं। अमानक पालिथीन को लेकर जनजागरूकता के लिए भी वे आमजन से सीधे संवाद कर रहे हैं। इधर मवेशी मालिकों पर भी उनकी नजर तिरछी हो गई है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिकायत मिलने पर एक पशु मालिक का बगैर नंबर का वाहन जप्त करवाया है।



### सुबह 6 बजे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण

नगर निगम द्वारा संचालित कचरा कलेक्शन वाहन अंतर्गत समस्त 54 वार्डों में 96 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों द्वारा घरों से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण किया जाता है निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को नित्य निरीक्षण के दौरान कचरा कलेक्शन वाहनो के वार्डो में नहीं पहुंचने की शिकायत प्राप्त होने पर निगम आयुक्त ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) का सुबह 6 बजे निरीक्षण किया। निगम आयुक्त द्वारा वीटीएस ट्रैकिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर से सभी 54 वार्डों में जीपीएस लाइव ट्रैकिंग के जरिए विस्तृत जानकारी लेकर वार्ड में डोर टू डोर कचरा वाहन कलेक्शन के ड्राइवर एवं दरोगा एवं सुपर वाइजर से लाइव वायर लैस के माध्यम से बातचीत कर कचरा कलेक्शन वाहन को समय से वार्डों में पहुंचने के निर्देश प्रदान करते हुए निर्धारित रूट से कलेक्शन वाहन वार्ड में पहुंचे निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि आईसीसीसी के सुपर वाइजर लाइव ट्रैकिंग जीपीएस के माध्यम से कचरा कलेक्शन वाहन एवं दरोगा को मॉनिटरिंग करें सॉफ्टवेयर में यदि कोई कचरा कलेक्शन वाहन अलर्ट मोड पर बताए तो सुपर वाइजर त्वरित निराकरण करें स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कचरा कलेक्शन वाहन में महिला हेल्पर, एनजीओ द्वारा कचरा कलेक्शन वाहनों में सहभागिता कर नागरिकों को अलग अलग कचरा संग्रहण के प्रेरित करें।

**नागरिकों का सकारात्मक सहयोग -** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत निगम आयुक्त के निर्देश पर समस्त वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन, स्वच्छता संबंधित गतिविधियां, स्वच्छता सकारात्मक फीडबैक संबंधित एनजीओ के द्वारा किया जा रहे है स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नागरिकों के सहयोग से घरों से निकलने वाला गीला एवं सुखा कचरा संग्रहण कलेक्शन वाहन में अलग अलग दिया जा रहा है। प्रतिदिन निरीक्षण के क्रम में निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्र 37 एवं वार्ड क्र 45 का निरीक्षण किया गया। वार्ड 37 में निगम आयुक्त द्वारा दरोगा से उपिस्थति रजिस्टर में सफाई मित्रों की विस्तृत जानकारी लेने के बाद वार्ड की समुचित सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों से संवाद किया गया। नागरिकों द्वारा बताया गया कि कचरा कलेक्शन वाहन में कचरे को सेग्रीगेशन कर कलेक्शन वाहन में दिया जाता है। निगम आयुक्त द्वारा दरोगा को निर्देशित किया गया छोटी छोटी गलियों में जहां कलेक्शन वाहन नहीं पहुंच पाता है। वहां पर हैंडगार्ड वाहन का प्रयोग करें वार्ड दरोगा द्वारा वार्ड की सफाई व्यवस्था की जानकारी लेकर खाली पड़े प्लाटों पर सफाई सुनिश्चित करे वार्ड 45 के विद्यापति कालोनी भार्गव नगर का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थित बावड़ी की सफाई कर उक्त बावड़ी को कायाकल्प कर सौंदर्यीकरण प्रदान करें।

### पशु मालिक का बगैर नंबर वाहन जप्त

निगम आयुक्त के वार्ड क्रमांक 45 में निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर पशु गैंग गाड़ी के पीछे दोपहिया वाहनों से पशु मालिक जो की गायों को पकड़ने में बाधा डालते हैं। इस पर उन्होंने पशु गैंग को निर्देशित किया कि पशु मालिकों पर कार्यवाही करें। कार्यवाही के दौरान पशु मालिक की बिना नंबर की दोपहिया वाहन को जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान पशु मालिक उक्त दोपहिया वाहन को छोड़कर भाग गया। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे पशु मालिक जो पशुओं को पकड़ने में बाधा डालते हैं उन पर कड़ी सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए शासकीय कार्य में बाधा के अंतर्गत एफआरआई दर्ज करवाएं।

करीब 8 वर्ष बाद इस बार जेष्ठ माह में अधिकमास का दुर्लभ संयोग

# 17 मई से 15 जून तक शादी, मुंडन गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कामों पर रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करीब 8 वर्ष बाद इस बार जेष्ठ माह में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) का दुर्लभ संयोग बन रहा है। पंचांग गणना के अनुसार 17 मई से अधिकमास मास की शुरूआत होगी, जो 15 जून तक चलेगा। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, तीर्थ यात्रा, सत्संग, कल्पवास, जप-तप, दान-पुण्य और पूजा-पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य के मुताबिक हिंदू पंचांग की गणना विक्रम संवत पर आधारित होती है और वर्तमान में विक्रम संवत 2082 चल रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकमास तब बनता है, जब पूरे चंद्र मास के दौरान सूर्य किसी नई राशि में प्रवेश नहीं करता। दरअसल, चंद्र मास और सौर मास की गणना में होने वाले अंतर को संतुलित करने के लिए हर 2 से 3 वर्ष में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास या पुरुषोत्तम



मास कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस माह में किए गए व्रत, जप, तप और दान का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक मिलता है।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार जेष्ठ माह को हिंदू पंचांग में विशेष प्रभावशाली माना गया है और इसका संबंध जेष्ठा नक्षत्र के पक्षीय अनुक्रम से भी जुड़ा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वर्ष 1988, 1999, 2007 और 2018 में जेष्ठ अधिकमास पड़ा था, जबकि अब 2026 में यह विशेष संयोग बन रहा है।

धर्माचार्यों का कहना है कि अधिकमास आत्मचिंतन, साधना और धार्मिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु भगवान विष्णु की विशेष आराधना कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### अधिकमास में ग्रहों का नक्षत्र राशि परिवर्तन भी होगा

17 मई से 15 जून के मध्य अधिकमास का प्रभाव रहेगा। इस दौरान रविवार को कृतिका नक्षत्र में वृषभ राशि के चंद्रमा में अधिकमास का आरंभ होगा। इसी दिन दोपहर में शनि रेवती नक्षत्र के पहले चरण में प्रवेश करेंगे। 18 मई को सर्वार्थ सिद्धि योग है उसके बाद मध्य रात्रि में अमृत सिद्धि योग। 19 मई को बुध ग्रह का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश व शुक्र का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश रवि योग रहेगा। 21 मई को गुरु पुष्य का योग रहेगा जो प्रातः 6 से लेकर अपर रात्रि तक रहेगा। 26 मई को बुध उदय पश्चिम दिशा में। 27 मई को अधिकमास एकादशी सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ में। 28 मई को प्रदोष। 29 मई को बुध मिथुन में मंगल का भरणी नक्षत्र में प्रवेश। 31 मई को शुक्र पुनवार्सु व राहु शतातारका केतु मघा में। 1 जून को गुरु कर्क राशि में मध्य रात्रि में प्रवेश करेंगे। 2 जून को बुध आर्द्रा में। 5 जून को सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः से पर्यंत 6 की सुबह तक। 8 जून जून को सूर्य मृगशिरा में एवं शुक्र का कर्क में शाम को। 9 जून को पुनः सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 9:30 से लेकर रात्रि पर्यंत । 11 जून को कमला एकादशी सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ बुध पुनर्वसु नक्षत्र में। 12 जून को प्रदोष व्रत सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 6:30 तक। 13 जून को मध्य रात्रि में अमृत सिद्धि योग। 14 जून को पितृ अमावस्या 12:00 बजे बाद दोपहर में। 15 जून को सोमवती अमावस्या पुरुषोत्तम मास पूर्ण सूर्य मिथुन में होगा। भगवान पुरुषोत्तम की साधना करें। अधिकमास साल 2026 में ज्येष्ठ माह का शुभारंभ 22 मई से होगा और यह 29 जून तक चलेगा। अधिमास का आगमन 17 मई रविवार को होगा और 15 जून 2026 सोमवार को समापन होगा।

# दिल्ली के गृहमंत्री और गोवा के कैबिनेट मंत्री महाकाल पहुंचे

## भस्म और दद्योदक आरती में शामिल हुए



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग राज्यों के मंत्री दर्शन के लिए पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई भस्म आरती में और दद्योदक आरती में शामिल होने के लिए दिल्ली सरकार के गृहमंत्री आशीष सूद महाकाल मंदिर पहुंचे।

गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई सुबह चार बजे मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल से भगवान महाकाल की भस्म आरती देखी और चांदी द्वार से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। सुबह 7:30 बजे होने वाली दद्योदक आरती में दिल्ली सरकार के गृह मंत्री आशीष सूद पहुंचे और नंदी हाल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

आरती के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सुभाष उत्तम फल देसाई और गृह मंत्री आशीष सूद का स्वागत किया गया।

गोवा के मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई ने कहा कि बहुत दिन से सोच रहा था दर्शन करने का। आज दर्शन बहुत अच्छे से हुए हैं। अपने जीवन काल में सभी की एक बार दर्शन के लिए आना चाहिए। सुभाष उत्तम ने मंदिर की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि मंदिर समिति यहां पर भक्तों को दर्शन आसानी से करवा रही है।

## संस्था के 6 वर्ष पूर्ण होने पर पुस्तक का विमोचन




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोशिएशन शा. तोमर उ.मा.विद्यालय उज्जैन द्वारा संस्था के 6 वर्ष पूर्ण होने पर पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम रखा गया था जिसने मुख्य अतिथि मुकेश यादव (उज्जैन प्राधिकरण उपाध्यक्ष), गिरजादेवी ठाकुर (प्रदेश महिला प्रमुख अखिल भारतीय सदस्य उज्जैन), डॉ. योगेश्वरी राठौर (वार्ड क्र.25 पार्षद), विजय चौहान (दोलतगंज मंडल अध्यक्ष), शकुंतला सोलंकी (संस्था अध्यक्ष) द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संस्था के बच्चों द्वारा मल्लखम्ब, रोप मल्लखम्ब एवं योगा की प्रस्तुति दी हुई। इस अवसर पर कमल राही, डॉ. संजय नागर, गोपाल राठौर, विकास गुप्ता, पारस यादव, जितेंद्र बारोड़,राजेश कोठार, सुमन नागर,संतोष सोलंकी (संस्था सचिव व कोच), सपना माली (संस्था उपाध्यक्ष) आदि मोजूद रहे।

उज्जैन में सिल्क एक्सपो के अंतिम दो दिन

# विवाह व समर सीजन के लिए खास ऑफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में आयोजित उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्सपो अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। आयोजन के अंतिम दो दिन 2 और 3 मई को रहेंगे, जिसमें सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए प्रवेश रहेगा। खास बात यह है कि इस एक्सपो में प्रवेश और पार्किंग दोनों ही निशुल्क रखे गए हैं, साथ ही ग्राहकों को 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी मिल रहा है।

यह एक्सपो विवाह और समर सीजन को ध्यान में रखते हुए



विशेष रूप से सजाया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए बुनकरों और कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित साड़ियों और सूट्स का आकर्षक कलेक्शन यहां उपलब्ध है। बनारसी, कांजीवरम, भागलपुरी टसर, कोलकाता मशलीन, जमावार, पटोला, कर्नाटक हैंडलूम साड़ियों के साथ जयपुरी कॉटन कुर्ती, लखनवी चिकन सूट और पंजाब के फुलकारी वर्क सूट भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं।

इसके अलावा एक्सपो में घरेलू सजावट और लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पाद भी बड़ी संख्या में प्रदर्शित किए गए हैं। भदोही के कारपेट, मार्बल की मूर्तियां, हैंडीक्राफ्ट आइटम, टेराकोटा, सहारनपुर का फर्नीचर और फैशन ज्वेलरी भी यहां आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आयोजन स्थल अभिनंदन परिसर गार्डन, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, देवास रोड पर स्थित है। आयोजकों के अनुसार, अंतिम दो दिनों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, ऐसे में शहरवासियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और पारंपरिक हस्तशिल्प व वस्त्रों की खरीदारी करें।

प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के लिए लाए गए संपदा-2 सॉफ्टवेयर के बावजूद

# उप पंजीयक दफ्तरों पर लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में भले ही प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के लिए लाए गए संपदा-2 सॉफ्टवेयर के बावजूद भ्रष्टाचार और तकनीकी खामियों की खबरें सामने आ रही हैं, जो इसके उद्देश्य पर सवाल उठाती हैं। उप पंजीयक दफ्तरों पर लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं।




उप-पंजीयक कार्यालयों के कर्मचारी अभी भी सेवा प्रदाताओं के माध्यम से रिश्वत ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 14.50 लाख से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं, लेकिन इनमें से पांच लाख से अधिक होल्ड कर की गईं। इनमें से 42,971 ऐसे भी मामले हैं जिनमें रजिस्ट्री को एक दिन से अधिक समय तक होल्ड में रखा गया। गौरतलब है कि संपदा-2 सॉफ्टवेयर को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। कहा गया था कि संपदा-2 से फर्जी रजिस्ट्री पर रोक लगेगी। सरकार ने रजिस्ट्री प्रक्रिया को संपदा-2 सॉफ्टवेयर के बाद पारदर्शी होने का दावा जरूर किया, लेकिन उप पंजीयक दफ्तरों पर लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। राजस्व मामलों के जानकारों की मानें तो संपदा-2 सॉफ्टवेयर आने के बाद ऐसे बहुत ही कम कारण हैं, जिनके चलते रजिस्ट्रियों को होल्ड किया जाए। वहीं दूसरी ओर प्रशासन के पास प्रदेश के कई जिलों पर उपपंजीयक कार्यालयों पर भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें पहुंचती रहीं।

### होल्ड करने के बनाए गए हैं नियम

संपदा-2 सॉफ्टवेयर में होल्ड करने के नियम बनाए गए हैं। यदि दस्तावेज में कोई कमी है तो उप पंजीयक उसे पक्षकार के पास वापस भेजेगा। उस कमी को पूरा करने के लिए कहेगा। यदि उप पंजीयक रजिस्ट्री पक्षकार को वापस नहीं कर रहे हैं तो उसे जिला पंजीयक के पास भेजना होगा। उसे भेजने का कारण भी बताना होगा। वहीं उप पंजीयक इन दोनों विकल्प का उपयोग नहीं कर रहे हैं। इसकी जगह अपनी आईडी पर रजिस्ट्री को होल्ड रख रहे हैं और सौदेबाजी कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में जो दस्तावेज होल्ड किए गए, उसमें सामने आया है कि उप पंजीयक की आईडी पर ही ये लंबित रहे हैं। एक उप पंजीयक को एक दिन में 3 रजिस्ट्री तक होल्ड करने का अधिकार है।

## सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्र. 40 की क्षेत्रीय पार्षद जानी बाई सतीश राठौर के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 13 लाख की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन गुरुवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा महामंत्री आनंद सिंह खींची, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, क्षेत्रीय पार्षद जानी बाई राठौर की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

## गुमशुदा की तलाश

**अजयसिंह सोनगरा पिता मंगलसिंह सोनगरा** घर अवन्तिपुरा, उज्जैन से 18 अप्रैल 2026 को रात को कहीं चला गया है। जो आज दिनांक तक लापता है। जिस किसी को भी अजय कहीं दिखे, नीचे दिये नंबर पर सूचित करें।

**मो.नं. -9926828227**



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

उज्जैन | शुक्रवार, 01 मई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी सबस्टेशन बानमोर (मुरैना) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सबस्टेशन की कार्यप्रणाली, वर्तमान लोड की स्थिति, कंट्रोल रूम के पैनल, बैटरी सेट तथा स्विचयार्ड में स्थापित विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से उपकरणों के मेंटेनेंस, सिस्टम की विश्वसनीयता तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने की तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पिछले वर्ष की तुलना में सबस्टेशन की क्षमता 70 एमवीए से बढ़ाकर 100 एमवीए किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बढ़ती गर्मी एवं उच्च विद्युत मांग को देखते हुए सभी आवश्यक तकनीकी एवं मेंटेनेंस कार्य समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनी रहे।



### कागजों से बाहर नहीं निकल पा रहीं विकास योजनाएं

# मध्यप्रदेश में विधायकों पर बढ़ने लगा जनता का दबाव...

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र में आगामी विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो साल से अधिक का समय बचा है, लेकिन राजनीतिक पार्टियों ने अभी से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। खासकर भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। ऐसे में विधायकों पर जनता का दबाव भी सरकार द्वारा चुनाव के समय जारी किए गए संकल्प पत्र और विधायकों के विजन डॉक्यूमेंट के वादे पूरे होने का जनता को बेसब्री से इंतजार है। कारण साफ है, विकास योजनाएं कागजों से बाहर नहीं निकल पा रहीं।

गौरतलब है कि विधायकों द्वारा प्रस्तुत विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से किए गए विकास के वादे अब जनता के लिए इंतजार का सबब बन गए हैं। मोहन यादव सरकार के कार्यकाल में इन वादों को पूरा करने के लिए 4 साल का रोडमैप (2024-2028) तैयार किया गया था, लेकिन अभी तक कई जगहों पर काम की गति धीमी है या भेदभाव के आरोप लग रहे हैं।

### विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं का पूरा खाका शामिल

हालिया रिपोर्ट्स और विधानसभा चचाओं से पता चलता है कि जहां सरकारें 2047 तक विकसित भारत राज्य का रोडमैप पेश कर रही हैं, वहीं विपक्ष और आम जनता पुराने वादों की जमीनी हकीकत पर सवाल उठा रही है। विजन डॉक्यूमेंट, 15 करोड़ रुपए की अधोसंरचना योजनाएं और खेल स्टेडियम जैसे अहम प्रोजेक्ट अफसरशाही की फाइलों में अटके हुए हैं जिससे विधायक अपने ही क्षेत्र में सवालों के घेरे में हैं।

प्रदेश सरकार ने प्रत्येक विधानसभा के लिए विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर रखा था। इसमें आने वाले वर्षों में क्षेत्रा की जरूरतों, विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं का पूरा खाका शामिल है। अधिकांश विधायकों ने यह दस्तावेज जमा भी कर दिया, लेकिन क्रियान्वयन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

### समन्वय की कमी और समीक्षा का अभाव

सरकार ने प्रत्येक विधानसभाका विजन डॉक्यूमेंट बनाया लगभग सभी विधायक इसे फाइल कर चुके हैं। यह डॉक्यूमेंट इस बात का पुलिंदा है कि आने वाले वर्षों में किसी विधानसभा क्षेत्र की क्या जरुरत होगी, वह कैसे पूरी होगी, उसका लाभ किन-किन देवों में होगा। इस आधार परे ही संबंधित विधनसभा में सरकार खर्च का रोडमैप बनाएगी। कई जनप्रतिनिधियों का कहना है कि संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी और समीक्षा के अभाव में यह महत्वपूर्ण योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

हालातों में सत्ताधारी दल के विधायकों को विजन डाक्यूमेंट के कामों को जमीन पर उत्तरने का बेसब्री से इंतजार है तो कुछ 15 करोड़ के कामों की पहली और दूसरी खेप का इंतजार कर रहे हैं। कई तीसरी खेप के लिए चकर काट रहे हैं। जबकि चुनाओं में पैठ बनाने वाले खेल मैदान के लिए भी चक्कर लगा रहे हैं।

उधर विरोधी दल के कई विधायक जनता के सामने सत्ता की कमजोरियां गिनाकर बेचने की जुगत में लगे हैं। विजन डाक्यूमेंट शुरू से ही विवादों में रहा है। विरोधी दल के विधायक भी हर साल 15 करोड़ के काम मांग रहे। खेल मैदान का निर्णय पंचायत विभाग, राजस्व और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बीच फंसा है। इन विभागों के अधिकारी समन्वय ही नहीं बना पा रहे। सेवानिवृत्त अधिकारियों कहना है कि विधानसभावार तैयार किए गए विजन डाक्यूमेंट की समीक्षा नहीं हुई, इसकी निगरणी अभी तक कोई नहीं कर पाया, इसलिए काम जमीन पर नहीं उतर सका।

### अधिकारियों की निष्क्रियता पड़ रही भारी

सत्ता दल और विपक्ष के कई विधायकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विजन डॉक्यूमेंट तो मंगवा लिया, लेकिन उस पर जिन अधिकारियों की काम करना था, वे नहीं कर पाये। सभी विधानसभाएं एक-दूसरे से जुड़ी है, बड़े कामों की मैपिंग भी होनी है यह भी काम नहीं हुआ। यही वजह है कि डॉक्यूमेंट के कामों को अमल में नहीं लखा जा रहा। रजनीतिक जानकारों के अनुसार, विजन डॉक्यूमेंट जैसी दीर्घकालिक योजना नियमित समीक्षा के अभाव में प्रभावी नहीं हो सकी। नतीजतन, यह कागजों तक सीमित रह गई। यदि जल्द ही इन योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा गया, तो आने वाले समय में यह मुद्दा राजनीतिक रूप से और बड़ाबन सकता है।

विपक्षी दल इसका फायदा ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार कई योजनाएं भी सरकार की किरकिरी कर रहीं है। अधोसंरचनात्मक विकास योजना के तहत 15 करोड़ रुपए के काम स्वीकृत किए जाने थे। कई विधासभा को ये काम देरी से मिले, कुछ ने पूरे नहीं किए। इसलिए अगली खेप के काम अटके हैं, जिन्होंने काम कराने में रुचि ली, उन्हें 15 करोड़ के कामों की दूसरी किस्त भी मिल गई। जिन्हें कुछ नहीं मिला ऐसे विपक्षी दल के नेता जनता में इस पर भेदभाव के आरोप लगा रहे हैं। प्रत्येक विधासभाओं में स्टेडियम बनने हैं। कुछ ने प्रस्ताव तो दिए, लेकिन 90 प्रतिशत जमीन की उपलब्धता में अटके हैं। इसलिए प्रस्ताव ही नहीं बने। विधायकों का कहना है कि ये काम हो जाते तो युवाओं में पैठ बनती, लेकिन विभाग के अधिकारी ही रुचि नहीं ले रहे है।

### शीशा तोड़कर कार से पिस्टल उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## 400 सीसीटीवी खंगालकर पुलिस ने किया खुलासा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भंवरकुआ थाना पुलिस ने शादी गार्डन की पार्किंग में खड़ी कार का कांच तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी गई लाइसेंसी पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित करीब 4 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, यह पूरी घटना 27 अप्रैल को मल्हार गार्डन, पालदा क्षेत्र में हुई थी, जहां एक शादी समारोह में शामिल होने आए फरियादी केशव सोनी की फॉर्च्यूनर कार को निशाना बनाया गया। अज्ञात बदमाश ने कार का कांच तोड़कर अंदर रखी लाइसेंसी पिस्टल और नकदी चोरी कर ली थी। मामले में भंवरकुआ थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## नामली में गोदाम के माल पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष

### धारदार हथियारों से हमला, कई घायल


**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

जिले के नामली थाना क्षेत्र में एक गोदाम पर कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में लोहे की रॉड और लात-घूसों का इस्तेमाल किया गया, जिससे एक ही परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रतलाम में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी दिलीप अग्रवाल निवासी नामली ने पुलिस को बताया कि उन्होंन कृषि उपज मंडी सामने एक गोदाम मनोहर वाडेल से किराए पर ले रखा है। 26 अप्रैल की रात करीब 9:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग उनके गोदाम में तोड़फोड़ कर रहे हैं। जब फरियादी अपनी भाभी अनिता अग्रवाल, भतीजी निकिता और भाई तेजकरण के साथ मौके पर पहुंचे, तो वहां आरोपी प्रदीप राठौर, मनीष राठौर, दिलीप राठौर और रमेश राठौर एक पिकअप में अनाज भरने की कोशिश कर रहे थे।

### गाली-गलौज के बाद हुआ हमला

जब फरियादी पक्ष ने गोदाम अपना होने की बात कही और उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने लोहे की नुकीली रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में दिलीप अग्रवाल के कान, कंधे और हाथ पर चोटें आईं। उनकी भाभी और भतीजी के साथ भी मारपीट की गई। बीच-बचाव करने आए भाई तेजकरण के दोनों हाथों और सीने पर गंभीर वार किए गए। फरियादी का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने धमकी दी कि यदि वे दोबारा गोदाम पर आए, तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। मौके पर मौजूद अन्य लोगों और परिजनों ने जैसे-तैसे बीच-बचाव कर घायलों को छुड़ाया और निजी वाहन से अस्पताल पहुँचाया। नामली पुलिस के जांच अधिकारी रामचंद्र बारोट ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।



## न्यूज कालम



### सोडल बाबा जन्मोत्सव, दो दिवसीय आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया

**हरसवाडा।** हरसवाडा के सोडल बाबा का जन्मदिन प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है,इस बार भी दो दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री जादम गुर्जर समाज के अंतर्गत मनाया जाएगा।बाबा का जन्मदिन मनाने के लिए बड़ी जोर शोर से तैयारियां हो चुकी है। इस भव्य आयोजन मे दूर दूर से भक्तगण सहित जनप्रतिनिधि सम्मिलित होते है। यह पर्व भक्तों के लिए विशेष होता है। जिसमे बाबा के भक्त बड़े उत्साह के साथ पर्व के रुपए मे मनाते है। जहां वे बाबा की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए लोग दूर दूर से इकट्ठा होते हैं और इस अवसर पर दो दिन बाहर से भजन गायकों को भी बुलाया जाता हैंऔर पूरा गांव भजनों में झूम उठता हैं बाबा सोडल देव का उत्सव का माहौल सोडल बाबा हरसवाडा,भूईफल, गुर्जर बड़िया (मध्य प्रदेश) में भक्तों द्वारा जन्मदिन पर उत्साहपूर्ण आयोजन किया जाता है। भक्ति और विश्वास से बाबा सोडल को दैवीय शक्तियों वाला माना जाता है, और उनके प्रति भक्तों में गहरा विश्वास है।समुदाय की भागीदारी स्थानीय गुर्जर समाज और आसपास के श्रद्धालु इस पावन अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस वर्ष यह आयोजन आगामी 29 अप्रेल को बाबा के दरबार मे खाटूश्याम भजन पूज्य जीजी गोरी अग्रवाल के गीतों की प्रस्तुतिया दी गई ।वही अगले दिन यानि कल 30 तारीख को निमाड़ी भजनो कि पूज्य बालकृष्ण धनगर ने प्रस्तुतिया दी। और 1 अप्रैल को बाबा की भव्य व दिव्य यात्रा निकले गी वहीं रात 12 बजे आतिश बाजी के साथ बाबा सोडल देव की भव्य काकड़ आरती होगी ।

### बिना बीमा व बिना हेलमेट वाहन चालकों पर आर टी ओ ने की कार्रवाई



**आलीराजपुर।** झाबुआ-अलीराजपुर रोड स्थित आरटीओ कार्यालय के सामने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के मार्गदर्शन में आरटीओ अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा द्वारा बिना बीमित दोपहिया वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत करीब 50 से अधिक मोटरसाइकिलों की जांच की गई, जिनमें से 7 वाहन बिना बीमा के संचालित पाए गए। ऐसे वाहनों को जब्त कर वाहन मालिकों को नया बीमा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं, 13 ऐसे वाहन चालक भी पाए गए जिनकी मोटरसाइकिलें नई थीं, लेकिन वे बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। इन सभी पर कुल 3900 रुपए का चालान किया गया। आरटीओ अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा के अनुसार इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और दुर्घटना की स्थिति में वाहनों का वैध बीमा सुनिश्चित करना है, ताकि नियमों के अनुसार पीड़ितों को प्रतिकर राशि मिल सके।उन्होंने कहा आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे साथ ही उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री ने 60 मेगावाट के सोलर प्लांट का लोकार्पण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर




जलूद में 271 करोड़ की लगात से बने 60 मेगावाट के सोलर प्लांट का मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित किया जिसके पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने मुख्यमंत्री को गौ माता की मूर्ति भेट की।

इंदौर नगर निगम के द्वारा बने इस प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा भारत सरकार के योजना के माध्यम से इंदौर नगर निगम ने लोगों को इस परियोजना में भागीदार बनाया है। जिसमें एक-एक लाख के 10 लाख के बॉन्ड देश के किसी भी जगह पर रहने वाला व्यक्ति खरीद सकता है। जिस पर सालाना 8 प्रतिशत का प्रॉफिट मिलेगा। कोई इसे बेचना भी चाहे तो बेच भी सकता है। वहीं ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से बनने वाली यह देश की पहली परियोजना है। इसमें 42 करोड़ रुपए भारत सरकार भी देगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की तत्कालीन सरकार को बिजली, सड़क की दुर्गति पर भी खूब कोसा।

उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस सरकार में किस तरह सड़कों में गड्ढे हुआ करते थे और पूरा प्रदेश बिजली कटौती से जूझता था। तब न बिजली, न सड़क, न पानी मिलता था। लेकिन आज मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल गई है। बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है और आने वाले समय में हम किसानों को दिन में बिजली देने की ओर बढ़ रहे हैं।पुष्यमित्र भार्गव ने कहा जलूद और मंडलेश्वर का इंदौर पर ऋण हैं।

इस भूमि ने केवल जल ही नहीं ऊर्जा के क्षेत्र में इंदौर नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग दिया है। उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए कहा इस प्रोजेक्ट में देश के 28 राज्यों का 750 करोड़ रुपया ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से आया है। जबकि हमें 250 करोड़ रुपए की ही आवश्यकता थी। महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने मंच से कहा हमने अहिल्या कारीडोर मांगा था, मुख्यमंत्री ने उसकी स्वीकृति दी और आज उसका काम चालू हो गया। 25 सौ करोड़ का बायपास मांगा, बड़वाह-धामनोद रोड के प्रभावित किसानों के लिए 3 गुना मुआवजा मांगा मुख्यमंत्री ने उसे 4 गुना करके स्वीकृत किया।कार्यक्रम में मंच पर सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी, मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सचिन बिरला, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, गोलू शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे,जिला महामंत्री विवेक भटोरे, हरे सिंह चावड़ा, डॉ बद्रीप्रसाद पाटीदार ,मंडलेश्वर मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार,वरिष्ठ नेता सतीशचंद्र मोयदे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश बर्वे ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, ब्रह्मदत्त चौहान,अनिरुद्ध हलवे सहित इंदौर नगर निगम के पार्षद और इंदौर-खरगोन जिले के भाजपा कार्यकर्ता मंच पर उपस्थित थे।

# होनहार विद्यार्थियों ने बीसीए तृतीय वर्ष की परीक्षा परिणाम में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की

**मंडलेश्वर।**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा आयोजित बीसीए तृतीय वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय की होनहार बालिका कु. खुशी विजय ठाकुर ने 8.95 सीजीपीए अंक प्राप्त कर प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान अर्जित कर महाविद्यालय के साथ संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। और कु.रितिका गजेंद्रसिंह राठौर 8.77 सीजीपीए अंक प्राप्त कर विश्व विद्यालय की प्रवीण्य सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। दोनों होनहार छात्राओं की प्रशंसनीय सफलता पर महाविद्यालय संचालक बी.एम. पाटीदार ने बालिकाओं की महत्वपूर्ण सफलता पर पालकों के अटूट विश्वास की सराहना की तथा रैंकर्स को बधाई दी और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने बधाई देते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर के स्वर्णिम इतिहास में दो चमकते सितारें और जुड़ गए हैं, दोनों बालिकाओं के साथ-साथ सभी अनुभवी प्राध्यापकों को भी बधाई दी। प्रो. कनुप्रिया बर्वे, प्रो. गोपाल सोनवे, प्रो.सौम्या कसेरा एवं सहयोगी कमलेश पाटीदार, अजय गीते, विजय राठौड़, लोकेश पाटीदार, राहुल शर्मा, राजेश पटेल आदि महाविद्यालय परिवार ने दोनों बालिकाओं को भी अभुतपूर्व सफलता पर बधाई दी।



# मकान सूचीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल से जनगणना कार्य निदेशक श्री कार्तिकेय गोयल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण (1 मई से 30 मई) की समीक्षा गई। बैठक में आगामी जनगणना को पूर्णतः डिजिटल मोड में संपादित करने तथा 1 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण कार्य के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जनगणना कार्य निदेशक श्री गोयल ने मकान सूचीकरण ब्लॉकों (।रुक्ष) के गठन एवं सीमांकन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र पावती सहित वितरित किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एचएलबी की सीमाएं पूरी तरह स्पष्ट हों तथा केवल त्रुटिपूर्ण मानचित्रों का ही पुनः निर्माण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक की पहचान शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो। १-३ मई तक सभी क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार भवन नंबरिंग एवं जनगणना मकान को चिह्नित कर लेआउट मैप का रफ ड्राफ्ट तैयार करना सुनिश्चित करे। जनगणना 2027 के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी तथा शहरी क्षेत्रों में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरंतर निरीक्षण व कार्य की गुणवत्ता की जांच की।

# जिले के कतरगांव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल यानी 29 अप्रैल को जो कहा था, वैसा ही 30 अप्रैल को किया। उन्होंने कहा था कि वे किसी भी गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक दौरा कर सकते हैं और, हुआ भी यही। वे आज सुबह अचानक खरगोन जिले के कतरगांव में बनाए गए उपार्जन केंद्र के निरीक्षण लिए पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां किसानों से चर्चा की और उनके साथ चाय भी पी। इसके अलावा उन्होंने केंद्र से संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में २९ अप्रैल को रात्रि विश्राम किया था।उधर, सरकार ने किसानों के लिए उपार्जन केंद्रों पर छाया, बैठक और कई अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की है। अब किसान जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय कर सकते हैं। इतना ही नहीं, किसानों को गेहूं की तौल के लिए इंतजार नहीं करना पड़े इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है। सरकार जिलों में और भी तौल कांटे बढ़ा रही है। सरकार ने चमक विहीन गेहूं की सीमा भी 50 प्रतिशत कर दी है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है।

# 9 मई को कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर में लगेगी लोक अदालत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

वर्ष 2026 की द्वितीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 शनिवार को कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर में होना है। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तनवीर अहमद खान ने कहा कि लोक अदालत में पारिवारिक मामलों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करवाना एक सशक्त माध्यम है। इससे न किसी की जीत होती है न किसी की हार।

उन्होंने बताया कि आपसी समझौतों के आधार पर न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के मुकदमे जैसे भरण पोषण संबंधी धारा 144 (125 द.प्र.स.) एवं 146 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, धारा 144 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भरण पोषण राशि की वसूली, धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम, मुस्लिम वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौतों के आधार पर कराकर लाभ उठाया जा सकता है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है जिसकी कोई अपील नहीं होती है। कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर के प्रधान न्यायाधीश तनवीर अहमद खान ने हाई कोर्ट जबलपुर द्वारा पदस्थ कुटुंब न्यायालय के परामर्शदाताओं वरिष्ठ काउंसलर महेंद्र जैन, संदीप शर्मा, अलमास खान की एक बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए गए कि पारिवारिक प्रकरणों में आपसी समझौते व मध्यस्थता के आधार पर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण हो, यही लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इससे पक्षकारों को बार-बार न्यायालय नहीं आना पड़ता, समय की बचत होती है, आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलता है और दोनों परिवार में सामंजस्य का वातावरण बनता है। पक्षकारों से अपेक्षा है कि 9 मई 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवाने में सहयोग प्रदान करें एवं इस सुअवसर का लाभ उठावे।



# बुरहानपुर में 26 अप्रैल से 10 मई तक सड़क सुरक्षा अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा 26 अप्रैल से 10 मई तक व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं और महिला चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है।

अभियान के तहत सभी थाना और चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर रही हैं। वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों के पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं और समझाइश दी जा रही है। बाइक चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की जा रही है।

दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है, क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली चोटें अक्सर जानलेवा साबित होती हैं। हेलमेट न केवल चोट की गंभीरता को कम करता है, बल्कि जीवन बचाने का सबसे प्रभावी साधन भी है।

गुरुवार को यातायात थाना के सहायक उप निरीक्षक अजीतसिंह जाट और उनके स्टाफ ने मुख्य चौराहे पर यातायात संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वाहन चालकों को अभियान से संबंधित पंपलेट बांटे गए और उनसे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया, जो न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक सिग्नल का महत्व बताया गया। हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, नशे की हालत में वाहन चलाने के खतरे, नाबालिगों को वाहन न देने की जिम्मेदारी, राहवीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना की जानकारी दी गई।

# 30 बिस्तरों वाले दो वार्डों तथा ग्राउंड फ्लोर तक रैंप निर्माण कार्य का भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

मंगलवार को विधायक सचिन बिरला एवं जन प्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि 30 बिस्तरों वाले अतिरिक्त वार्डों के निर्माण से शासकीय अस्पताल की क्षमता 70 बिस्तर की हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों तक करने की मांग की गई है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शासकीय अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ.एएस चौहान एवं डॉ.विजय कोरी ने कहा कि अस्पताल को अतिरिक्त वार्डों एवं रैंप निर्माण की लंबे समय से आवश्यकता थी।इन सुविधाओं के जुड़ने से रोगियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। विधायक की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑडिट आपत्ति के अनुसार अस्पताल की दुकानों के किराएदारों से मुद्रांक शुल्क की वसूली,अस्पताल में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 100 एचपी के ट्रांसफार्मर की स्थापना,अस्पताल में नवीन ड्रेनेज लाइन,डॉक्टरों एवं स्टाफ के लिए क्वार्टर निर्माण और ओपीडी शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये किए जाने पर चर्चा की गई।

विधायक ने सीएमओ को अस्पताल में ड्रेनेज लाइन डालने के निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल में 100 एचपी के ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी। बैठक में पुराना अस्पताल भवन तोड़कर डॉक्टरों के और स्टाफ के लिए आवासीय क्वार्टर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहेगा प्रतिबंध

**रतलाम।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय के आदेश के परिपालन में भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जाएगा। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित रहेंगे।

### 8 साल बाद ज्येष्ठ माह में पड़ेगा अधिकमास

# 17 मई से 15 जून तक शादी, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कामों पर रोक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

करीब 8 वर्ष बाद इस बार जेष्ठ माह में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) का दुर्लभ संयोग बन रहा है। पंचांग गणना के अनुसार 17 मई से अधिकमास मास की शुरूआत होगी, जो 15 जून तक चलेगा। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, तीर्थ यात्रा, सत्संग, कल्पवास, जप-तप, दान-पुण्य और पूजा-पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य अमर डिब्बेवाला के मुताबिक हिंदू पंचांग की गणना विक्रम संवत पर आधारित होती है और वर्तमान में विक्रम संवत 2082चल रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकमास तब बनता है, जब पूरे चंद्र मास के दौरान सूर्य किसी नई राशि में प्रवेश नहीं करता। दरअसल, चंद्र मास और सौर मास की गणना में होने वाले अंतर को संतुलित करने के लिए हर 2 से 3 वर्ष में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस माह में किए गए व्रत, जप, तप और दान का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक मिलता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार जेष्ठ माह को हिंदू पंचांग में विशेष प्रभावशाली माना गया है और इसका संबंध जेष्ठा नक्षत्र के पक्षीय अनुक्रम से भी जुड़ा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वर्ष 1988, 1999, 2007 और 2018 में जेष्ठ अधिकमास पड़ा था>

# दिल्ली के गृहमंत्री और गोवा के कैबिनेट मंत्री महाकाल पहुंचे

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग राज्यों के मंत्री दर्शन के लिए पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई भस्म आरती में और दद्योदक आरती में शामिल होने के लिए दिल्ली सरकार के गृहमंत्री आशीष सूद महाकाल मंदिर पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई सुबह चार बजे मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल से भगवान महाकाल की भस्म आरती देखी और चांदी द्वार से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। सुबह 7.30 बजे होने वाली दद्योदक आरती में दिल्ली सरकार के गृह मंत्री आशीष सूद पहुंचे और नंदी हाल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। आरती के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सुभाष उत्तम फल देसाई और गृह मंत्री आशीष सूद का स्वागत किया गया। गोवा के मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई ने कहा कि बहुत दिन से सोच रहा था दर्शन करने का। आज दर्शन बहुत अच्छे से हुए हैं। अपने जीवन काल में सभी की एक बार दर्शन के लिए आना चाहिए। सुभाष उत्तम ने मंदिर की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि मंदिर समिति यहां पर भक्तों को दर्शन आसानी से करवा रही है।

# उप निरीक्षक देवड़ा का सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पुलिस महकमे के उप निरीक्षक वीरसिंह देवड़ा के सेवानिवृत्ति की आयु पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत द्वारा देवड़ा का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति की बधाई दी गई।

अधिकारियों ने इस दौरान उनके परिवार की कुशलक्षेम पूछते हुए अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया द्वारा किया गया। विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार, रक्षित निरीक्षक श्री मोहन भर्रावत, मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी के परिजन उपस्थित रहे।

### बुध पूर्णिमा पर पशु वध करना प्रतिबंधित रहेगा

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 1 मई शुक्रवार बुध पूर्णिमा पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त अनिल भाना ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवस को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाने पर होगी कार्यवाही।

खास न्यूज

## अवैध चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**उज्जैन।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नीलगंगा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध खटकेदार चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर पश्चिम) गुरुप्रसाद पाराशर और नगर पुलिस अधीक्षक (माधवनगर) दीपिका शिंदे के निर्देशन में की गई। पुलिस को सर्कल भ्रमण और गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर सफलता मिली।

पहला मामला 29 अप्रैल को नीलगंगा चौराहे का है, जहां हरिफाटक ब्रिज के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति के चाकू लेकर घूमने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रमन मालवीय (29), निवासी एकता नगर को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ।

दूसरे मामले में हनुमान नाका क्षेत्र से सूरज उर्फ बारिक (36), निवासी जबरन कॉलोनी को पकड़ा गया। वह वाकणकर ब्रिज के पास संदिग्ध हालत में घूम रहा था। उसके पास से भी चाकू जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी वारदात की तैयारी में था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके।

## ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**उज्जैन।** नगर निगम प्रशासन ने ई-अटेंडेंस प्रणाली का पालन नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 29 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे तक उपस्थिति दर्ज नहीं कराने पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। नोटिस प्राप्त करने वालों में आदेश परिहार (प्रभारी सहायक संपत्ति कर अधिकारी, जोन-01), भरत मालवीय (प्रभारी सहायक संपत्ति कर अधिकारी, जोन-03), रविंद्र सिंह राणा (प्रभारी वसूलीकर्ता, जोन-01), संजय सिंह पवार (सहायक राजस्व निरीक्षक, जोन-02), रामेंद्र देवधरे (प्रभारी वसूलीकर्ता, जोन-02) तथा बबलू फतरोड़ (प्रभारी वसूलीकर्ता, जोन-05) शामिल हैं।

प्रशासन के अनुसार कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित है और सभी कर्मचारियों के लिए समय पर उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद संबंधित कर्मचारियों द्वारा 11 बजे तक ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की गई, जिसे कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और आदेशों की अवहेलना माना गया है। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत है। इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक दिन के वेतन काटने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## कलेक्टर सिंह ने पर्यवेक्षक को निलंबित किया

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति व पोषण समिति की विशेष बैठक में पोषण अभियान की समीक्षा में अनुपस्थित पर्यवेक्षक श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव का निलंबन करते हुए जिला समन्वयक श्री रोहित हिरवे की सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही 13 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है। इनमें श्रीमती अर्चना दलाल, श्रीमती प्रीति कटारा, श्रीमती रीना सोलंकी, श्रीमती नीलम सेठिया, श्रीमती अनुपमा मंडावी, श्री मनोज जाट , श्री मुकेश वर्मा, सुश्री प्रियंका जायसवाल, श्रीमती ज्योत्सना दीक्षित, श्रीमती सुलोचना सेनी पर्यवेक्षक, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव,श्रीमती प्रेमलता ठाकुर पर्यवेक्षक , श्रीमती हितेश कुंवर पर्यवेक्षक के नाम शामिल हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग दो बीएमओ डॉ शिवराज कौशल और डॉ श्री वर्मा के विरुद्ध सेवा पुस्तिका में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज करने के लिए भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किया गया है।कलेक्टर द्वारा आगामी समीक्षा बैठक के पूर्व लक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु समस्त अधिकारियों को मैदानी क्षेत्र में सुबह से पहुंचकर लगातार सुधार हेतु आदेशित किया है तथा सुधार न आने पर कठोर कार्यवाहीं की चेतावनी दी है।

**माधव क्लब रोड के रेस्टोरेंट में करंट लगने से कर्मचारी की मौत:** माधव क्लब रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है, जब वह काम के दौरान हादसे का शिकार हो गया।नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान गोपाल पिता रामजी (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम गवड़ा पाल, उदयपुर के रूप में हुई है। वह उज्जैन में समतारा रेस्टोरेंट में काम करता था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256/3 | 269/7 |
| मिलन डे | 388/9 | 340/7 |
| मिलन ना | 469/9 | 268/6 |
| मधुर डे | 588/1 | 130/4 |
| मधुर ना | 570/2 | 289/9 |
| कल्याण ना | 224/8 | 145/0 |
| मैन बाजार | 145/0 | 188/70 |
| | शुभांक | |
| 3 | 6 | 7 |

मोहन नगर क्षेत्र से मंडी गोदाम संचालन बना परेशानी का कारण, पटिए लगाकर गाड़ियां भरने से निगम की संपत्ति को नुकसान

# पिछले गेट पर निगम की व्यापारियों एवं मंडी प्रशासन से तनातनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कृषि उपज मंडी के मोहन नगर क्षेत्र में गोदाम के पिछले गेट से संचालन नगर निगम के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। गोदाम संचालन से नगर निगम की संपत्ति को नुकसान होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर गुरूवार को कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम की टीम एवं मंडी प्रशासन में तनातनी हुई है। निगम गैंग ने यहां लोडिंग अन लोडिंग के लिए बने स्ट्रक्चर जब्त किए हैं। मंडी प्रशासन ने कार्रवाई को गलत बताया है।

जानकारी के अनुसार, कृषि उपज मंडी से जुड़े कतिपय व्यापारी कथित रूप से मंडी परिसर में मोहन नगर क्षेत्र में बने गोदाम में पिछले दरवाजों से माल लाने ले जाने का काम करते हैं। इस गतिविधि से वहां बनाए गए नगर निगम के फूटपाथ एवं रैलिंग को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। साथ में मंडी के राजस्व को भी पिछला दरवाजा दिखाया जा रहा है। गुरूवार को अपरांह में इसे लेकर नगर निगम झोन अधिकारी सुनील जैन के साथ पहुंची टीम जब व्यापारियों के लोडिंग अन लोडिंग के स्ट्रक्चर जब्त करने पहुंची तो मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों के साथ निगम टीम में तनातनी की स्थिति बन गई।

### रैलिंग पर पटिया लगाकर लोडिंग-अनलोडिंग

गुरूवार को शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम ने कृषि उपज मंडी के पीछे मोहन नगर स्थित गोदामों पर पहुंची। जहां उन्हें कई अनियमितताएं सामने आई, नगर निगम द्वारा वहां पर फुटपाथ और रैलिंग का निर्माण किया गया है। व्यापारियों द्वारा उसके ऊपर से पटिए लगाकर गाड़ियां भरी जा रही हैं। जिसकी वजह से कई जगह रैलिंग उखड़ गई और कई जगह रैलिंग ढीली हो गई। जिसके चलते निगम टीम द्वारा पटिए जप्त कर चलानी कार्यवाही की गई और मंडी प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया गया।



### निगम अधिकारी के साथ अभद्रता

नगर निगम की टीम जोनल अधिकारी सुनील जैन के साथ स्थल पर मोहन नगर क्षेत्र में गोदामों पर पहुंची थी। यहां पर व्यापारियों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई और कार्यवाही में बाधा पैदा की गई। निगम की और से मंडी परिसर से गोदाम संचालित करने की बात पर व्यापारी आक्रोशित हो गए और अभद्रता से कहा गया कि हम तो यहीं से करेंगे। निगम द्वारा चलानी कार्यवाही को लेकर व्यापारियों ने साफ कहा कि हम रुपए जमा नहीं करेंगे।

> -बराबर निगम की शासकीय संपत्ति को नुकसान की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में कार्रवाई करने पर बाधा पैदा की गई। चालान बनाने पर अभद्र भाषा का उपयोग किया गया। मंडी के पिछले गेट को लेकर उप संचालक मंडी बोर्ड ने भी यहां बाउंड्रीवाल बनाने की सहमति दी है। इसके लिए निगम ने स्वीकृति कर वर्क आर्डर भी जारी किया है।
>
> **-सुनील जैन, जोनल अधिकारी,नगर निगम, उज्जैन**
>
> निगम टीम व्यापारी के यहां कार्रवाई के लिए पहुंच गई। उनके पास रैलिंग तोडने एवं अन्य किसी बात का प्रमाण नहीं है मात्र शिकायत के स्तर पर कार्रवाई कर रहे थे। गोदाम के पिछले गेट सालों से चल रहे हैं। मंडी बोर्ड के आदेश की जानकारी मुझे नहीं हैं।
>
> **-राजेश गोयल ,सचिव कृषि उपज मंडी समिति, उज्जैन**

# चिंतामण ब्रिज से शिप्रा नदी में कूदकर जान देने वाले युवक की हुई पहचान

## बहन के साथ उज्जैन आया था छात्र, पुल से लगाई थी छलांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चिंतामण मार्ग स्थित शिप्रा नदी में बुधवार शाम एक युवक ने पुल से कूदकर जान दे दी। देर शाम शिप्रा तैराक दल और होमगार्ड जवानों ने शव को बाहर निकाला, लेकिन उस समय उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। करीब 24 घंटे बाद युवक की पहचान अंकित पिता विनोद पाटीदार, निवासी ग्राम सुवासा के रूप में हुई।

### जंतर मंतर के पास कार से उतरा, बहन से कहा–दोस्त से मिलने जा रहा हूं

जानकारी के अनुसार अंकित अपनी बड़ी बहन ज्योति और बुआ के साथ उज्जैन आया था। शाम को जंतर मंतर के पास वह यह कहकर कार से उतर गया कि उसका दोस्त आने वाला है और दोनों साथ में कॉलेज जाएंगे। इसके बाद वह सीधे निमार्णाधीन चिंतामण ब्रिज पहुंचा और वहां से नदी में छलांग लगा दी।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने दी पुलिस को सूचना

कुछ लोगों ने युवक को नदी में कूदते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने शिप्रा तैराक दल और होमगार्ड की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।





### मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

उधर, देर शाम तक अंकित का मोबाइल बंद आने पर परिजन चिंतित हो गए और इंगोरिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। इसी दौरान नीलगंगा थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली, जिसकी रात करीब 11:30 बजे पहचान अंकित पाटीदार के रूप में हुई।

### पुराने सड़क हादसे के बाद से मानसिक दबाव में था छात्र

परिजनों के अनुसार करीब पांच साल पहले हुए एक सड़क हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी दबाव के चलते उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

अंकित पाटीदार कॉलेज में सेकंड ईयर का छात्र था। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

# नृसिंह घाट के प्राचीन मंदिर में नृसिंह जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब



## दिनभर दर्शन के लिए लगी रही श्रद्धालुओं की कतार, प्रसाद वितरण और धार्मिक आयोजनों से गूंजे मंदिर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





नृसिंह जयंती के पावन अवसर पर शहर के नृसिंह घाट स्थित प्राचीन मंदिर में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान नृसिंह के विग्रह की एक झलक पाने के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जो देर रात तक जारी रहा। भक्तजन दर्शन कर भगवान से वर्षभर सुख-समृद्धि और रक्षा की कामना करते नजर आए।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं को खीर, भजिए और श्रीखंड का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया।

इसी तरह सराफा स्थित नृसिंह मंदिर में भी विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। यहां भगवान नृसिंह के स्वरूप को आकर्षक रूप में सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से एक बालक को भगवान नृसिंह के बाल स्वरूप में सजाया गया, जो श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र रहा।

पूरे दिन शहर के नरसिंह मंदिरों में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए पुलिस का टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम

## वीआईपी प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष फोकस, अधिकारियों को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए उज्जैन पुलिस द्वारा आयोजित टीओटी (ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स) प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण सत्र गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवहारिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के पहले सत्र में सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षक मेघा जेठवानी ने मानव व्यवहार विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने भीड़ के मनोविज्ञान, आपात स्थिति में लोगों की प्रतिक्रिया और भीड़ प्रबंधन के प्रभावी तरीकों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी।



इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर ने ध्यान (मेडिटेशन) सत्र कराया। इसमें प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन और श्वास-प्रश्वास तकनीकों का अभ्यास कराया गया। साथ ही उन्होंने श्वद्ध मूवमेंट और आवास व्यवस्था के दौरान सुरक्षा और समन्वय के जरूरी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

अगले सत्र में सीएसपी नानाखेड़ा श्वेता गुप्ता ने VIP रूट प्लानिंग और आवास प्रबंधन पर तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने VIP मूवमेंट के दौरान रूट तय करने, वैकल्पिक मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की प्रक्रिया समझाई।

इसी क्रम में एडीसीपी इंदौर सीमा अलावा ने सिंहस्थ 2016 के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बड़े आयोजनों में पुलिस के व्यवहार, संवाद कौशल, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और आम लोगों से बेहतर संचार के महत्व को बताया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को पूरी तरह तैयार करना है, ताकि सिंहस्थ 2028 के दौरान किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ऐसे प्रशिक्षण, समन्वय बैठकें और मॉक ड्रिल लगातार आयोजित की जा रही हैं।

# पार्श्वनाथ सिटी के भूखंडों की कुर्की, नीलामी प्रक्रिया शुरू

## 62 लाख से अधिक संपत्तिकर बकाया; बिना अनुमति खरीद-फरोख्त करने पर होगी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ सिटी में लंबे समय से बकाया संपत्तिकर को लेकर नगर निगम ने सख्त कदम उठाए हैं। वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक कुल 62,54,486 रुपए का संपत्तिकर बकाया होने के बावजूद संबंधित द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई।

नगर निगम द्वारा समय-समय पर बिल, मांग पत्र और शक्ति पत्र जारी किए जाने के बाद भी भुगतान नहीं होने पर अब निगम के संपत्ति कर विभाग, जोन क्रमांक 06 ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत पार्श्वनाथ कॉलोनी के प्लॉट क्रमांक A-45, B-88, B-136 और D-114 को कुर्क करते हुए उनकी नीलामी की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

नगर निगम ने आम नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि इन भूखंडों का क्रय-विक्रय बिना निगम की अनुमति के न करें। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और उसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्ति की होगी।

# पत्नी के हत्यारे पति को न्यायालय ने दिया आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन न्यायालय विकास चौहान अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा दोषी दिनेष चौहान चौहान को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास तथा कुल 5 हजार रुपय अर्थदण्ड से दण्डित किया।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने दैनिक अवंतिका के कोर्ट प्रतिनिधि गुरु सचिन नागर को जानकारी मे बताया कि मृतक लीला के पुत्र हर्षित सिंह चौहान ने गवाह ने घटना से सबधित कहा की 3/21 राज रायल कालोनी दारू गोडाउन के पास में रहता हूं तथा पढाई कर रहा हूं। मेरे पापा दिनेश चौहान ने दो शादी की है। पहली पत्नि का नाम रेखा चौहान है जो राजीव नगर में रहती है व मेरी मम्मी लीला चौहान से दूसरी शादी करीबन 13-14 साल पहले की थी। मेरी मम्मी लीला चौहान ने भी दिनेश चौहान से दूसरी शादी की थी। मेरे वास्तविक पिता का नाम दिलीप सिंह बघेल नि0 सोनकच्छ है। दस्तावेजों में प्रारंभ से ही मेरे पिता का नाम दिनेश चौहान लिखा हुआ है । मेरे पापा दिनेश चौहान ने एक किराये का मकान वीरनगर में लिया है जिस पर बाजार से थोक में कपडे लाकर कपडे कटिंग का काम करते है। मेरी मम्मी लीला घर पर सिलाई का काम करती थी मेरी मम्मी लीला चौहान और मेरे पिता दिनेश चौहान दोनों के बीच अक्सर मेरे पापा दिनेश चौहान की पहली पत्नि रेखा चौहान से (तलाक) अलग होकर हमारे साथ रहने को लेकर झगडा होता रहता था पूर्व में भी एक बार इसी बात को लेकर पापा दिनेश चौहान ने मेरी मम्मी लीला चौहान को ईंट से मारा था जिसकी रिपोर्ट भी मैने व मम्मी ने थाने पर की थी। कल 11.05.22 को शाम करीबन 06-07 बजे के आसपास मम्मी और पापा का इसी बात को लेकर झगडा हुआ था । लडाई झगडा हौने के बाद दोनों नई टीव्हीएस एक्सेल मोपेट गाडी से रामघाट घूमने का कहकर घर से निकले थे इसके बाद मेरे पापा ने रात करीबन 08.00 से 09.00 बजे के बीच मेरे पापा ने मोबाईल नंबर 7470678998 से मेरे नंबर 7909712869 पर फोन आया। लेकिन मेरी उनसे स्पष्ट बात नहीं हो सकी फिर करीबन 11:30 बजे दोबारा मेरे पापा का फोन आया और बताया कि मैने तुम्हारी मम्मी लीला चौहान को वीरनगर वाले किराये के मकान में गला घोंटकर मार दिया है व लाश घर के अंदर है और मकान की चाबी वहीं पास में खिडकी के पास रखी है। इसके बाद मैं मेरी मम्मी लीला चौहान की गाडी स्कूटी क्रमांक एमपी 13 ईआर 2472 से वीरनगर स्थित किराये के मकान पर पहुंचा जहां खिडकी के पास रखी चाबी से घर का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो मम्मी लीला चौहान की लाश घर के अंदर वाले कमरे में पड़ी हुई थी नाक से खून से निकल रहा था व गले पर गला घोंटने जैसा चोट का निशान दिखाई दे रहा थे उसके बाद मैं घबराहट में बाहर आया और वीरनगर कालोनी के सिक्योरिटी गार्ड मधुसूदन को बुलाया और 100 नंबर पर भी फोन कर दिया थोडी देर बाद 100 नबंर वाली पुलिस आ गई और जिस पर मैने, सिक्योरिटी गार्ड मधुसूदन व 100 नंबर वाले स्टाफ ने मिलकर मम्मी लीला चौहान की लाश को सी.एच उज्जैन लेकर गये जहां पर डाक्टर ने मम्मी लीला चौहान को मृत घोषित कर दिया इसके बाद मम्मी की लाश को सी.एच उज्जैन के मचुर्री रूम में रखने के बाद ममता जैन, किशोर जैन व वैभव के साथ थाने रिपोर्ट करने आया हूं रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावे । जिस पर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आवश्यक अनुसंधान उपरान्त अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन श्री राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा थाना प्रभारी को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। अभियोजन पैरवीकर्ता अधिकारी नितेष कृष्णन , विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया। प्रकरण में लोक अभियोजक श्री रवि कुषवाह द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

# आत्मा से अलग कुछ नहीं



मुझसे किसी ने पूछा है कि मैं आत्मा तक कैसे पहुंच सकता हूं?

आत्मा तक पहुंचना नहीं होता है। यदि पहुंचना होता, तो उसका यही मतलब होता कि आत्मा इस स्थल और पल में नहीं है और उसे प्राप्त करना अभी बाकी है। आत्मा अनित्य है। अनित्य वस्तु के लिए यत्न करना उचित नहीं है। आप आत्मा हैं, आप पहले से वह हैं। हकीकत यह है कि आप अपनी आनंदमय अवस्था से अनभिज्ञ हैं। शुद्ध आत्मा स्वयं आनंद है। अज्ञान बीच में आकर उस पर परदा डाल देता है। सारे प्रयत्न केवल मिथ्या ज्ञान रूपी अज्ञान को दूर करने के लिए किए जाते हैं। आत्मा को देह-मन के साथ एकरूप मान लेना मिथ्या ज्ञान है।

आत्मा को जानने का अर्थ आत्मा होना है। होना ही सत्ता है, स्वयं का होना सत्ता है। अपनी न दिखने वाली आंखों के अस्तित्व की तरह, कोई भी न दिखने वाली आत्मा का इनकार नहीं करता है। जैसे आप अपनी आंखों को दर्पण में वस्तु की तरह देखते हैं, इसी प्रकार अपनी आत्मा को भी वस्तु की तरह देखना चाहते हैं, बस यही मुसीबत है। आप वस्तु-सत्ता से इतने घुल-मिल गए हैं कि आपने अपने सच्चे स्वरूप का ज्ञान गंवा दिया है। आत्मा को कौन जानेगा? क्या अचेतन शरीर उसे जानेगा? आप हमेशा अपने मैं के बारे में बोलते और सोचते हैं, लेकिन पूछे जाने पर उसका इनकार करते हैं। आप आत्मा हैं, फिर भी पूछते हैं कि उसे कैसे जाना जाए? इसमें ईश्वर की लीला और उसकी निर्दयता कहां है?

आत्म-साक्षात्कार दूसरों की भी सहायता कर सकता है। यह हरसंभव सहायताओं में श्रेष्ठ है, यदि वह सहायता सुनार की भांति की जाए। सुनार जैसे सारे गहनों में केवल सोना देखता है, ऐसे ही ज्ञानी सब में केवल आत्मा ही देखता है। आप जब अपने आपको शरीर के साथ एकरूप मानते हैं, केवल तभी आकार व रूप दिखते हैं। जब आप अपने शरीर से परे होते हैं, तब आपकी शारीरिक चेतना के साथ दूसरे भी अदृश्य हो जाते हैं। आप सोच रहे होंगे कि क्या पेड़, वनस्पति इत्यादि के बारे में भी यह सत्य है? इसके उत्तर के लिए विश्लेषण कीजिए कि क्या वे कभी भी आत्मा से अलग अस्तित्व रखते हैं? आप सोचते हैं कि आप उन्हें देखते हैं। विचार आत्मा से प्रकट होते हैं। ढूंढ़ निकालिए कि ऐसे विचार कहां से प्रकट होते हैं? तब विचार शांत हो जाएंगे और केवल आत्मा शेष रहेगी। आत्मा ने अहं उत्पन्न किया है और अहंकार अपने ऊपर चिपके विचारों के भार से लदा हुआ है, जो जगती, वृक्ष, वनस्पति इत्यादि के रूप में दिख रहे हैं। वस्तुतः ये सब आत्मा के अलावा कुछ नहीं हैं। यदि आप आत्मा को देखें, तो वही सर्वदा, सर्वत्र, सर्वरूप दिखाई देगी। आत्मा से अलग कुछ नहीं है।



**सम्पादकीय**

## मतदान एक मिसाल

भारतीय राजनीति में पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 को अलग से याद किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान भी आशा के अनुरूप ऐतिहासिक रहा है। समग्रता में वहां मतदान ने जो कीर्तिमान बनाया है, उसकी तरह-तरह से विवेचना होगी और साथ ही, सीखने की भी कोशिश होगी। पहला श्रेय मतदाता जागरूकता के नाम है, तो दूसरा श्रेय मतदाता सूची पुनरीक्षण को दिया जाना चाहिए। मतदाता सूची सुधार का यह एक बेहतरीन नतीजा है। इसके पहले बिहार और तमिलनाडु के मतदान में भी सूची सुधार का असर दिखा, लेकिन जो पश्चिम बंगाल में हुआ है, वह अद्भुत है। अगर मतदाता सूची सुधार से मतदाता जागरूकता बढ़ती है और मतदान भी बढ़ता है, तो यह प्रक्रिया हर चुनाव से पहले दोहराई जानी चाहिए। लोकतंत्र को ऐसे ही नागरिक चाहिए, जो मतदाता सूची में अपना नाम रखने के लिए सजग रहते हों और मतदान के लिए बड़ी संख्या में अपने घर से बाहर निकलते हों। इस बार चुनावी गड़बड़ी की बात करें, तो एकाध जगह पर पुनर्मतदान की आवश्यकता पड़ रही है और यही उचित है।

बहरहाल, दूसरे चरण के मतदान के दौरान भी कुछ जगह कार्यकताओं के बीच झड़प हुई है, मगर अच्छी बात है कि हिंसा वैसी नहीं हुई है, जैसी पहले होती थी। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में बंगाल में 300 के करीब हिंसक घटनाएं हुई थीं और 58 लोग मारे गए थे। पिछले चुनाव में मतदान से पहले और आठ चरणों में हुए मतदान के समय व मतदान के बाद भी हिंसा हुई थी, जिससे पश्चिम बंगाल के दामन पर दाग लगे थे। सत्तारूढ़ दल के कार्यकताओं ने विरोधी दलों के समर्थकों को निशाना बनाया था। इसके साथ ही, सत्तारूढ़ दल के कार्यकताओं के बीच भी कुछ जगह हिंसा हुई थी। दरअसल, हिंसक तत्व केवल अपने स्वार्थ और अपराध से संचालित होते हैं, किसी पार्टी की राजनीति या नैतिकता से उनका कोई सरोकार नहीं होता है। यह अक्सर कहा जाता है कि हिंसक तत्व पहले वामदलों की शरण में थे और अब तृणमूल कांग्रेस के पाले में हैं। ऐसे तत्वों का राजनीति में महत्व शून्य हो जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल में अब जो भी सरकार बने, उसे बंगाल के दामन से इस दाग को छुड़ाना होगा। ऐसे हिंसक तत्व अक्सर अपने बड़े नेताओं की बोली-भाषा को भी बिगाड़ देते हैं, इसके अनेक उदाहरण हमने बंगाल के इस चुनाव में देखे हैं। ध्यान रहे, बंगाल देश में सर्वाधिक राजनीतिक हिंसा वाला राज्य है, उसके बाद क्रमशः आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और उत्तर प्रदेश का नाम आता है। चुनावी या राजनीतिक हिंसा के लिए अक्सर बिहार का नाम लिया जाता है, लेकिन वह इस मामले में 14वें स्थान पर है।

[प्रसंगवश 01 मई : अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस]

# मजदूरः शहरों का ढांचा बुनने वाले, फिर भी हाशिए पर खड़े सपने


भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती है जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ये हाथ ही वे अदृश्य निमार्ता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएँ और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पाँच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत है–जीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद। 1 मई इस सच्चाई का स्मरण कराता है कि जिनके हाथों से दुनिया बनती है, उनकी आवाज कभी दबाई नहीं जा सकती–वह हर युग में उठती है और व्यवस्था की नींव हिला देने का सामर्थ्य रखती है।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

ये मजदूर जिसे हम ह्यअनस्किल्डह्ल कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं – वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। ये लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊँचाइयाँ इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल ह्यमजदूरह्ल तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं–जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ये हाथ थम जाएँ तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा।

विकास की ऊँचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र



लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है। करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। ये केवल आँकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं जहाँ पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुँचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है।

अब एआई का युग है। हम स्मार्ट सिटी, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स की बात करते हैं, लेकिन एआई भी कहीं न कहीं श्रमिकों की स्किल पर ही निर्भर है। यह डिजाइन बना सकता है, ड्रोन नियंत्रित कर सकता है और डिलीवरी मार्ग सुधार सकता है, पर ईंट उठाना, वेल्डिंग करना या कठिन परिस्थितियों में काम पूरा करना आज भी मनुष्य के ही बस की बात है। एआई गिग वर्कर्स को बेहतर अवसरों से जोड़ रहा है और 2026 तक एआई-आधारित गिग अर्थव्यवस्था के 335 बिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। फिर भी, एआई थकान का अनुमान लगा सकता है, पर वह वह धैर्य और जिद नहीं दे सकता जो एक मजदूर बारिश में भी काम करते हुए दिखाता है। एआई मजदूरों का विरोधी नहीं, बल्कि सही उपयोग होने पर उनका सहयोगी बन सकता है।

मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएँ देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएँ घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है। 1 मई 2026 इन्हीं प्रश्नों–महिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय–पर केंद्रित है। इतिहास साक्षी है कि मजदूरों की एकजुटता ने बदलाव रचे हैं, चाहे 1886 का शिकागो हो या आज का भारत। उनकी चुप्पी भी एक गहरा प्रश्न छोड़ती है–क्या उनकी भागीदारी के बिना प्रगति संभव है?

हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है जहाँ मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहाँ कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियाँ ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने–उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी।

श्रम की धड़कनों से गढ़ी यह दुनिया किसी एक दिन की पहचान नहीं मांगती, बल्कि निरंतर सम्मान चाहती है। इस 1 मई को केवल अवकाश न समझें, बल्कि उन हाथों को महसूस करें जो ईंट-पत्थर जोड़कर हमारे सपनों के शहर बनाते हैं। उनकी जीवन-कहानियों को सुनें, उनकी आवाज को मंच दें और उनके परिश्रम को वह स्थान दें जो वास्तव में उनका अधिकार है। वे लोग जो शहरों की परछाइयों में रहकर भी राष्ट्र की प्रगति का भार उठाते हैं, असली निमार्ता वही हैं। जब हर श्रमिक का सम्मान समाज की ऊँचाई बनेगा, तभी विकास का अर्थ पूर्ण और सार्थक होगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति श्रम के मौन पसीने में छिपी होती है।

### बुद्धम शरणम गच्छामि

को शांति में बदलने के लिए,हिंसा को
अहिंसा में बदलने के लिए.
घृणा को प्रेम में बदलने के लिए,बुराई
को अच्छाई में बदलने के लिए.
वैशाख मास की पूनम को,श्री विष्णु
अवतार ने लिया अवतार.
नमामी नमामी नमामी नमामी
श्री गौतम बुद्ध नमामि
बुद्धम शरणम गच्छामि
बुद्धम शरणम गच्छामि
लुंबिनी में जन्म हुआ
और बुद्ध गया में ज्ञानोदय.
ध्वज अहिंसा का लहराया,कुशीनगर
की धरती पर निर्वाण.
करुणा बरसाने के लिए,
ज्ञान की ज्योत जगाने के लिए,
प्रेम की गंगा बहाने के लिए,जन जन
के कल्याण के लिए.
श्री विष्णु अवतार ने लिया अवतार.
नमामी नमामी नमामी नमामी
श्री गौतम बुद्ध नमामि
बुद्धम शरणम गच्छामि

सूरज उज्जैनी

### कंधों पे सपनों का भार...!

सुबह की पहली किरण संग, कंधों पे सपनों का भार,
चल पड़ता है वह चुपचाप, रचने दुनिया हर एक बार।
हाथों में मेहनत की रेखा, बहे पसीना उसकी पहचान,
ईंट-पत्थर में बसती है, उसकी हर अधूरी-सी मुस्कान।
धूप में जल रहें उसके अरमान, छांव में भी ना आराम,
रोटी, कपड़ा और मकान, बस इतना-सा उसका धाम।
ऊँची-ऊँची इमारतें बोलती, उसकी खामोश हैं कहानी,
हरेक मंज़िल में गूंज रही है, उसकी मेहनत की रवानी।
ना कोई शोर, ना कोई मांग, बस काम ही उसका गीत,
दर्द को साथी बना लिया, हौसलों से रचता नव संगीत।
आओं आज ये वादा करें, सम्मान मिले हर श्रमिक को।

संजय एम तराणेकर



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 01 मई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:58 सूर्यास्त 18:51
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 22:56 उपरांत एकम
नक्षत्र - स्वाति 04:35 उपरांत विशाखा
योग - सिद्धि 21:13 उपरांत व्यतिपात
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 13 तारिख

**मेष-** बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**वृषभ-** लाभ होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी।

**कर्क-** किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद न करें। बेचैनी रहेगी।

**कन्या-** आज के दिन शुभता का लाभ मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**तुला-** नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**वृश्चिक-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु-** आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मकर-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**कुंभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मीन-** धर्म-कर्म में मन लगेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**सेवानिवृत्ति पर विशेष**

## माधव कॉलेज उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ जफर महमूद की सेवानिवृत्ति के अवसर पर




**महाकाल मंदिर समिति द्वारा प्रति वर्ष आयोजित श्रावण महोत्सव की श्रेष्ठ रिपोर्टिंग करने पर आपको सम्मानित किया गया। तात्कालीन प्रशासक आनन्दीलाल जोशी श्रावण महोत्सव के मंच पर सम्मानित करते हुए।**

उज्जैन की शैक्षणिक और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा उर्दू शायर महमूद जकी का परिवार साहित्यक एवं संस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है। इसी परिवार के यशस्वी सदस्य डा जफर महमूद आज माधव कॉलेज के उर्दू विभाग से सेवा निवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में कामयाबी अनेक परचम फहराए हैं। माधव कॉलेज के प्रतिभावान, निष्ठावान और कार्यकुशल छात्र के रूप में आपने 1981में स्नातक और 1983 में स्नातकोत्तर परीक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर शिक्षाजगत और परिवार को गौरवान्वित किया है। माधव कॉलेज के शिक्षक बन भारत की गंगा-जमुनी तहजीब की विरासत संभालते हुए आपने उर्दू अदब और शायरी के रंगों में डूबकर प्रेम और मोहब्बत का पैगाम अपने विद्यार्थियों को दिया। इसके साथ ही 15 छात्र-छात्राओं को शोधकार्य में बहुआयामी मार्गदर्शन भी दिया।

महाविद्यालयीन सांस्कृतिक, शैक्षिक कार्यक्रमों का निरंतर कुशल और सफल संचालन कर आपने अद्भुत कीर्तिमान रचा है।आपने माधव कालेज के छात्र संघ प्रभारी के रूप में 2004 से उल्लेखनीय योगदान दिया है। आपने महाविद्यालय एवं विश्व विद्यालय की क्रीड़ा गतिविधियों का सफल संचालन भी किया है। आपने कालेज की पांच भाषाओं में प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित पत्रिका माधविका का निरंतर 15 वर्षों तक संपादन किया है।

आपकी अखिल भारतीय कालिदास समारोह की समीक्षाएं आकाशवाणी इंदौर से प्रसारित होती हैं।कला समीक्षक के रूप में दैनिक अवंतिका , दैनिक स्वदेश, दैनिक अक्षर विश्व एवं दैनिक सुबह सबेरे में कला गतिविधियों की रिपोर्टिंग की है।आपके आलेख मध्यप्रदेश संदेश में कालिदास समारोह के आयोजन पर निरंतर प्रकाशित हुए हैं।आपके पत्रकारिता गुरु दैनिक अवंतिका के सुरेश रावल, चिंतक एवं लेखक अशोक वक्त एवं डॉ अरुण वर्मा रहे हैं।

1985 से माधव कॉलेज के उर्दू विभाग में अंशकालिक शिक्षक के रूप में सेवा आरंभ की। वर्ष 2000 से स्थायी एवं नियमित शिक्षक के रूप यादगार योगदान देते हुए आपने अनेक कीर्तिमान रचे हैं।

माधव कॉलेज के कर्मठ, प्रतिभावान, व्यवहारकुशल शिक्षक का आज कालेज में सारस्वत सम्मान किया जा रहा है।-

फानूस बनकर जिसकी हिफाजत हवा करे,
वह शमा क्या बुझेगी जिसे रोशन खुदा करे।

# देश के कर्मठ चिकित्सा प्रतिनिधियो (एम .आर.) के नाम

**अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस**

इस वर्ष का मई दिवस देश के चिकित्सा प्रतिनिधियों को समर्पित होना चाहिए । विगत कई दशकों से कर्मठ श्रमयोद्धाओं ने अपनी कार्यशैली से स्वास्थ्य तथा मानवीय सरकोर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इनके कार्य का कहीं प्रचार प्रसार नहीं हो पाता है वरन ये तो सबसे प्रमुख कोराना वॉरियर्स रहे थे। देश भर के चिकित्सकों से सतत संपर्क में रहकर उन्हें वैक्सीन से लेकर शोध द्वारा उत्पादित दवाइयों के वैज्ञानिक पहलू , लिटरेचर, पत्रक, सैंपल के वितरण द्वारा एक जिम्मेदार भूमिका निभाते रहे है।



निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान समय में जब अधिकांश कॉरपोरेट्स,कंपनी से लेकर सरकारी कार्यालयों व निजी संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम का क्रियान्वयन हो चुका है ,मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव मानवता के प्रति समर्पण की भावना से संक्रमण की संभावना वाले क्लीनिक, हॉस्पिटल्स , दवा कंपनी के डिपो,डिस्ट्रीब्यूटर्स, स्टॉकिस्ट , खेरची दवाइयों की दुकानों पर सतत संपर्क में रहकर स्वयं को खतरे में डालकर मानवता का कार्य करते रहे है

उल्लेखनीय है कि कंपनी में इनके चयन कि प्रक्रिया बेहद प्रतिस्पर्धी होती है । विज्ञान विषय में उच्च शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्राथमिक साक्षात्कार में एक पद के लिए सैकड़ों उम्मीदवार आते है, तत्पश्चात चुने गए भावी चिकित्सा प्रतिनिधियों को मुख्यालय में मानव संसाधन व प्रबंधन तथा संचालक मंडल के बेहद कठिन जीडीपीआई ( ग्रुप डिस्कशन पर्सनल इंटरव्यू) से गुजरना होता है । प्रमुख चुनौती के रूप में एक पखवाड़े या एक माह के प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होना जरूरी है ।उसके बाद ही ऑफर लेटर/ नियुक्ति पत्र मिलता है।

विदित हो की इसमें कोई सिफारिश काम नहीं करती । चयन में सिर्फ योग्यता ही एकमात्र आधार होता है।

जिस तरह प्रचलित भाषा में पुलिस विभाग व अन्य कई क्षेत्रों में छुट्टी व पगार बढ़ाए जाने की बातें होती रहती है, ठीक वैसे ही चिकित्सा प्रतिनिधियों की कार्य पद्धति ,समय व समर्पण के हिसाब से कमतर तनख्वाह भी हमेशा ही मुद्दा रही है ।हालांकि कानूनन एसपीई एक्ट के तहत अपनी नौकरी को सुरक्षित रख पाते है वरन एक हेडक्वार्टर से दूसरे प्रदेश का दूरस्थ शहर में तबादला या निलंबन सूचना अथवा बर्खास्तगी कभी भी संभव हो जाती है । कंपनी में कार्यरत रहने के दौरान तक तो सबकुछ ठीक रहता है, परन्तु दूसरी कंपनियों में जाने पर कर्मचारी के लिए अपने बकाया हिसाब के पैसे प्राप्त करने के लिए अकाउंट सेटलमेंट एक टेढी खीर साबित होता है क्यूंकि कंपनी के हिसाब से ये एक तरह से रद्द निवेश होता है ।

इनके दैनिक कार्य विभाजन को ऐसे समझा जा सकता है । प्रतिदिन दवा उत्पाद के प्रचार प्रसार हेतु लगभग दस से बारह चिकित्सको व छह से आठ दवाईयो के विक्रेता से मिलना आवश्यक होता है । माह में लगभग दस दिन शहर से बाहर जाकर कार्य करना होता है जिसे एक्स स्टेशन तथा आउट स्टेशन कहा जाता है । वर्ष के बारह महीने अर्थात भीषण गर्मी , मूसलधार बारिश हो अथवा सर्द जाड़े ,इन्हे मैदान में एक फौजी की भांति कार्य करना होता है । दैनिक कार्यों की डेली रिपोर्ट , तथा मासिक सेल्स स्टेटमेंट ,खर्च ब्यौरा का विवरण जमा करवाने के पश्चात तनख्वाह का युक्तियुक्तकरण हो पाता है। बाहरी दुनिया में ये सूटेड बुटेड दिखाई पड़ते है ,हमेशा टाई ,वर्किंग बैग के साथ तैयार पर इनका वास्तविक व्यावहारिक जीवन बेहद कठिन तथा तनावपूर्ण रहता है ।

**धर्म-आस्था**

# बुद्ध उपदेश, आचरण की पवित्रता

वेदों में ध्वनि तरंगों को नाद ब्रह्म कहा हे। विधिवत, नियम पूर्वक सुसंस्कृत वाणी में सस्वर और लयबद्ध, उच्चारित वेद मंत्र, ध्वनि तरंगों में रूपांतरित होकर ब्रह्मांड के साथ मानव शरीर, जो कि ब्रह्मांड का ही लघु प्रतिरूप है, पर भी अत्यंत हितकारी प्रभाव डालते है। वाणी रूपी यह दैवीय शक्ति सृष्टि में केवल मनुष्य को ही प्राप्त है। परंतु इन मंत्रों का अनियमित या अशुद्ध पाठ अहितकर भी है। यही कारण है कि वैदिक काल में अल्प शिक्षित एवं असंस्कृत व्यक्तियों को वेद पाठ से वंचित रखा गया था। क्योंकि अनियमित और अशुद्ध मंत्र पाठ से वांछित लाभ प्राप्ति संभव नहीं।



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

द्वापर के अंत में हुए विनाशकारी महाभारत युद्ध के पश्चात वेद उपनिषद को समझने में असमर्थ तत्कालीन समाज में नास्तिकता के बढ़ते प्रसार एवं कलियुग में श्रद्धाहीन नास्तिकों द्वारा वेद मंत्रों के अशुद्ध पाठ को रोकने और तर्क वितर्क द्वारा उन्हें मोहित करने के लिये श्रीमद भागवत पुराण 2/7/37(11.4.22) के अनुसार बुद्ध के रूप में भगवान नारायण का अवतरण होगा। बौद्ध ग्रंथ ललितविस्तर सुत्त अध्याय ७ में बुद्ध के नारायण अवतार होने का समर्थन है। द्वापर के अंत में ही व्याप्त हो चुकी नास्तिक विचार धारा के प्रभाव वश सनातन संस्कार और लोक मयार्दा का हनन वेद मंत्रों और वैदिक कर्मकांड को प्रभाव हीन कर देता है। इस नास्तिकता के शमन हेतु धर्म को सरल रूप देकर इसके माध्यम से समाज को सन्मार्ग दिखाने हेतु जनार्दन भगवान विष्णु ने बुद्ध के रूप में अवतार लेकर बौद्ध धर्म की नींव रखी। एवं वैदिक कर्मकांड एवं यज्ञ आदि आस्तिकता के सनातन उपकरणों से भिन्न मुक्ति के सरल मार्ग के रूप में आचरण की शुद्धता को प्रधानता दी। सनातन के धर्म ग्रंथों में भी यज्ञ तप आदि के बजाय सदाचरण सत्कर्म स्वाध्याय सत्संग आदि को कलियुग में मोक्ष का सरल मार्ग बताया है।

बुद्ध के जीवन काल में उनके कृतित्व को लेकर कोई प्रामाणिक जानकारी लिपिबद्ध नहीं हुई। उनसे संबंधित समस्त साहित्य उनके शिष्यों द्वारा उनके स्वधाम गमन के बाद रचा गया। वैचारिक निकटता के कारण, आंशिक अतिशयोक्ति होने पर भी शिष्यों का कथन मोटे तौर पर प्रामाणिक माना जा सकता है। बुद्ध की मृत्यु के पश्चात राजगृह में आयोजित प्रथम बौद्ध सभा [ई.पू. 487] में बुद्ध के वक्तव्यों के संकलन को उनके शिष्य आनन्द एवं उपाली ने ग्रंथ रूप में संपादित किया जिसे विनय पिटक और धम्म पिटक कहा गया। यही अश्वघोष रचित बुद्ध चरित के उपजीव्य ग्रंथ है। देश के बाहर इस धर्म का व्यापक रूप से प्रसार उनके देह त्याग के दो शताब्दी पश्चात सम्राट अशोक के काल में हुआ। उन्होंने अलर और उद्रक नामक दो ब्राह्मण ऋषियों से ध्यान साधना सीखी तत्पश्चात पीपल वृक्ष के नीचे तपस्या कर बुद्धत्व प्राप्त किया। बनारस के निकट सारनाथ से उन्होंने ज्ञानोपदेश प्रारंभ किया। यह आजीवन जारी रहा। उनके उपदेशों में सत्य, अहिंसा, संसार की नश्वरता का ज्ञान, कामनाओं के दमन ,के साथ अष्टांग मार्ग का पालन प्रमुख है। जिसमें सम्यक विचार ,सम्यक संकल्प , सम्यक वाणी, सम्यक व्यवहार , सम्यक जीवन , सम्यक उपाय, सम्यक ध्यान और सम्यक समाधि, है। सनातन की चार आश्रमों में विभाजित जीवन शैली के सभी आदर्श इस अष्टांग मार्ग में समाहित है। प्रथम चार, विचार, संकल्प, वाणी और व्यवहार में सकारात्मकता की शिक्षा ब्रह्मचर्य आश्रम, सम्यक जीवन एवं उपाय ग्रहस्थाश्रम, एवं ध्यान, समाधि, वानप्रस्थ और सन्यास आश्रम के धर्म है। बुद्ध ने जिसे निर्वाण कहा वही सनातन धर्म में मोक्ष है। बौद्ध कवि अश्वघोष ने भी निर्वाण को मोक्ष कहा है।

दर्शन शास्त्र के ग्रंथों में कहा गया है। च्ज्यतोअभ्युदयानिः श्रेयससिद्धिः स धमः च्ज[वैशे दर्शन] अर्थात संसार में सुख एवं परलोक में मोक्ष प्रदान करने वाला आचरण ही धर्म है। वैशेषिक दर्शन में परिभाषित धर्म का उक्त स्वरूप बुद्ध के चिंतन का केंद्र था। सांसारिक दुखों से निवृत्ति एवं निर्वाण का मार्ग खोजने हेतु उन्होंने गृह त्याग कर तप का मार्ग अपनाया। उन्होंने परंपरागत संस्कार और पूजा पाठ, कर्म कांड आदि से अधिक आचरण की शुद्धता पर बल दिया एवं अपने अनुयायियों को त्रिशरण मंत्र का उपदेश दिया।, बुद्धं शरणं गच्छामि। धम्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि। त्रिशरण मंत्र शब्दों की भिन्नता के पश्चात भी भावों में सनातन धर्म की जीवन शैली से पर्याप्त समानता रखता है।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**




## डायल 112 की सतर्कता से भटकी महिला सुरक्षित घर पहुंची।

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश शासन की डायल 112 सेवा एक बार फिर जनता के लिए कारगर साबित हुई। मंगलवार रात्रि करीब 9:30 बजे ग्राम पीपल्दा में एक महिला भटकती हुई पहुंच गई, जिसे देखकर ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बिना देरी किए महिला की पहचान की प्रक्रिया शुरू की। जांच में महिला ग्राम खेरखेड़ी की मालवी समाज से संबंधित पाई गई। इसके बाद टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें मौके पर बुलाकर महिला को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य में पायलट मोहन मेवाड़े एवं एचसी भोलाराम बडेरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रामीणों ने डायल 112 की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए इसे आमजन के लिए बेहद उपयोगी सेवा बताया।

## ट्राले की टक्कर से बाइक सवार की मौत:सिर के ऊपर से निकला पहिया

**बदनावर।** बदनावर में लेबड़ नयागांव फोरलेन पर बुधवार शाम एक तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना काश्यप स्वीटनर्स के पास हुई। मृतक की पहचान ग्राम धमाना निवासी 22 वर्षीय विजय, पिता भगवानसिंह मोगिया के रूप में हुई है। दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठा अतुल, पिता उमरावसिंह, घायल हो गया। बताया जा रहा है कि विजय का सिर ट्राले के पहिए से कुचल गया था, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। सूचना मिलने पर बदनावर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्राला (नंबर आरजे 09 जीसी 9682) को जब्त कर लिया है। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। मृतक का पोस्टमार्टम गुरुवार सुबह किया जाएगा।

## सीजन में बसों में बैठाते हैं ओवर लोड सवारी, जिम्मेदार नहीं करते कार्रवाई



**आष्टा।** नगर के बस स्टैंड से भोपाल-इंदौर व ग्रामीण रूट की बसों में सीजन के समय यात्रियों को ठुंस-ठुंसकर बैठाया जाता है। उस समय आरटीओ व स्थानीय पुलिस इसे नजर अंदाज कर देती है। इस समय शादियों का सीजन होने से बसों में भीड़ दिखाई दे रही है। नगर के बस स्टैंड से भोपाल-इंदौर व ग्रामीण रूटों पर डेढ़ सौ से अधिक बसों का आवागमन होता है। इनमें ग्रामीण रूट की बसें जरूर जर्जर अवस्था में होती हैं। इनमें कई बस संचालकों के पास फिटनेस व परमिट भी नहीं होते हैं। यह खुलासा पूर्व में आरटीओ द्वारा कार्रवाई में सामने आ चुका है। इसके बावजूद भी यात्रियों की जान जोखिम में डाली जा रही है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र की बसों की हालत अधिक खस्ता रहती है।

## ढाबे और पशु कोठे में आग से 7 मवेशी जिंदा जलने से 13 लाख का नुकसान

बदनावर। बदनावर के बालोदा गांव में बुधवार दोपहर एक खेत पर बने ढाबे और पशुओं के कोठे में भीषण आग लग गई। इस घटना में सात पशु जिंदा जल गए, जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना मिलने पर दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया।



खेत मालिक गोपाल पिता कन्हैयालाल माली ने बताया कि दांगीखेड़ा मार्ग पर स्थित उनके खेत पर ढाबा और पशुओं को बांधने के लिए कमरा बना हुआ था। दोपहर में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार सुरेश नागर भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। राजस्व विभाग द्वारा मौके पर पंचनामा बनाया गया। इसके अनुसार, आग लगने से कोठे के अंदर बंधी एक भैंस, चार भैंस के बच्चे, एक गाय और एक गाय का बछड़ा जिंदा जल गए। इसके अतिरिक्त, चार बड़ी भैंस, तीन बड़ी गाय और एक केडी भी आग में झुलस गईं, जिनका इलाज जारी है। कुल मिलाकर, सात पशुओं की मौत हुई और आठ पशु घायल हुए। आगजनी में 40 ट्रॉली भूसा, टीन की चादरें, ढाबे पर रखे दो फ्रिज, दो कूलर, छह पंखे, टेबल, कुर्सियां, गेहूं, सीसीटीवी कैमरे सहित ढाबे का अन्य सामान और गल्ले में रखी नकदी भी जलकर खाक हो गई। इस घटना में करीब 13 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# देवास-इंदौर बस में महिला से छेड़छाड़, कंडक्टर पर केस नंबर के लिए दबाव, किराया लेने से इंकार, विरोध पर पिटाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास से इंदौर जा रही एक बस में महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस कंडक्टर ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना गुरुवार सुबह की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

महिला ने बताया कि वह इंदौर में महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत है और रोजाना देवास से बस से अप-डाउन करती है। कंडक्टर पिछले कुछ दिनों से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा था। गुरुवार सुबह जब महिला बस में बैठी, तो कंडक्टर ने उसे अपनी सीट के पास बैठाकर मोबाइल नंबर मांगा और निजी जानकारी जुटाने लगा।

जब महिला ने किराया देने की कोशिश की, तो कंडक्टर ने पैसे लेने से इनकार कर दिया और नंबर देने का दबाव बनाया। उसने महिला से यह भी कहा कि वह इस बारे में अपने पति को न बताए।




इस घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।

### आक्रोशित लोगों ने कंडक्टर को पीटा

आक्रोशित लोगों ने कंडक्टर के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कंडक्टर को बस से उतारकर कोतवाली थाने लाया गया। यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की।

घटना के बाद महिला ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर भौंसले कॉलोनी निवासी सरफराज नामक कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक विभाग के साथ बैठक कर सख्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

इस बीच, घटना के दौरान कंडक्टर के साथ हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विभिन्न संगठनों ने महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी अभद्र घटनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नंबर मांगा, बनाया दबाव

महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी कंडक्टर ने उसे पहले कंडक्टर सीट पर बैठाया। इसके बाद महिला ने किराया दिया तो इनकार कर दिया। कंडक्टर ने महिला से नंबर मांगे और कहा कि नंबर दे दो।

महिला के साथ छेड़छाड़ की, कंडक्टर ने महिला को कहा कि वह अपने पति को इस तरह की जानकारी ना दें। जब महिला ने अपने पति का नाम बताया तो दोस्ती बढ़ाने के लिए आरोपी कंडक्टर ने कहा कि वह महिला के पति को जानता है।

बदनावर में ट्राले की टक्कर से स्वागत द्वार गिरा

# 8 लाख लागत में 16 साल पहले नगर परिषद ने लगाया था गेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

बदनावर के बस स्टैंड पर बलवंती नदी की पुलिया पर बना भारी-भरकम स्वागत गेट रात में एक अज्ञात डंपर की टक्कर से गिर गया। गनीमत रही कि रात में आवागमन कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि एक बेकरी की दुकान को नुकसान पहुंचा है।

यह घटना रात करीब 3 बजे हुई, जब तेज रफ्तार डंपर स्वागत गेट के ऊपर बंधी मजबूत केबल में उलझ गया। केबल के खिंचने से गेट के दोनों हिस्से और ऊपर लगे लोहे के पाइप नीचे गिर गए। इससे दाहिनी ओर स्थित 'जय श्री महाकाल बेकरी' के अगले हिस्से को क्षति पहुंची। वहीं, दूसरी तरफ का गेट गिरने से एक बंद पड़ी गुमटी नदी में जा गिरी। टक्कर के बाद डंपर चालक कुछ देर रुका और फिर मौके से फरार हो गया।

लोहे से बना यह स्वागत गेट वर्ष 2010-11 में लगभग 8 लाख रुपये की लागत से लगाया गया था। समय के साथ इसमें जंग लगने से यह कमजोर हो रहा था, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया।



पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर डंपर की दिशा और चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। रात में घटना होने और सड़क सुनसान होने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सुबह जल्दी क्रेन बुलाकर टूटे हुए गेट को सड़क से हटाया गया।

यह गेट नगर परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष आशा सराफ के कार्यकाल में स्थापित किया गया था। यह पहले बड़ी चौपाटी पर लगा था। नगर परिषद द्वारा बड़े वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए गेट के ऊपर लगाए गए पाइप और गर्डर के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद, यात्री बसें और अन्य भारी वाहन अक्सर शहर में प्रवेश कर जाते हैं।

भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से

## खेडापति बिजली उपभोक्ता संघ ने दी चक्का जाम की चेतावनी

**सारंगपुर।** शहर की चरमराई विद्युत वितरण व्यवस्था और भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर जनता का धैर्य जवाब दे गया है। गुरुवार को खेडापति बिजली उपभोक्ता संघ के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर मप्रमक्षेविविकं सारंगपुर कार्यालय पहुंचे। उपभोक्ता संघ के सदस्य सुबह 11:45 बजे जब कार्यालय पहुंचे, तो वहां न तो असिस्टेंट इंजीनियर मौजूद थे और न ही जूनियर इंजीनियर। अधिकारियों की अनुपस्थिति में प्रतिनिधि मंडल ने वहां उपस्थित कर्मचारियों को अपनी व्यथा सुनाई। उपभोक्ता संघ ने आरोप लगाया कि लोड शेडिंग, मेंटेनेंस और मामूली हवा-आंधी के नाम पर पूरे शहर की बिजली कभी भी बंद कर दी जाती है। 41 से 43 डिग्री के झुलसा देने वाले तापमान में बिजली न होने से पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई है। विद्युत कंपनी के कंट्रोल रूम का फोन अक्सर बंद रहता है, और यदि कभी फोन उठता भी है, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। खेड़ापति उपभोक्ता संघ के संयोजक निजाम कुरैशी ने बताया कि पुष्पद कॉलोनी, बजरंग कॉलोनी और बादशाह कॉलोनी के बिजली कनेक्शन सवा दो महीने पहले रेलवे ट्रैक के नीचे केबल जॉइंट खराब होने के कारण शहरी क्षेत्र से काटकर ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ दिए गए थे। लंबे समय बाद भी इन्हें वापस शहरी फीडर से नहीं जोडा गया, जिससे इन कॉलोनियों के लोग कम वोल्टेज और लगातार कटौती से बेहद परेशान हैं।

## गोवंश का अवैध परिवहन पकड़ा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** भैरुंदा पुलिस ने गोवंश के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सीहोर जिले के ग्राम भादाकुई में एक बोलेरो पिकअप वाहन से वध के लिए महाराष्ट्र ले जाए जा रहे पांच गोवंश को जब्त किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवराज सोलंकी (25), ओंकार बारेला (50), राजेश बरडे (19), सरपीया बरडे (50) और सुनील सोलंकी (23) शामिल हैं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, पी. एन. बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्याम मालवीय पिता श्री रतनलाल जी मालवीय निवासी-60, महाकाल परिसर बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन/भूखण्ड क्रमांक 38 का पूर्व दिशा वाला भाग, जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर स्थित गुलमर्गबाग कॉलोनी स्थित सेन्टपॉल स्कूल रोड, एम आर -5 आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-कॉलोनी रोड़, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 50, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 37 एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 38 का शेष भाग, को बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त संपत्ति के स्वमित्व संबंधी दस्तावेज में विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 1251 दिनांक 14.06.1993, मुख्त्यारआम लेख दस्तावेज क्रमांक 359 दिनांक 10.03.2006, विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 5331 दिनांक 22.12.2008, विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 1976 दिनांक 02.07.2009, विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 4607 दिनांक 03.12.2010 उक्त दस्तावेज में से मूल पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 1251 दिनांक 14.06.1993 एवं मुख्त्यारआम लेख दस्तावेज क्रमांक 359 दिनांक 10.03.2006 कहीं गुम हो गया है, जो काफी ढूढंने के पश्चात भी प्राप्त नहीं हो रहे हैं, उक्त दस्तावेज का कहीं दुरूपयोग नहीं किया जाने का कथन किया है । उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो ।

दिनांकः-30.04.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति स्वामी सताबाई, पति प्रभुलाल निवासी बदरखा बैरसीया तहसील व जिला उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि जो की सर्वे नम्बर 555/2 रकबा 0.59 हे. ग्राम बदरखा बैरसीया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है। जिसमें से 03 बीघा भूमि को मय हवाई हक तथा निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना धनराशि अदा कर दी है। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार अनुबंध गिरवी आदि का भाग अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो तो वे सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा बाद मियाद उक्त कृषि भूमि की कीमत की बकाया राशि का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा अदाकर उक्त कृषि भूमि काविक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवर लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शून्य मानी जावेगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 30.04. 2026

**श्रीमती कल्पना डोसी**
**(स्टाम्प वेण्डर एवं सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय नम्बर 38, लक्ष्मी नगर, चौराहा उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नम्बर 9479932006**

# सारंगपुर-संडावता मार्ग पर दो सडक हादसे, पांच घायल, एक की हालत नाजुक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर-संडावता मार्ग पर गुरुवार दोपहर अज्ञात वाहनों के कहर के कारण दो अलग-अलग सडक दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें कुल पांच लोग घायल हो गए। लीमाचौहान थाना क्षेत्र में हुए इन हादसों के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया है।

पहला हादसा हराना जोड पर घटित हुआ, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद दिया। इस बाइक पर तीन लोग सवार थे। घायलों की पहचान पाटक्या गांव निवासी धुरीलाल नागर, नानूराम और बद्रीलाल नागर के रूप में हुई है। नानूराम नागर के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। बद्रीलाल नागर के पैर में गंभीर चोट है, जबकि धुरीलाल को मामूली चोटें आई हैं।

### भाटखेडी जोड, भाई-बहन घायल

दूसरी दुर्घटना भाटखेडी जोड के पास हुई। यहां भी एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे गोपालपुरा निवासी विनोद मालवीय और उनकी बहन रामकुंवरबाई घायल हो गए। सूचना मिलते ही लीमाचौहान थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### सडक पर फैली मिट्टी बन रही काल

ग्रामीणों ने इन हादसों के पीछे सडक किनारे चल रहे केबलीकरण कार्य को जिम्मेदार ठहराया है। सडक पर मिट्टी फैली होने के कारण वाहन क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस लापरवाही की वजह से मुख्य मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं बढ रही हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 136 का भाग, स्थित ढ़ाबा रोड़ तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 334.33 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में- अली का भव?, उत्तर मे- गली, दक्षिण मे- ढ़ाबा रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति कृष्णवल्लभ गर्ग एवं अशोक कुमार गर्ग पुत्रगण रामचंद्र गर्ग तथा अविनाश गर्ग, गरिमा गर्ग मोनिका गर्ग पिता श्री ओमप्रकाश गर्ग एवं प्रहलाद गर्ग पिता स्व. बंशीलाल गर्ग को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा कृष्णवल्लभ गर्ग आदि ने अपने नाम का नामातंरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 1035ध्25ध्7च्ज दिनांक 12/02/2026 को दर्ज करवाया। तथा कृष्णवल्लभ गर्ग आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध अल्ताफ अहमद शेख पिता श्री चांद अहमद शेख से किया है। एवं अल्ताफ अहमद शेख ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



## गांजा तस्कर गिरफ्तार: 1 किलो मादक पदार्थ बरामद

**देवास।** देवास पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत कार्रवाई करते हुए बुधवार को गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। औद्योगिक थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से 1.320 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस को दुर्गानगर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ ले जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी लक्ष्मण पिता सिद्धनाथ देवड़ा (36) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दुर्गानगर, देवास का निवासी है। आरोपी के खिलाफ औद्योगिक थाना क्षेत्र में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (ठउद्धर) एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में गांजा सप्लाई करने वाले अन्य आरोपियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।

## निमार्णाधीन मकान के काम के सिलसिले में गये युवक का शव मिला

**देवास।** देवास के कंचनपुर क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव उसके निमार्णाधीन मकान के पास एक पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बिलासा निवासी सुमेर सिंह चौहान के रूप में हुई है। वह दो दिन पहले ही कंचनपुर में अपने निमार्णाधीन मकान के काम के सिलसिले में आए थे और वहीं रह रहे थे। गुरुवार सुबह आसपास के लोगों ने उन्हें पेड़ पर लटका देखा। इसी दौरान मृतक का भतीजा आदित्य यादव नवादा से उनके लिए खाना लेकर पहुंचा, जिसने घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## नवादा में किसान की हार्ट अटैक से मौत

**देवास।** देवास जिले के टोंकखुर्द क्षेत्र स्थित नवादा गांव में बुधवार शाम एक किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय किशन कन्हैयालाल पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कन्हैयालाल पटेल खेती-किसानी के साथ टेंट व्यवसाय भी करते थे। बुधवार शाम वे अपने घर के पास टेंट लगाने के काम की देखरेख कर रहे थे। काम पूरा करने के बाद वे घर लौटे और पानी पिया, इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन तुरंत उन्हें देवास जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। सूचना मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।



## तेज रफ्तार ट्रॉले की टक्कर से युवक की मौत, 1 घायल

**बदनावर।** लेबड़-नयागांव फोरलेन पर काश्यप स्वीटनर्स के पास बुधवार शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक विजय (22) पिता भगवानसिंह मोगिया निवासी ग्राम धमाना था। जबकि बाइक पर पीछे बैठा अतुल पिता उमरावसिंह घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार ट्रॉले ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे विजय का सिर पहिए के नीचे आने से बुरी तरह कुचल गया।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि अपर ग्राउण्ड मंजिल पर दुकान क्रमांक UG 23 ए डॉ. लड्ढा बिजनेस मॉल, भवन क्रमांक 21/1 कोटा रोड़ सर्वे क्रमांक 339 वार्ड न. 17 छावनी नाका, आगर जिला आगर मालवा (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 116.00 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - दुकान क्रमांक UG 24 , पश्चिम मे - दुकान क्रमांक UG 22 , उत्तर में- कॉरिडोर एवं दक्षिण में- दुकान क्रमांक UG 04 स्थित हैं। उक्त संपत्ति श्री ललीत कटारिया पिता श्री रमेशचंद्र कटारिया ने इसके पूर्वस्वामी राजेश जायसवाल पिता श्री महेश कुमार से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP512812018A1719109 दिनांक 26/10/2018 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्री ललीत कटारिया ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक MP512812017A02168 दिनांक 31/08/2017 ही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सुचना पुलिस थाना आगर जिला आगर मालवा में दिनांक 05/11/2022 को दर्ज करवायी गयी। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त उल्लेखित विक्रय पत्र कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान माला संपन्न



**गुना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत आदि गुरु शंकराचार्य आदि व्याख्यान माला के शासकीय महाविद्यालय गुना पीजी कॉलेज गुना में रखा गया। जिसमें उपस्थित अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता और विशेष अतिथि तुलसीदास रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसीदास के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सरस्वती माता के बंधन एवं छायाचित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें उपस्थित जिला समन्वयक श्रीमति मंजूषा सालोमन अतिथि का शॉल और पुष्प गुच्छ पहनकर स्वागत किया। मंच संचालन ब्लॉक समन्वक प्रमोद रघुवंशी ने किया। अंत में ब्लॉक समन्वक लोकेंद्र ने जल संरक्षण के ऊपर शपथ दिलवाई। मुख्य अतिथि तुलसीदास ने आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और मत पंथ और मतभेद चार वेदों के बारे में है पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। जिसमें उपस्थित नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति सीएमसी डीपी छात्र मेंटर्स परामर्शदाता आदि उपस्थित रहे।

## नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**गुना।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा नीट (यूजी) 2026 परीक्षा दिनांक 03 मई 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले के 05 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा होगी, जिसमें कुल 1,770 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा कंट्रोल रूम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया हैं। कंट्रोल रूम के प्रभारी प्राचार्य बी.के. तिवारी रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर दूरभाष क्रमांक 07542-251639 पर संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम 02 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक तथा 3 मई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यरत रहेगा।

## व्यवस्थाएं परखी, सीएम ने ट्रॉली पर चढ़कर गेहूं देखा, उपार्जन अवधि 23 मई तक बढ़ाई



**शुजालपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शजापुर जिले के ग्राम मकोड़ी स्थित श्यामा गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्लॉट बुकिंग, ओटीपी के माध्यम से भुगतान व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और किसानों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ट्रॉली पर चढ़े और गेहूं की गुणवत्ता देखी। उन्होंने कृषकों से चर्चा कर उनकी उपज, समस्याओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें, सरकार उनकी एक-एक उपज खरीदेगी और हर किसान के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि उपार्जन अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है तथा आवश्यकता होने पर इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पेयजलए छाया, बैठक व्यवस्था और तौल प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सहकारी संस्था में खरीदी, परिवहन और भुगतान की स्थिति जानी तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उन्हें शासन की योजनाओं के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया, विधायक अरुण भीमावद,डॉ.रवि पांडे, उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह,आईजी राकेश कुमार गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋजु बाफ ना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेमली धाम में कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, बोले भारत हर क्षेत्र में विश्व पटल पर अग्रणी



**शुजालपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव गुरुवार को जिले के ग्राम सेमली धाम पहुंचे, जहां उन्होंने पंडित कमल किशोर नागर से भेंट कर आशीर्वाद लिया और गोवत्स राधाकृष्ण महाराज द्वारा आयोजित श्रीनरसी मेहता चरित्र कथा में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने व्यास पीठ का पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति त्याग और सेवा की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और विकास के सभी क्षेत्रों में विश्व पटल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेमली धाम जैसे स्थल सामाजिक समरसता और एकजुटता के प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े प्रदेश के स्थलों को चिन्हित कर तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढि?ां अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहें। साथ ही नगरीय निकायों में गीता भवन निर्माण की दिशा में भी कार्य जारी है।

# आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश का दूसरा चरण शुरू, समय पर प्रक्रिया पूरी करने की सलाह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों को निःशुल्क प्रवेश देने की प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। पहले चरण की प्रक्रिया 25 अप्रैल 2026 तक पूरी हो चुकी है। इसके बाद जिन स्कूलों में सीटें खाली रह गई हैं, उन्हें पोर्टल पर दिखाया गया है और अब उन्हीं सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस चरण में नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। केवल वही अभिभावक और बच्चे इसमें शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। ऐसे अभिभावक जिन्होंने आवेदन तो किया था, लेकिन किसी कारण से अपने बच्चों का सत्यापन नहीं करा पाए थे, उन्हें एक और मौका दिया गया है। वे अपने चुने हुए जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। सत्यापन में पात्र पाए जाने के बाद वे स्कूलों की पसंद (चॉइस) अपडेट कर सकेंगे।

वहीं, जिन बच्चों को पहले चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था या जिन अभिभावकों ने आवंटित स्कूल में प्रवेश नहीं लिया, वे भी दूसरे चरण में अपनी पसंद बदल सकते हैं। उन्हें सलाह दी गई है कि वे उन स्कूलों का चयन करें, जहां अभी सीटें खाली हैं, ताकि प्रवेश मिलने की संभावना बढ़ सके।

सत्यापन कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए सभी जनशिक्षा केंद्रों पर अधिकतम दो अधिकारियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी होने पर वे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

### दूसरे चरण की महत्वपूर्ण तारीखें इस प्रकार हैं

- 04 मई से 09 मई 2026: प्रथम चरण में जिनके द्वारा आवेदन लॉक किया है एवं सत्यापन हेतु शेष रहे है उनके द्वारा निकट के चुने हुए जनशिक्षा केन्द्र में जाकर सत्यापन कराना। आवेदकों द्वारा रिक्त सीटों वाले विद्यालयों की चॉइस अपडेट करना ।
- 11 मई से 16 मई 2026: स्कूलों की पसंद अपडेट करने का दूसरा अवसर
- 20 मई 2026: द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन लॉटरी
- 20 मई से 10 जून 2026: आवंटन उपरांत संबंधित विद्यालय में प्रवेश एवं संबंधित विद्यालय द्वारा आरटीई मोबाइल एप से

शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी जरूरी कार्यवाही पूरी करें, ताकि उनके बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिल सके।

## गुना में 1 मई से जनगणना 2027 का प्रथम चरण शुरू, तैयारियां पूर्ण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियां के संबंध में आज भोपाल से जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक कार्तिकेय गोयल ने सभी जिलों के अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक?ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी किशोर कुमार कन्याल, जिला जनगणना अधिकारी अखिलेश कुमार जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि 01 मई 2026 से पूरे मध्यप्रदेश में जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित करेंगे, जिसमें मकान की स्थिति और परिवार की सुविधाओं से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक निगरानी रखेगा।

जिला स्तर पर भी कलेक्टर श्री कन्?याल द्वारा बैठक लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को अपने स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य को जिले में दो सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गर्मी को देखते हुए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सुबह 08 से 12 बजे और शाम 04 से 07 बजे के बीच ही काम करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यवेक्षकों को परिचय पत्र और नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं। साथ ही उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए मिलने वाले मानदेय को उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा।

## जबलपुर में क्रूज डूबा, 6 शव मिले:15 से ज्यादा लापता

**जबलपुर।** नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम पर्यटकों से भरा क्रूज डूब गया। पुलिस के मुताबिक, 6 शव बरामद किए गए हैं। 19 को सुरक्षित बचा लिया गया। 15 से ज्यादा अब भी लापता हैं। हादसा डैम के किनारे से 300 मीटर आगे हुआ। बरगी सिटी एसपी अंजुल मिश्रा ने बताया कि टढ टूरिज्म के क्रूज में 40 से 45 लोग सवार थे। अचानक आई आंधी के कारण ये हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही रङ्ग्रक्र की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आई। हालांकि बड़ी टॉर्च का इस्तेमाल कर-के लोगों की तलाश की जा रही है। रेस्क्यू के बीच वहां कुछ देर बारिश भी शुरू हो गई थी। एसडीआरएफ ने गैस कटर की मदद से क्रूज को काटकर एक शख्स को बचाया। वह 3 घंटे से अंदर फंसा हुआ था।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल सेवा अभियान



**शुजालपुर।** तपती दोपहर और बढ़ते तापमान के बीच अनबोले पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से उड़ान महिला मंच ने वी केयर संस्था के सहयोग से सराहनीय पहल की। अभियान के तहत कन्या पीएम श्री एवं सांदिपनी सी एम राइज विद्यालय में शिक्षकों को पक्षियों के लिए जल पात्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सभी से अपील की गई कि वे अपने घरों के आसपास सुरक्षित स्थानों पर जल से भरे पात्र रखें, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत मिल सके। जल पात्र वितरण में मधु मंडलोई, अलका देशमुख, लाज खत्री और प्रीति चौहान का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी एवं अल्पना राणा ने इस पुनीत कार्य के लिए वी केयर संस्था और उड़ान महिला मंच के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अनदेखी से खतरे में शुजालपुर, शाजापुर की बिजली व्यवस्था

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको के स्थानीय अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही के कारण शुजालपुर और शाजापुर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था गंभीर खतरे में पड़ गई है। पहले ट्रांसमिशन लाइनों के समीप जोखिम पूर्ण निर्माण और टावर के एंगल चोरी हो जाने की घटना से ट्रांसमिशन कंपनी परेशान थी अब टावरों के किनारे अवैध उत्खनन से उसकी नींद उड़ गई है। यह मामला शुजालपुर का है। जहाँ शुजालपुर-शाजापुर 132 केवी पारेषण लाइन के एक महत्वपूर्ण टावर के समीप नेवज नदी के किनारे लंबे समय से अवैध उत्खनन किया जा रहा है, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से स्थिति अब अत्यंत संवेदनशील बन चुकी है। जानकारी के अनुसार संबंधित टावर के आसपास मिट्टी और मुरम का बड़े पैमाने पर उत्खनन किया गया है, जिससे टावर की नींव कमजोर हो चुकी है।

# अब अविक्रत प्लॉटों की नीलामी से पूरा होगा शहर का विकास कार्य

### रेरा ने छोरिया टाउनशीप के मामले में दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

शहर की एक अधूरी आवासीय कॉलोनी को लेकर प्रशासनिक सख्ती के बीच अब सिस्टम की चूक भी सामने आई है। शहर स्थित छोरिया टाउनशीप कॉलोनी के रहवासी संस्था की शिकायत के बाद प्रकरण में रेरा ने श्री सिद्ध विनायक रहवासी संस्था बनाम प्रगति इंफ्रा सर्विसेस प्रा. लि. के मामले में यह स्पष्ट हुआ है कि कॉलोनाइजर के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर भी गंभीर लापरवाही हुई।

दस्तावेजों के अनुसार ग्राम कमलिया स्थित करीब 8.322 हेक्टेयर भूमि पर कॉलोनी विकसित की गई थी। नियमानुसार कॉलोनी की अनुमति देने से पहले आंतरिक विकास कार्यों की लागत के अनुपात में भूखंडों को अमानत बंधक के रूप में सुरक्षित रखा जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यही चूक आगे चलकर बड़ी समस्या का कारण बनी। कॉलोनाइजर द्वारा न तो समय पर मूलभूत सुविधाओं का विकास किया गया और न ही आवश्यक शुल्क व शर्तों का पालन किया गया। इसके चलते पूर्व में जारी पूर्णता प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया और म.प्र.नगर पालिका अधिनियम की धारा 339 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए गए। हालांकि, इस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका दायर होने पर फि लहाल अनुपालन पर रोक लगी हुई है।

प्रकरण में रहवासी संस्था की शिकायत के बाद यह भी सामने आया कि कॉलोनी में कई भू.खंड अब भी अविक्रत पड़े हैं। म.प्र. भू.संपदा विनियामक प्राधिकरण रेरा के निदेर्शानुसार, अब ऐसे मामलों में बंधक रखे जाने योग्य भू.खंडों को चिन्हित कर उनकी नीलामी के जरिए विकास कार्य पूरा कराया जा सकता है। पारित आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन भू.खंडों के विक्रय से प्राप्त राशि से कॉलोनी का अधूरा इंफ्र ास्ट्रक्चर पूरा कराया जाएगा। प्राधिकरण ने एसडीओ को निर्देश दिए हैं कि वे आवंटितियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## केनाइन डिस्टेंपर वायरस से बाघों की मौत

**मंडला।** कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बाघिन और उसके चार शावकों की मौत की गुत्थी सुलझ गई है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में इन मौतों का कारण घातक 'केनाइन डिस्टेंपर वायरस' संक्रमण बताया गया है। कान्हा के डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में हुए परीक्षणों में वायरस के संकेत मिले हैं।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती कमलाबाई पति स्व. हिन्दूसिंह, 02-श्री राजेश कुमार पिता श्री आत्माराम बागवान, 03-श्री रतीपालसिंह सिसौदिया पिता श्री विक्रमसिंह, समस्त निवासी ग्राम नानूखेडा, तहसील तराना जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-124/2/1 (र) रकबा 0.6400 हेक्टर एवं 125/2 (र) रकबा 0.6400 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.2800 हेक्टर ग्राम नानूखेडा, तहसील तराना जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 1.2800 हेक्टर मेसे 0.6000 हेक्टर का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 (तीन) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-30.04.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-अ-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. नं.-94259-46659**



## पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या- E-IND-WLI-2026 दिनांक 29.04.2026** भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए खुली ई-निविदा संख्या : E-IND-WLI-2026 के विरुध्द अंतिम तिथि 25-05-2026 15:00 बजे तक (एकल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बीड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुध्द मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण-वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** अंडरस्लंग और ओवरहेड वॉटर टैंक वाले कोचों के लिए जल स्तर संकेतक की व्यवस्था । स्थान - कोचिंग डिपो-इंदौर **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs.2,29,60,000/- (सभी कर, ड्यूटीज, एवं जी.एस.टी. सहित) **बयाना राशि:** Rs 2,64,800/- **समापन अवधि:** एल.ओ.ए. जारी होने की तारीख से 12 माह **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय - वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय :** 15.00 बजे दिनांक 25/05/2026 तक जमा करने का समय। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें IREPS वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

Apex/29

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कैलाश आंजना पिता हरिराम जी आंजना, आयु लगभग 58 वर्ष, निवासी 69, अंकपात मार्ग, गली नंबर 2, राम केवट मंदिर, दुर्गा कॉलोनी, उज्जैन, की पत्नी श्रीमती राजू बाई आंजना उर्फ राजू पति श्री कैलाश आंजना, आयु लगभग 52 वर्ष, निवासी 69, अंकपात मार्ग, गली नंबर 2, राम केवट मंदिर, दुर्गा कॉलोनी, उज्जैन, मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं असंतुलित हैं तथा अपने कृत्यों के विधिक परिणामों को समझने में पूर्ण रूप से असमर्थ हैं।

अतएव, स्पष्ट रूप से घोषित किया जाता है कि श्रीमती राजू बाई आंजना उर्फ राजू एवं किसी भी व्यक्ति या संस्था के मध्य किसी भी प्रकार का अनुबंध, समझौता, लेन-देन, संव्यवहार, वचनबद्धता, ऋण-उधार, या चल/अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से संबंधित कोई भी कार्य या दस्तावेज संपादित किया जाना विधिसम्मत एवं बाध्यकारी नहीं माना जाएगा।

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, साहूकार या अन्य कोई इकाई श्रीमती राजू बाई आंजना उर्फ राजू पति श्री कैलाश आंजना के साथ किसी भी प्रकार का वित्तीय या संपत्ति संबंधी लेन-देन या संव्यवहार न करें, न उन्हें किसी प्रकार का ऋण/उधार प्रदान करें एवं न ही किसी भी प्रकार की क्रेडिट सुविधा प्रदान करें। कोई भी व्यक्ति/संस्था श्रीमती राजू बाई आंजना उर्फ राजू पति श्री कैलाश आंजना को किसी भी मूल्यवान आभूषण, संपत्ति या अन्य परिसंपत्ति के बंधक के विरुद्ध या उसके आधार पर भी कोई ऋण/क्रेडिट सुविधा प्रदान न करें।

यदि कोई व्यक्ति/संस्था इस सूचना के बावजूद श्रीमती राजू बाई आंजना उर्फ राजू के साथ किसी भी प्रकार का अनुबंध/लेन-देन या संव्यवहार करता/करती है, तो उससे उत्पन्न किसी भी प्रकार की देनदारी/उत्तरदायित्व के लिए श्री कैलाश आंजना पिता हरिराम जी आंजना, श्री रितेश पटेल पिता कैलाश आंजना, श्री गोपाल पटेल पिता कैलाश आंजना एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्य किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

यह सूचना सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ जनहित में जारी की जा रही है एवं अभिलेखार्थ विधिवत प्रकाशित की जा रही है। सो सूचित हो। इति दिनांक-30.04.2026

**कैलाश आंजना पिता हरिराम जी आंजना**
**69, अंकपात मार्ग, गली नंबर 2, राम केवट मंदिर, दुर्गा कॉलोनी, उज्जैन, मो-95756-14507**



## पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

**ई-निविदा सूचना**

संख्या - **W/623/5/1/NIT** दिनांक **27.04.2026**

मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है -

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | **RTM-2026-27-1**<br>Zone - 1 "A" Godhra (Excluding) to Meghnagar (Excluding) section:- Dahod – Godhra (Excluding). | 1,09,76,474.27 | 2,19,500.00 |
| 2 | **RTM-2026-27-2**<br>Zone - 1 "C" Dahod Local Station colonies (a), (b), (c) & (e) site, station colony, Kalidam km. 523/02-03 to 543/0. | 1,24,91,262.12 | 2,49,800.00 |
| 3 | **RTM-2026-27-3**<br>Zone No. 2"A" Dahod Local "D" site colony km. 539/02-03 to 543/0. | 1,30,12,066.80 | 2,60,300.00 |
| 4 | **RTM-2026-27-4**<br>Zone No. 2"B" Dahod Local workshop maintenance. | 1,23,88,373.50 | 2,47,800.00 |
| 5 | **RTM-2026-27-5**<br>Zone No. 3 Meghnagar (Including) to Ratlam (Excluding). | 1,78,29,177.36 | 3,56,600.00 |
| 6 | **RTM-2026-27-6**<br>Zone No. "21" Dahod Proper Sanitary Zone. | 85,16,752.10 | 1,70,300.00 |
| 7 | **RTM-2026-27-7**<br>Zone No. 6 Ratlam (Excluding) to Nagda (Including) km 651/05-06 to km 698 & km 0/00 to 1.25 under section Engineer (Works) Nagda. | 82,96,514.89 | 1,65,900.00 |
| 8 | **RTM-2026-27-8**<br>Zone No. 4"A" Ratlam- Railway Colony Quarters (Excl. east side of BG line, Officers Bunglows/Quarters , Service Building & Railway Hospital), The zone includes sanitary work and internal plumbing works, under SSE/W-1/RTM. | 1,92,09,339.99 | 3,84,200.00 |
| 9 | **RTM-2026-27-9**<br>Zone No. 4"B" Ratlam-Service Buildings excluding east side of BG area. The zone includes sanitary and internal plumbing works, under SSE/W- 1/RTM. | 1,22,33,841.44 | 2,44,700.00 |
| 10 | **RTM-2026-27-10**<br>Zone No.4"C" Ratlam-White wash & colour wash etc. work service building, staff quarters & Kurel dam under SSE/Works-1 and 2 (east) Ratlam. | 2,05,41,175.06 | 4,10,800.00 |
| 11 | **RTM-2026-27-11**<br>Zone No. 4"D"Ratlam-Maintenance work of Railway hospital and Officers Bunglow/Quarters. The zone includes sanitary and internal plumbing work under SSE/W/2/ Ratlam. | 1,06,95,325.77 | 2,13,900.00 |
| 12 | **RTM-2026-27-12**<br>Zone No. 5 Ratlam-East side of B.G. line, i.e. loco, Jaora road, ghatla colony, R.E. building, Kota Building, other service buildings, Diesel shed. The zone includes sanitary and internal plumbing works under SSE/W/2/Ratlam. | 1,23,03,530.81 | 2,46,100.00 |
| 13 | **RTM-2026-27-13**<br>Zone No.22 All main water supply assets in Ratlam including Kurel, Bhairongarh and main lines of outside buildings, bores wells in entire Ratlam area under SSE/W- 2/Ratlam. | 87,93,521.73 | 1,75,900.00 |
| 14 | **RTM-2026-27-14**<br>Zone No.07Ujjain Proper:-km 21/6 to 22/6 | 1,25,00,000.00 | 2,50,000.00 |
| 15 | **RTM-2026-27-15**<br>Zone No 14 RTM (excluding) to FTD(including) km 375.72 to 457.13 and FTD-CNN (Including) section. K.M. 00.00 to 20.079 K.M. | 1,30,00,000.00 | 2,60,000.00 |
| 16 | **RTM-2026-27-16**<br>Zone No. 15 FTD (Excluding) to Indore station , km 475.130 to 495.700 & and Rau- Tihi section. K.M. 00.00 to 08.77 K.M service building and Railway colonies | 2,14,09,484.72 | 4,28,200.00 |
| 17 | **RTM-2026-27-17**<br>Zone No. 8"A" Nagda (Excluding) to Ujjain (Excluding) & Ujjain (Excluding) to Dewas (Excluding) | 1,45,33,493.56 | 2,90,700.00 |
| 18 | **RTM-2026-27-18**<br>Zone No. 8"B" Dewas (Including) to Indore (Excluding) from Km. 37 to 75.900 & Maksi (Excluding ) to Dewas(Excluding)from KM -0.00 to 34.660. | 75,97,031.77 | 1,52,000.00 |
| 19 | **RTM-2026-27-19**<br>Zone No. 9"A" Ujjain (Excluding) to Maksi (Including). | 98,29,875.96 | 1,96,600.00 |
| 20 | **RTM-2026-27-20**<br>Zone No. 9"B" Maksi (Excluding) to Akodiya (Including). | 1,09,56,584.99 | 2,19,200.00 |
| 21 | **RTM-2026-27-21**<br>Zone No.10"A" Akodiya (Excluding) to Baktal (Including) | 1,17,37,887.69 | 2,34,800.00 |
| 22 | **RTM-2026-27-22**<br>Zone No. 10"B" Baktal (Excluding) to Bakaniya Bhawari up to km 226.15. | 1,05,53,867.17 | 2,11,100.00 |
| 23 | **RTM-2026-27-23**<br>Zone No. 16 "A" Indore (Excluding ) to Kalakund (Including) i.e. location from km no. 495.700 to 529.00 | 2,11,79,347.51 | 4,23,600.00 |
| 24 | **RTM-2026-27-24**<br>Zone No. 16"B" Kalakund (Excluding) to Khandwa (Excluding) i.e. location from Km. 529.00 to 630.19 & Khandwa Bypass (Including) to Mathela (Including) from KM. 00.00 to 8.40 | 90,60,522.18 | 1,81,200.00 |
| 25 | **RTM-2026-27-25**<br>Zone No. 12 Chanderiya (Including) to Biwk(Excluding) i.e. location from Km. 175/07 to 230.00 | 2,25,00,000.00 | 4,50,000.00 |
| 26 | **RTM-2026-27-26**<br>Zone No. 13"A" Biwk (Including) to piplia (Excluding) i.e. location from km. 230.00 to 272.00 | 1,20,00,000.00 | 2,40,000.00 |
| 27 | **RTM-2026-27-27**<br>Zone No. 13"B" piplia (Including) to Ratlam (Excluding) i.e. location from km. 272.00 to 373.518 & 00.593-3.115 Q track | 1,20,00,000.00 | 2,40,000.00 |

**अनुमानित मात्रा सभी के लिए :** As per Tender Schedule. **कार्य समापन अवधि सभी के लिए :** Up to 30.06.2027; **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि सभी के लिए :** 27.04.2026; **निविदा खुलने की तिथि सभी के लिए :** 19.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है।

Apex/27

**मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम पश्चिम रेलवे**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश, 700 ली. लहान नष्ट

**मन्दसौर।** जिले के थाना दलौदा की कचनारा चौकी और थाना अफजलपुर पुलिस ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी की। कचनारा चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आक्या उमाहेड़ा गांव में घेराबंदी की, जहाँ शराब माफिया पुलिस से बचने के लिए गहरी खाइयों और गड्ढों का सहारा लेकर कच्ची शराब बना रहे थे। पुलिस ने यहाँ से करीब 200 लीटर लहान मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसी तरह की एक अन्य प्रभावी कार्रवाई थाना अफजलपुर के ग्राम जोगीखेड़ा में की गई, जहाँ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने के लिए संग्रहित किया गया 480 लीटर कच्चा महुआ और निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरणों को नष्ट किया। इस पूरी कार्रवाई में कुल 700 लीटर लहान नष्ट कर अवैध कारोबारियों के हौसले पस्त किए गए हैं।

## नारद जयंती पर मेरा जीवन मेरे अनुभव 3 मई को

**नीमच।** शहर की अग'णी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति द्वारा 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस एवं नारद जयंती के अवसर पर मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृति अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सचिव रघुनंदन पाराशर व प्रचार सचिव एडवोकेट कृष्णा शर्मा ने बताया कि मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम 3 मई रविवार की रात 8 बजे एलआईसी रोड स्थित शिक्षक सहकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका के ब्यूरोचीफ मुकेश सहारिया और पत्रकार कपिलसिंह चौहान अपने पत्रकारीय जीवन के अनुभव साझा करेंगे। कृति परिवार के सदस्यों ने शहर के नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागी बनने की अपील की है।

## नीमच कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को "किसान की सुविधा सर्वोपरि" के संकल्प के साथ जिले के गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। पार्जन केंद्रों पर किसानों से सीधा संवादः कलेक्टर ने हरखियाखाल चौराहे के समीप वेदान्ता वेयर हाउस स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र चल्दू एवं कृषि उपज मण्डी जीरन में स्थापित दो केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ खड़े किसानों से चर्चा कर गेहूं तोल में लगने वाले समय, छाया-पेयजल, बारदाना, हम्मालों की उपलब्धता एवं भुगतान व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली।

## तीन दिवसीय नि :शुल्क आत्मरक्षा एवं खेलकूद शिविर 8 मई से

**नीमच ।** 29 अप्रैल देश भर के साथ ही क्षेत्र मे सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद्, शाखा-नीमच द्वारा नगर की बालिकाओं के लिए वर्तमान समय की चुनौतियों और आत्म-निर्भरता की आवश्यकता को देखते हुए, 5 से 19 वर्ष आयु समूह की छात्राओं के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा एवं खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी , अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता एवं सचिव सतीश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 8 मई शुक्रवार से 10 मई रविवार तक अग्रोहा भवन, गोमाबाई नेत्रालय मार्ग के सामने आयोजित किया जाएगा।

## भारत विकास परिषद सुभाष शाखा द्वारा दो जल मंदिरों का शुभारंभ

**नीमच।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा, नीमच द्वारा जनसेवा के अंतर्गत शहर में दो स्थानों पर जल मंदिरों का शुभारंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत पहला जल मंदिर बाटा शोरूम, नीमच तथा दूसरा जल मंदिर एच.एम. कोठारी ट्रेवल्स, प्राइवेट बस स्टैंड, नीमच पर प्रारंभ किया गया। दोनों जल मंदिरों का शुभारंभ परिषद परिवार के लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। बाटा शोरूम स्थित जल मंदिर का शुभारंभ मनीष कुमार आशीष कुमार गर्ग परिवार द्वारा तथा एच.एम. कोठारी ट्रेवल्स स्थित जल मंदिर का शुभारंभ दिनेश बैरागी (स्वदेश रेडियो) परिवार द्वारा किया गया।

# नामली में गोदाम के माल पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के नामली थाना क्षेत्र में एक गोदाम पर कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में लोहे की रॉड और लात-घूसों का इस्तेमाल किया गया, जिससे एक ही परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रतलाम में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी दिलीप अग्रवाल निवासी नामली ने पुलिस को बताया कि उन्होंन कृषि उपज मंडी सामने एक गोदाम मनोहर वाडेल से किराए पर ले रखा है। 26 अप्रैल की रात करीब 9.30 बजे उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग उनके गोदाम में तोडफोड़ कर रहे हैं। जब फरियादी अपनी भाभी अनिता अग्रवाल, भतीजी निकिता और भाई तेजकरण के साथ मौके पर पहुंचे, तो वहां आरोपी प्रदीप राठौर, मनीष राठौर, दिलीप राठौर और रमेश राठौर एक पिकअप में अनाज भरने की कोशिश कर रहे थे।

**गाली-गलौज के बाद हुआ हमला**

जब फरियादी पक्ष ने गोदाम अपना होने की बात कही और उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने लोहे की नुकीली रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में दिलीप अग्रवाल के कान, कंधे और हाथ पर चोटें आईं। उनकी भाभी और भतीजी के साथ भी मारपीट की गई। बीच-बचाव करने आए भाई तेजकरण के दोनों हाथों और सीने पर गंभीर वार किए गए।

**जान से मारने की धमकी**

फरियादी का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने धमकी दी कि यदि वे दोबारा गोदाम पर आए, तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। मौके पर मौजूद अन्य लोगों और परिजनों ने जैसे-तैसे बीच-बचाव कर घायलों को छुड़ाया और निजी वाहन से अस्पताल पहुँचाया।

## रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने पं. उपाध्याय व मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर किया माल्यार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम




रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने नियुक्ति की घोषणा के बाद गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुरुवार सुबह श्री सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के साथ दीनदयाल नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद वे 80 फीट रोड रतनपुरी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पहुंचे और वहां भी माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर भाजपा संगठन के कई पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नंदकिशोर पंवार, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया, राकेश नागर, करण वशिष्ठ सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवदायित्व के लिए श्री सोनी को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## मनोहर पोरवाल बने रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष

**गोविंद काकानी तथा प्रवीण सोनी उपाध्यक्ष नियुक्त, कार्यकर्ताओं में हर्ष**

**ओम त्रिवेदी**


मनोहर पोरवाल अध्यक्ष


प्रवीण सोनी उपाध्यक्ष


गोविन्द काकानी उपाध्यक्ष

**रतलाम।** रतलाम शहर विधायक एवं मंत्री चैतन्य काश्यप के खास वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर पोरवाल को रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया। भोपाल में श्री पोरवाल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया, इसी क्रम में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के दो समर्पित नेता गोविंद काकानी और प्रवीण सोनी को उपाध्यक्ष बनाया गया है।सदस्य के रूप में राजेंद्र सिंह गोयल, धीरज व्यास, राजेंद्र मौर्य,राखी व्यास, किरण महावर नियुक्त हुए हैं।नई नियुक्तियों से शहर में आवासीय योजना,मास्टर प्लान को गति तथा शहर को विकास की सौगात मिलने की संभावना है।

## जघन्य हत्या के आरोपी को उम्रकैद, बुजुर्ग की डंडे से पीटकर की थी हत्या

**मंदसौर।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में आरोपी राजू उर्फ सुखलाल (20 वर्ष), निवासी टकरावद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई है।सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बलराम सोलंकी के अनुसार मामला अक्टूबर 2024 का है, जब ग्राम सिंदपन में चाय की दुकान और कंप्रेसर चलाने वाले बुजुर्ग मांगीलाल बाबरी ने आरोपी राजू को काम के लिए रखा था। आरोपी दुकान पर ही काम करता था और रात्रि में मांगीलाल के साथ वहीं सोता था। 17 अक्टूबर की सुबह मांगीलाल दुकान पर पलंग पर मृत अवस्था में पाए गए, उनके सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस जांच और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट देखा गया कि आरोपी राजू ने सोते हुए बुजुर्ग मांगीलाल के सिर पर डंडे से कई बार वार कर उनकी बेरहमी से हत्या की और उनकी जेब से पैसे निकालकर फरार हो गया। थाना नारायणगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पुख्ता सबूत पेश किए। अभियोजन साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

## हिसाब में हुई चूक तो किसान ने दिखाई ईमानदारी, व्यापारी को लौटाए 1.44 लाख रू. की अतिरिक्त राशि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



स्थानीय कृषि उपज मंडी में ईमानदारी का एक अनूठा उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक किसान ने लालच को दरकिनार कर मानवता और सच्चाई की मिसाल पेश की है।

मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने बताया कि मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम बोरखेड़ी निवासी किसान जीवनलाल डांगी 28 अप्रैल को अपनी सोयाबीन की फसल बेचने मंडी आए थे। उनकी उपज को फर्म धीरेंद्र सोया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 6,110 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया था। तौल और गणना के अनुसार, हम्माली व तुलाई काटकर किसान को कुल 16,057 रुपये का भुगतान किया जाना था। लेकिन भुगतान के दौरान फर्म के प्रतिनिधि से मानवीय भूल हो गई और उन्होंने किसान के खाते में गलती से 1,60,057 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

जब किसान जीवनलाल डांगी को इस अतिरिक्त भुगतान का आभास हुआ, तो उन्होंने बिना किसी देरी के ईमानदारी का परिचय दिया। किसान 29 अप्रैल 2026 को पुनः मंदसौर मंडी पहुंचे और कृषि मंडी समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में फर्म के प्रतिनिधि को अतिरिक्त राशि एक लाख 44 हजार रुपये ससम्मान वापस लौटा दिए। किसान के इस नेक कार्य और अटूट ईमानदारी की मंडी प्रशासन, व्यापारी वर्ग और साथी किसानों ने मुक्त कंठ से सराहना की है।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में उभरती प्रतिभाओं ने दिखाया दम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिला स्केटिंग एसोसिएशन और रोटरी क्लब मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 170 से अधिक नन्हे खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का प्रदर्शन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में मंदसौर में खेलों के सकारात्मक माहौल और स्केटिंग के बढ़ते प्रभाव की सराहना की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग उपस्थित रहीं, जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और स्केटिंग एसोसिएशन के समर्पित प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल भंडारी ने शहर में एक बड़े स्केटिंग ट्रैक की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और अभिभावकों की उपस्थिति में सफल प्रतिभागियों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

इस दौरान रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन, कनक पंचोली एवं शरद गांधी, योग गुरू सुरेन्द्र जैन, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, मनोज सांखला, ऋषि मेहता आदि उपस्थित रहे। संचालन स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया एवं आभार रोटरी क्लब पूर्व अध्यक्ष संजय जैन ने माना।

## 2 साल की बच्ची की पानी की टंकी में डूबने से मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मिड टाउन कॉलोनी में गुरुवार सुबह 2 साल की बच्ची की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक जब मासूम घर में नहीं दिखी तो पूरे घर समेत आसपास तलाश किया। वह नहीं मिली। पानी की टंकी की तरफ नजर गई तो बच्ची पानी की टंकी में बेसुध हालात में मिली। परिजन मासूम को टंकी से निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

बच्ची का नाम काव्या पिता रोहन सबरवाल था। सुबह ११.३० बजे घर में बच्ची खेलते हुए पानी की टंकी में गिर गई। दो मंजिल मकान होने के कारण परिजनों ने घर के अंदर तलाशा। आसपास जाकर पूछा नहीं मिली। तब मृतका के चाचा जुगल ने घर के पोर्च में बनी टंकी में देखा तो मासूम उसमें मिली।

बच्ची को बेसुध हालत में परिजन सबसे पहले शहर के रोटरी गार्डन के सामने प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से उन्हें जिला अस्पताल ले जाने को कहा। परिजन बच्ची को लेकर सरकारी मदर चाइल्ड केयर यूनिट (एमसीएच) पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टर प्रतीक आर्या ने मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन नहीं माने। तुरंत वहां से दौड़ते हुए बाइक पर लेकर एक अन्य प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए।

वहां से वापस उन्हें सरकारी हॉस्पिटल ले जाने को कहा। तब फिर से वह सरकारी हॉस्पिटल पहुंचे। लेकिन फिकर वह वहां नहीं रुके। इसके बाद शास्त्री नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए।

## नीमच में निशुल्क 31 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



बुधवार को शहर मे विशाल निशुल्क 31 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य शहर में सनातन परंपरा अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रानी सती दादी धाम समिति के प्रमुख समाजसेवी कैलाश धनुका परिवार की अगुवाई में बालाजी धाम परिसर में सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ जिसमें तीन संस्थाओं श्री रानी सती दादीधाम मंदिर ट्रस्ट बधाना, अन्नपूर्णा सेवा न्यास एवं नानीबाई बायरा उत्सव समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित सनातन सामूहिक विवाह सम्मेलन में 31 निर्धन कन्याओं का विवाह पूरे वैदिक विधि-विधान और गरिमा के साथ संपन्न कराया गया।

इस भव्य आयोजन की आत्मा बना धानुका परिवार, जिसने सेवा और समर्पण की नई मिसाल पेश की। मुख्य आयोजक कैलाश धानुका और सुनील धानुका के साथ राकेश जैन (पप्पू), विवेक मित्तल, अमित सिंह राणावत, शकुंतला देवी धानुका सहित पूरी टीम सक्रिय और भावनात्मक रूप से आयोजन के दौरान उनका अपनत्व से दायित्व निभा रहे थे। प्रातः 9 बजे माहेश्वरी भवन से बगघियो पर सवार बेटियों का प्रोसेशन निकला जिसने पूरे शहर को उत्सवमय कर दिया। सबसे आगे धर्म ध्वजा लिए घोड़े पर सवार युवक, पीछे डीजे पर गूंजते भजनों की मधुर स्वर लहरियां और ढोल-ढमाकों की थाप पर नृत्य करते परिजन हर दृश्य आस्था और उल्लास से मरा हुआ था। आकर्षक बग्गियों में सजे दूल्हा-दुल्हन और फूलों से सुसजित सुसजित रथ रथ मैं मैं विराजित रानी सती दादी के दर्शन ने शोभायात्रा को दिव्यता प्रदान की। शहरभर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बालाजी धाम मंदिर परिसर में सजे भव्य मंडप में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह की सभी रस्में संपन्न हुई। तोरण मारने से लेकर वरमाला और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरों तक सब कुछ विधि ध्यान से बालाजी के समक्ष संपन्न हुआ 31 जोडों के विवाह सम्मेलन में दानदाताओं ने प्रत्येक वरवधु को उपहार स्वरूप सोने का मंगल सूत्र, सोने का नाक का काटा, चांदी की पायजेब, पलंग, अलमारी, कूलर, एलईडी टीवी, आदि सहित अटैची, गद्य, तकिए, चद्दर, कंबल, मिक्सर, ओवन, बर्तन, चाय की कैटल, चूल्हा, 120 सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई हैं।

## न्यूज कालम



## मोबाइल, चांदी के सिक्के व नकदी चुराने वाला आरोपी पकड़ाया

**मन्दसौर।** शहर थाना कोतवाली अंतर्गत दशपुर कुंज क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के कुशल मार्गदर्शन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर की टीम ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की। फरियादी मनोज पिता मदनलाल थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हेतुए उसके घर से मोबाइल, चांदी के सिक्के और अन्य घरेलू सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, जिसकी मदद से बरगुण्डा गली निवासी २० वर्षीय आरोपी किशन पिता मांगीलाल रावत को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया वीवो कंपनी का मोबाइल, चांदी के सिक्के और नकदी सहित कुल 17 हजार रुपये का मश्रुका बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## राष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट्स कोर्स में मंदसौर के 18 एनसीसी कैडेट्स का चयन



**मंदसौर।** जिले के 18 एनसीसी छात्र सैनिकों का चयन राष्ट्रीय स्तर के 14 दिवसीय बेसिक वॉटर स्पोर्ट्स कोर्स के लिए हुआ है। यह विशेष प्रशिक्षण अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण संस्थान मनाली के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले स्थित पोंग डैम पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुल 70 कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें जल सुरक्षा, सेलिंग, विंड सर्फिंग, राफ्टिंग और कयाकिंग जैसी विभिन्न साहसिक जल क्रीड़ाओं का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। मेजर डॉ. विजय सिंह पुरावत ने बताया कि यह जिला के लिए पहली उपलब्धि है जब इतनी बड़ी संख्या में कैडेट्स इस कोर्स में भाग ले रहे हैं। भारतीय सेना के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित यह कोर्स ग्रेडिंग आधारित है, जिसमें सफल कैडेट्स को एडवांस कोर्स का अवसर मिलेगा। इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर अदिति गर्ग सहित शहर के गणमान्य नागरिकों और सैन्य अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र सैनिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पंकज डागा निर्विरोध सचिव निर्वाचित, अध्यक्ष के लिये त्रिकोणीय मुकाबला

**मन्दसौर।** श्री माहेश्वरी समाज मंदसौर के निर्वाचन प्रक्रिया के



तहत २९ अप्रैल को नाम वापसी का अंतिम समय निर्धारित किया गया था, लेकिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस न लेने के कारण चुनावी मैदान की स्थिति स्पष्ट हो गई है। सचिव पद के लिए एकमात्र नामांकन प्राप्त होने के कारण पंकज डागा को निर्विरोध सचिव निर्वाचित घोषित किया गया है। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए अब तीन प्रत्याशियों गोपाल दास पसारी, महेंद्र दुरग एवं महेश (बंकट) सोमानी के बीच मुकाबला होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिनेश डागा एवं निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट नवीन कुमार जैन (कोठारी) ने जानकारी दी कि आगामी 3 मई 2026 को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें समाज के 236 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## आज से प्रतिदिन प्रात: 2 घण्टे चलेगा शिवना शुद्धिकरण अभियान

**मन्दसौर।** मंदसौर की जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ और जलकुंभी मुक्त बनाने के संकल्प के साथ शुरू हुए ऐतिहासिक अभियान ने अपना एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में पिछले वर्ष 1 मई से शुरू हुए इस जन-आंदोलन ने अब तक 101 दिनों का श्रमदान पूरा किया है, जिसके सुखद परिणाम पशुपतिनाथ मंदिर के समीप साफ सुथरी नदी के रूप में दिखाई दे रहे हैं। इस पुनीत कार्य में केवल स्थानीय नागरिकों ही नहीं, बल्कि राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से आए लोगों ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। समाज के हर वर्ग ने एकजुट होकर नदी से टनों गाद और प्लास्टिक कचरा बाहर निकाला है। अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर विधायक विपिन जैन ने घोषणा की है कि यह मिशन अभी रुका नहीं है और १ मई से प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक पुनः श्रमदान का स्वर गूंजेगा। उन्होंने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अपनी अटूट श्रद्धा और ऊर्जा के साथ इस अभियान से जुड़ें ताकि शिवना नदी को उसके प्राचीन और शुद्ध स्वरूप में वापस लाया जा सके।

## नपा के 8 नए वाहनों को विधायक व नपाध्यक्ष ने झंडी दिखाकर जनता को समर्पित

**नीमच।** नगर पालिका नीमच के वाहन बेड़े में गुरुवार को 8 नए वाहन सम्मिलित हुए जिनका लोकार्पण शाम 5.30 बजे बंगला नंबर 60 पुरानी नगर पालिका में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार व नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा ने उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, नगर मंडल अध्यक्ष श्री दारा सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री संतोष चोपड़ा, वाहन शाखा सभापति श्रीमती कुसुम जोशी , पार्षद श्री आलोक सोनी, श्री रूपेंद्र लॉक्स,श्री योगेश कवीश्वर की उपस्थिति मैं हरी झंडी दिखा कर किया। वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उपस्थित अतिथिगणो ने नगर पालिका के वाहन बेड़े में शामिल होने वाले पांच इलेक्ट्रॉनिक कचरा संग्रहण वाहन तथा तीन ट्रैक्टर की पंडित जी की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना की।



## नारायणा रोड़ स्थित मुनिसुव्रत स्वामी लाल मंदिर के शिखर पर चढ़ाई ध्वजा

**महिदपुर।** नारायणा रोड़ स्थित लाल मंदिर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन श्री मुनि सुव्रतस्वामी मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। जिसका लाभ मुंबई निवासी नगीनभाई शाह एवं डॉ. अशोक चैपड़ा परिवार ने लिया। जिनदतसूरी महिला मंडल ने सत्रहभेदी पूजा पढ़ाई। जिसमें नवमी ध्वजा पूजा पढ़ाने से पहले अमितगुणा श्रीजी मसा आदि ठाणा ने ध्वजा की अष्टप्रकारी (जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप धूप, फल) पूजा चैपड़ा परिवार द्वारा करवाई। प्रदक्षिणा देकर शिखर पर ले गये। भगवान की शिखर ध्वजा जैन श्रीसंघ के सदस्यों की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक चढ़ाई गई। इस तरह मंदिर में ही पूजा के बाद आरती, मंगलदीवो, चैत्य वंदन व शांति कलश कर आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रीमती चंदा चैपड़ा परिवार द्वारा श्री जिनदतसूरी एवं हेमप्रभा बहुमंडल का बहुमान कर राशि प्रदान की जिसे श्रीमती सुनीता एवं मेघा चैपड़ा मंडल अध्यक्षों ने स्वीकार किया। चैपड़ा परिवार की ओर से डॉ अशोक चैपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी सीमा चैपड़ा ने दी।

## स्टेडियम निर्माण की मांग तेज, जनप्रतिनिधियों ने मंत्रियों से की मुलाकात व सौंपा पत्र



**सुसनेर।** लंबे समय से लंबित स्टेडियम निर्माण की मांग अब तेज हो गई है। नगर में खेल सुविधाओं के अभाव को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी व भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन ने प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग उठाई। इस दौरान मंत्री को एक विस्तृत पत्र भी सौंपा गया, जिसमें युवाओं को हो रही परेशानियों का उल्लेख किया गया। पत्र में बताया गया कि नगर में स्टेडियम निर्माण के लिए लगभग 2.218 हेक्टेयर भूमि पूर्व में ही आवंटित की जा चुकी है। जो शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं महाविद्यालय के समीप स्थित है। लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके चलते क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए उचित मैदान नहीं मिल पा रहा है और उनकी प्रतिभा प्रभावित हो रही है। सोनी ने कहा कि खेल सुविधाओं के अभाव में युवा न तो नियमित अभ्यास कर पा रहे हैं और न ही प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी कर पा रहे हैं। जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से शीघ्र स्टेडियम निर्माण कराए जाने की मांग की है। ताकि क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें। इस दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान एवं मंत्री संपतिया उइके से भी मुलाकात कर नगर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। मुलाकात के दौरान जिला प्रभारी जयदीप सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, भाजपा नेता बाबूलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चामलेश्वर महादेव पर पुलिस ने रात्रि विश्राम कर जनसंवाद किया



**इंगोरिया।** शासन द्वारा चलाए जा रहे ग्रामीण जागरूकता अभियान के अंतर्गत इंगोरिया पुलिस द्वारा ग्रामवासियों से जन संवाद कर रात्रि विश्राम किया गया। बड़नगर अनुभाग पुलिस एस डी ओ महेंद्र सिंह परमार और थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने चामलेश्वर महादेव मंदिर पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर शासन की मंशाअनुसार सायबर ठगी से लोगों को जागरूक किया। अनजान लोगों मुसाफिरों से सावधान रहने, अननोन नंबरों से लिंक नहीं करने, अवयस्क बच्चियों की सुरक्षा हेतु मुस्कान अभियान के बारे में लोगों को समझाइश दी। ग्राम खेड़ा नारायण में आसपास के ग्रामों खेड़ा , मुंडत , और बालोदा हसन के नागरिकों को एकत्रित कर अपने वाहनों का बीमा, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर अपनी और परिवार की सुरक्षित यात्रा की समझाइश देकर सुरक्षा के उपाय बताए । रात्रि विश्राम के बाद जनसंवाद कार्यक्रम में उप निरीक्षक नानकराम पटेल, आरक्षक दीपक सोलंकी और संदीप मौजूद रहे।

## शहर के व्यापारी ने राजगढ़ में लगाई फांसी, कुएं की मुंडेर पर मिला शव

**शुजालपुर।** शुजालपुर के एक व्यापारी द्वारा राजगढ़ जिले में फ ांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया



जा रहा है कि वह अपने ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहा था, इसी दौरान उसने यह कदम उठा लिया। जानकारी के अनुसार घटना राजगढ़ जिले के चोमा गांव के पास की है, जहां व्यापारी का शव एक कुएं की मुंडेर पर लटका मिला। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसने कुएं की मुंडेर पर लगे लोहे के सरिए से गमछा बांधकर फं दा लगा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके से पुलिस ने मृतक की बाइक एमपी 42 जेड जी 1453 और एक बैग भी बरामद किया है। मृतक की पहचान शुजालपुर मंडी बस स्टैंड क्षेत्र में होटल संचालित करने वाले विजय केवट 34 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने ससुराल सुठालिया, राजगढ़ में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने रात में ही मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल भेजा गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### 99773 किसानों में से 30 फीसदी किसानों ने अब तक बेची अपनी गेहूं की उपज

# रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूँ उपार्जन कार्य तेज, अब तक 238 करोड़ रुपये के गेहूं की खरीदी

### किसानों को अब तक 187.87 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**



रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया जारी है, जिसके अनुसार सारंगपुर अनुविभाग में 27 तो जिलेभर में 115 खरीदी केंद्रो पर गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। 27 अप्रैल शाम 7 बजे तक के ताजा आंकडों के अनुसार इस सीजन में कुल 99,773 किसानों ने गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन कराया था। इनमें से अब तक 29,882 किसानों से गेहूँ की खरीदी सफलतापूर्वक की जा चुकी है। यानि मात्र 29.94 फीसदी किसान की अब तक अपना गेहूं सरकार को बेच पाए है। उपार्जन केंद्रों पर अब तक कुल 99,769 मीट्रिक टन गेहूँ की आवक दर्ज की गई है।

#### परिवहन और भंडारण की स्थिति

संबंधित अधिकारियों के द्वारा खरीदे गए गेहूँ के उठाव और भंडारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 99,452 मीट्रिक टन परिवहन के लिए तैयार है। और अब तक 94,155 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 94.67 फीसदी है। इसी तरह 83,762 मीट्रिक टन गेहूँ गोदाम स्तर पर और 10,393 मीट्रिक टन ओपन कैप में पहुँचाया गया है। फिलहाल 5,297 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन होना अभी शेष है।

#### भुगतान और स्वीकृति पत्र

किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए 'स्वीकृति पत्र जारी किए जा रहे हैं। अब तक 90,791 मीट्रिक टन मात्रा के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों से 238.33 करोड़ रुपये के गेहूं खरीदे जा चुके है और इसमें से 187.87 करोड़ रुपये का भुगतान जीआइटी पोर्टल के माध्यम से ईपीओ द्वारा किया जा चुका है। जिला कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि शेष बचे किसानों से जल्द खरीदी पूर्ण कर ली जाए और परिवहन कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कर लंबित भुगतानों का निपटारा किया जाए।

#### वेयरहाउस पर लगी ट्रेक्टरों की कतारे

मंगलवार को सुबह से ही पुराने एबी रोड पर स्थित आशा वेयरहाउस पर गेहूं से भरे ट्रेक्टरों की लंबी कतारे देखी गई। उल्लेखनीय है कि यह पर माकेटिंग सोसायटी सहित प्राथमिक सेवा समिति, समूह आदि के चार खरीदी केंद्र बनाए गए है इसके लिए यह पर किसानों की भीड अधिक है।

### मुरैना के अंबाह से उज्जैन जा रही बारातियों की बस पलटी

# 03 की मौत, 26 घायल, 08 गंभीर घायल को भोपाल रेफर

### घायलों में महिलाएं एवं बच्चे शामिल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।**



राजगढ़ जिले के ब्यावरा से करीब 10 किलोमीटर दूर हाईवे पर ग्राम काचरी के पास सुबह करीब 6 बजे बारातियों से भरी एक बस पलट गई इस दर्दनाक हादसे में 03 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए, 08 गंभीर घायलों को भोपाल रेफर किया गया।

बस में सवार सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने मुरैना के गछेड़ अंबाह के पास से उज्जैन जा रहे थे तभी ब्यावरा के पास कचरी जोड़ पर यह हादसा हो गया, घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई, सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया, सभी घायलों को ब्यावरा सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में कई महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पूरा मामला ब्यावरा सीटी थाना क्षेत्र का है।

## शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में भव्य बीआईएस तकनीकी प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**शाजापुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज शाजापुर में 29 अप्रैल बुधवार को कॉलेज के बीआईएस विभाग द्वारा भव्य तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग के 19 उत्साही छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। कॉलेज के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में सहायता की। इस तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाना और उन्हें प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। समापन पर विजेताओं जिनमें अयान खॉन- प्रथम, सत्यम गोड़ - द्वितीय, शाहिद शेख - तृतीय एवं अनुज राठौर- चतुर्थ स्थान पर रहे। सभी को प्राचार्य विपुल परमार्थी द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम का संचालन बीआईएस प्रभारी अधिकारी गायत्री सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सपना महाजन, जोगेन्द्र भारती, अफाक कुरैशी इत्यादि उपस्थित थे।

## महिला से मारपीट, जेठ-जेठानी पर आरोप

**सुसनेर।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 डाक बंगला रोड क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौच का मामला सामने आया है। पीड़िता ममता राठौर (35) ने सुसनेर थाने पहुंचकर अपने जेठ सतीश उर्फ बबलु राठौर एवं जेठानी सुधा राठौर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है। उस समय ममता अपने घर के बाहर स्थित दुकान पर मौजूद थी। तभी उसका जेठ सतीश उर्फ बबलु वहां पहुंचा और उसके पति से जुड़े पारिवारिक विवाद को लेकर उसे अपशब्द कहने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने ममता के साथ थप्पड़ मारकर मारपीट की। इस दौरान उसकी जेठानी सुधा राठौर भी मौके पर पहुंच गई और उसने भी गाली-गलौच करते हुए विवाद को बढ़ा दिया। पीड़िता की बेटी एवं आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और उसे आरोपियों से छुड़ाया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जाते समय दोनों आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कर्मचारियों की कमी के बावजूद शुजालपुर मंडी ने बनाई पहचान

### 10 से 15 कर्मचारियों की आवश्यकता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**




कर्मचारियों के अभाव से जूझ रही शुजालपुर कृषि उपज मंडी ने सीमित संसाधनों के बावजूद उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अ वर्ग की मंडी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जहां कम से कम तीन मंडी निरीक्षकों की आवश्यकता होती है, वहीं यहां निरीक्षक स्तर के पद रिक्त हैं और सहायक उपनिरीक्षकों की भी भारी कमी बनी हुई है।

वर्तमान में मंडी का संचालन केवल दो सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह सिसोदिया और अंतर सिंह मकवाना के भरोसे किया जा रहा है। वहीं, मंडी कार्यालय के नियमित संचालन के लिए 10 से 15 कर्मचारियों की आवश्यकता होती है, लेकिन यहां गिने-चुने कर्मचारियों के सहारे ही पूरा कामकाज संभाला जा रहा है। मंडी की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां पदस्थ होने वाले अधिकारी भी लंबे समय तक टिक नहीं पाते। अधिकांश सचिव अधिकतम छह माह के भीतर ही स्थानांतरित हो जाते हैं, जिससे व्यवस्थाएं स्थिर नहीं हो पातीं। इन चुनौतियों के बीच अप्रैल 2026 में पदस्थ हुए सचिव योगेंद्र सिंह मेवाड़ा ने अपने कुशल नेतृत्व, अनुभव और प्रशासनिक दक्षता से मंडी की तस्वीर बदलने का प्रयास किया है। उनके कार्यकाल में अल्प समय में ही मंडी की आय में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और संभाग स्तर पर मंडी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मेवाड़ा ने मंडी की आंतरिक कमियों और व्यवस्थागत खामियों को समझते हुए सुधारात्मक कदम उठाए, जिससे सीमित स्टाफ के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार आया है। संसाधनों की कमी के बावजूद शुजालपुर मंडी का यह प्रदर्शन अन्य मंडियों के लिए उदाहरण बनता नजर रहा है।

### भीषण गर्मी का कहर: शहर की सड़कों पर चलते-फिरते ठंडे ठिकानों की मांग बढ़ी

# स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है इस गाड़ी की ठंडाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**




जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, शहरवासियों का हाल बेहाल है। इस तपती धूप और लू के थपेड़ों के बीच राहत पाने के लिए लोग अब ठंडे पेय पदार्थों और आइसक्रीम का सहारा ले रहे हैं। शहर के मुख्य चौराहों और कॉलोनियों में रंग-बिरंगी आइसक्रीम और जूस की गाड़ियों की रौनक देखते ही बन रही है।

#### 'प्रेम मेवाड़ जैसी गाड़ियाँ बनीं आकर्षण का केंद्र

'प्रेम मेवाड़' जैसी आधुनिक और सजी-धजी आइसक्रीम गाड़ियाँ इन दिनों चर्चा का विषय हैं। ये गाड़ियाँ न केवल दिखने में आकर्षक हैं, बल्कि इनमें वैरायटी की भी भरमार है। पारंपरिक मटका कुल्फी से लेकर अमेरिकन नट्स तक की मांग है। गर्मी से तुरंत राहत देने के लिए लोग ठंडे बादाम शेक और लजीज फालूदा का आनंद ले रहे हैं। दोपहर के समय जब सड़कों पर सन्नााटा होता है, तब ये चलती-फिरती दुकानें लोगों को कूल रखने का काम कर रही हैं।

#### बढ़ती बिक्री से चेहरे खिले

आइसक्रीम विक्रेताओं का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार गर्मी जल्दी शुरू होने से बिक्री में 20 से 30 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। खासकर शाम के वक्त सड़को और बाजारों के पास इन गाड़ियों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। ग्राहक दीपक प्रजापति और सचिन गुर्जर, नीतेश परमार ने कहा कि दोपहर की धूप में कहीं भी जाना मुश्किल है, ऐसे में ठंडी कुल्फी या बादाम शेक मिल जाए तो थोड़ी राहत मिलती है।

#### सावधानी की अपील

सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अंकित यादव सलाह देते हैं कि अत्यधिक धूप से तुरंत आकर बहुत अधिक ठंडा पानी या जूस न पिएं, इससे स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। थोड़े अंतराल के बाद ही इनका आनंद लें। उन्होंने सड़क किनारो पर लगी इन दुकानों से शीतल पेय पदार्थो को सावधानी पूर्वक सेवन करने की सलाह दी। उनका कहना है कि अक्सर इन पेय पदार्थो में स्वास्थ्य के लिए हानिकारण सामग्री का केमिकल का उपयोग कर दिया जाता है जिससें फूड पाइजिंग भी हो सकती है।



दीनदयाल उपाध्याय चौक का होगा कायाकल्प

## पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सुविधाओं का होगा विस्तार, हरियाली भी बढ़ेगी

**सुसनेर।** नगर परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी कड़ी में पुराना बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का व्यापक सौंदर्यीकरण किए जाने की योजना तैयार की गई है। लंबे समय से उपेक्षित इस प्रमुख चौराहे को अब आधुनिक स्वरूप देने की पहल नगर परिषद द्वारा की जा रही है। जिससे क्षेत्र की पहचान और भी सुदृढ़ होगी। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौक पर आकर्षक फव्वारा स्थापित किया जाएगा, जो क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लगाएगा। इसके साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। जिससे यह स्थल न केवल सौंदर्य का केंद्र बनेगा, बल्कि एक प्रेरणादायक स्थान के रूप में भी विकसित होगा। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चौक पर बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएंगी ताकि राहगीर व खरीदार कुछ समय विश्राम कर सकें। इसके अलावा चौक के आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। जिससे वातावरण भी स्वच्छ और सुहावना बनेगा। नगर परिषद का मानना है कि इस सौंदर्यीकरण कार्य से पुराना बस स्टैंड क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और यह स्थान नगर का आकर्षक केंद्र बनकर उभरेगा। स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे बाजार क्षेत्र में रौनक बढ़ेगी और शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह 10 मई को

**गुना।** क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय द्वारा एक नई पहल करते हुए 80% अथवा उससे अधिक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 10 मई 2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ की जा रही है। विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी संकाय एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना एवं विद्यार्थियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

## शराब की ओवररेटिंग पर आबकारी विभाग का कडा प्रहार

#### छापेमारी में निकली कई खामियां, की गई कार्रवाई



**सारंगपुर।** आबकारी कमिश्नर द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सारंगपुर सहित जिले में शराब माफियाओं और नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। मंगलवा रात्रि में कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में सारंगपुर आबकारी विभाग ने क्षेत्र की लाइसेंसी मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ मदिरा दुकानों पर तय एमआरपी से अधिक दामों पर शराब बेची जा रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे ने अपनी टीम के साथ औचक कार्रवाई की। जांच के दौरान दुकानों पर अनियमितताएं पाई गईं और विभागीय प्रकरण कायम किए गए। श्रीकनासे ने बताया कि हमारे टीम ने भैंसवामामाता स्थित कंपोजिट दुकान लाइसेंसी प्रमोद कुमार शिवहरे, सारंगपुर मेंलाइसेंसी मोहिनी इंटरप्राइजेज, पीलूखेडी लाइसेंसी विवेक राय तथा रामगढ लाइसेंसी अरुण पटेल की दुकानों पर शराब को तय मूल्य से अधिक कीमत पर बेचते पाया गया, जिसके बाद मौके पर ही सख्त कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान श्रीकनासे ने लाइसेंसियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि दुकान का संचालन आबकारी अधिनियम 1915 और मप्र शासन के नियमों के तहत ही किया जाए। नियमों की अनदेखी करने पर लाइसेंस निरस्त करने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है।

## सारंगपुर तिरूपति जैविक कृषि फार्म बने जीवामृत और नीमस्त्र की पैकिंग

**सारंगपुर।** सारंगपुर सहित जिले में प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने और किसानों को सुलभ जैविक खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक बडी पहल की गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि सचिन जैन के नेतृत्व में 'नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत जिले में 13 बायो-रिसोर्स सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों में से सारंगपुर सहित 8 बीआरसी ने सफलतापूर्वक अपने जैविक उत्पाद जीवामृत, बीजामृत और नीमास्त्र तैयार कर लिए हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा की विशेष सलाह पर पूरे जिले के इन उत्पादों की पैकेजिंग और लेबलिंग में एकरूपता रखी गई है, ताकि बाजार में इनकी एक अलग पहचान बन सके। इस अवसर पर बिलोदा सड़क के उन्नतशील किसान सतीश बैस ने बताया कि लगभग 45 दिनों के कडे परिश्रम के बाद ये उत्पाद तैयार हुए हैं। इसका उद्देश्य प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जैविक इनपुट उपलब्ध कराना।

# धुरंधर 2 के क्लाइमैक्स में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल

फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' के क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का और हर टैंक में हर टैंक में 25 किलो बारूद का इस्तेमाल किया गया था। यह खुलासा फिल्म के एसएफएक्स सुपरवाइजर विशाल त्यागी किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म का सबसे चर्चित टैंकर ब्लास्ट सीन पूरी तरह से 'प्रैक्टिकल इफेक्ट्स' की मदद से शूट किया गया था और इसमें जीरो सीजीआई (कंप्यूटर ग्राफिक्स) का इस्तेमाल हुआ।



प्रोडक्शन की सलाह को किया दरकिनार इस सीन को अंजाम देने के लिए विशाल त्यागी पर काफी दबाव था।

### असली पेट्रोल और बारूद का हुआ इस्तेमाल

विशाल त्यागी ने 'हिंदी रश' को दिए इंटरव्यू में बताया कि डायरेक्टर आदित्य धर इस सीन को बहुत रियल दिखाना चाहते थे। विशाल ने कहा, ₹आमतौर पर लोग छोटा धमाका कर-के उसे कंप्यूटर की मदद से बड़ा दिखा देते हैं, लेकिन आदित्य धर का निर्देश साफ था कि हमें धमाकों के लिए सीजीआई का इस्तेमाल नहीं करना है। क्लाइमैक्स में टैंकर ब्लास्ट को क्रिएट करना सबसे मुश्किल काम था। हमने इसमें असली 500 लीटर पेट्रोल जलाया। सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी चिंता थी क्योंकि आग की लपटों के बीच रणवीर सिंह को पैदल चलना था।

### धमाके के बीच बेखौफ दिखे रणवीर सिंह

शूटिंग के दौरान सबसे ज्यादा खतरा रणवीर सिंह के लिए था क्योंकि उन्हें आग के बेहद करीब से गुजरना था। विशाल ने बताया कि रणवीर बिल्कुल भी डरे हुए नहीं थे। विशाल के मुताबिक, रणवीर को हमारी टीम पर भरोसा था। मैंने उन्हें सटीक जानकारी दी थी कि उन्हें कहां से चलना शुरू करना है। शॉट पूरा होने के बाद उन्होंने खुश होकर मुझसे कहा- 'फाड़ दिया तूने!'



# समय रैना और रणवीर अलाहबादिया फिर साथ दिखेंगे

### कपिल के शो में इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के बाद पहली बार साथ नजर आएंगे

वर्ल्ड लाफ्टर डे (3 मई) के मौके पर नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का एक स्पेशल एपिसोड आने वाला है। इस एपिसोड में कपिल शर्मा के साथ समय रैना और रणवीर अलाहबादिया नजर आएंगे। यह स्पेशल एपिसोड 2 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

बता दें कि इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के बाद समय और रणवीर पहली बार साथ किसी शो में साथ नजर आएंगे। शो का एक टीजर भी सामने आया है, जिसमें समय कहते हैं, फ्रेंड्स, मैं आखिरकार अपने फेवरेट शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आ रहा हूं, लेकिन मुझे नहीं बताया गया कि मेरे साथ कौन गेस्ट होगा। उन्होंने कहा कि अभी बताएंगे 3, 2, 1।

इसके बाद रणवीर एंट्री करते हैं। इस पर समय कहते हैं, नो वे, ब्रो! गौरतलब है कि पिछले साल रणवीर जब समय के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में आए थे, तब बहुत विवाद हुआ था। एपिसोड के दौरान रणवीर ने अश्लील और आपत्तिजनक जोक किया था। इसका वीडियो वायरल होते ही देशभर में विरोध हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि समय को अपने यूट्यूब चैनल से शो के सभी एपिसोड हटाने पड़े थे।

विवाद के कारण समय रैना, रणवीर अलाहबादिया, आशीष चंचलानी, अपूर्वा मखीजा और जसप्रीत सिंह के खिलाफ महाराष्ट्र, असम (गुवाहाटी) और राजस्थान (जयपुर) में एफआईआर दर्ज की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए रणवीर के दिमाग को गंदा बताया और कहा कि ऐसी बातें समाज में शर्मिंदगी लाती हैं। कोर्ट ने उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का भी आदेश दिया था।




# बीच सड़क पर नीतू कपूर और रणबीर ने किया डांस

गौरतलब है कि नीतू कपूर (नीतू सिंह) 70-80 के दशक की चर्चित एक्ट्रेस रही हैं और उन्होंने अमर अकबर एंथोनी, दीवार और धर्मवीर जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया। 67 की उम्र में भी वे फिल्मों में एक्टिव हैं। जल्द ही वो फिल्म दादी की शादी में नजर आएंगी, जो 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह कपिल शर्मा के साथ मुख्य भूमिका में हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म से नीतू की बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं।


रणबीर कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म ह्वरामायणह्न में भगवान राम की भूमिका निभाते दिखेंगे और यह फिल्म दिवाली पर रिलीज होने वाली है।

इसके अलावा वे संजय लीला भंसाली की फिल्म ह्वलव एंड वॉरह्न में आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ नजर आएंगे। फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# Sport

### हैदराबाद ने छह विकेट से दर्ज की जीत, ट्रेविस और क्लासेन के अर्धशतक

# हेड और हेनरिक के वार से हारी मुंबई



एजेंसी ▸▸ मुंबई

ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन की तूफानी अर्धशतकीय पारियों से सनराइजर्स हैदरबाद ने बुधवार को मुंबई इंडियंस को छह विकेट से करारी शिकस्त दी। रेयान रिकेल्टन ने मुंबई के लिए सबसे तेज शतक व सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी बनाया। टीम ने पांच विकेट पर 243 रन बनाए, इसके बावजूद वह हार का सिलसिला नहीं तोड़ पाई।

हैदराबाद ने लक्ष्य 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। सलिल ने छक्के के साथ टीम को सत्र की छठी जीत दिलाई। क्लासेन (65) ने नीतीश (21) के साथ चौथे विकेट के लिए 80 और सलिल (30) के साथ पांचवें विकेट के लिए अटूट 36 रन जोड़े। हेड (76) और अभिषेक (45) ने पहले विकेट की 129 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी।

अभिषेक और हेड ने तेजतर्रार शुरूआत दिलाई। हेड हालांकि भाग्यशाली रहे जब बोल्ट की गेंद पर नमन उनका कैच लपकने में नाकाम रहे और गेंद छह रन के लिए चली गई। नमन ने इसके बाद गजनफर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर हेड को दूसरा जीवनदान दिया। टीम ने पावरप्ले में 92 रन बनाए। नमन ने सातवें ओवर में अश्वनी की गेंद पर तीसरी बार हेड का कैच टपकाया। अभिषेक इसके बाद गजनफर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बैकवर्ड प्वाइंट पर बोल्ट को कैच दे बैठे। ईशान ने गजनफर की अगली गेंद को विकेटों पर खेला।

हेड भी इसके बाद हार्दिक की गेंद को एक्सट्रा कवर पर जैक्स के हाथों में खेल गए। क्लासेन ने इसके बाद अपने तेवर दिखाए। उन्होंने गजनफर पर छक्के के साथ सिर्फ 22 गेंद में मौजूदा सत्र का चौथा अर्धशतक पूरा किया। नीतीश ने भी गजनफर पर चौका जड़ा लेकिन फिर बोल्ट की गेंद को हवा में लहराकर सूर्यकुमार को कैच दे बैठे। इससे पहले रिकेल्टन के करियर के पहले आईपीएल शतक से मुंबई ने वानखेडे स्टेडियम का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इससे पहले बेंगलुरु ने 12 अप्रैल को चार विकेट पर 240 रन बनाए थे। यह मुंबई तीसरा बड़ा स्कोर है। रिकेल्टन ने इस दौरान तीन अर्धशतकीय साझेदारियां भी निभाई।

उन्होंने विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और हार्दिक (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े।


# पराग ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीकर फंसे, एक लाख जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग विवाद में फंस गए हैं। वह मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले गए मुकाबले के दौरान ड्रेसिंग रूम में 'वेपिंग' (ई-सिगरेट का इस्तेमाल करना) करते हुए टीवी कैमरों में कैद हो गए। लाइव ब्रॉडकास्ट (सीधा प्रसारण) की यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

वीडियो राजस्थान की बल्लेबाजी के 16वें ओवर का है। इसमें पराग विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल की मौजूदगी में कथित तौर पर ई-सिगरेट का सेवन करते दिख रहे हैं। मौजूदा सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे पराग ने अपनी टीम की जीत में 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे।

लीग के संचालन से जुड़े आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, कई खिलाड़ी ई-सिगरेट का सेवन करते हैं,



लेकिन वे ड्रेसिंग रूम में ऐसा नहीं करते। इतने सारे कैमरों के बीच ऐसा करना बेहद जोखिम और लापरवाही भरा है। पराग को खुलेआम ई-सिगरेट पीते हुए पकड़े जाने के बाद बीसीसीआई को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। यह पराग की तरफ से लापरवाही थी और इस तरह की घटना का बचाव करना मुश्किल है।

### आडवाणी को हरा कोठारी ने फिर खिताब पर कब्जा किया

**कारलो (आयरलैंड)।** भारत के सौरव कोठारी ने पंकज आडवाणी को हराकर अपना विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा है। कोलकाता के खिलाड़ी ने बुधवार को फाइनल में 19 बार के चैंपियन आडवाणी को 1133-477 से हराया। कोठारी ने 485, 121, 90, 241 और 155 के ब्रेक बनाकर जीत पक्की की। कोठारी ने जीत पिताजी मनोज कोठारी को समर्पित की जिनका इस साल के शुरू में निधन हो गया था। आडवाणी ने शुरू में 141 का ब्रेक बनाया लेकिन कोठारी ने 485 के साथ उसका करारा जवाब दिया। इसके बाद उन्होंने 121 और 90 के ब्रेक बनाकर आडवाणी को मुकाबले से बाहर कर दिया।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा.
9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# यात्री सुविधाओं में फिसड्डी साबित हुआ इंदौर एयरपोर्ट

## देश में छठे पायदान से लुढ़ककर 13वें नंबर पर पहुंचा, 31 में से 28 पैरामीटर्स पर यात्रियों ने जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अब हवाई सेवाओं के मामले में पिछड़ता नजर आ रहा है। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं का स्तर इस कदर गिरा है कि देश के प्रमुख हवाई अड्डों की रैंकिंग में इसे बड़ा झटका लगा है।




एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा जारी साल 2026 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च की एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी रिपोर्ट में इंदौर एयरपोर्ट अब 13वें स्थान पर पहुंच गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि महज तीन महीने पहले यानी साल 2025 की अंतिम तिमाही में इंदौर देश में छठे पायदान पर था, लेकिन अब यह अपनी साख बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस सर्वे रिपोर्ट के आंकड़ों पर नजर डालें तो इंदौर को 5 में से महज 4.87 अंक ही प्राप्त हुए हैं, जबकि 4.96 अंकों के साथ पुणे एयरपोर्ट ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। चेन्नई 4.95 अंकों के साथ दूसरे और गोवा 4.94 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज है।

### 31 पैरामीटर्स में से 28 मानकों पर बेहद कम अंक मिले

इंदौर की इस गिरावट का मुख्य कारण यात्रियों का असंतोष रहा है। सर्वे के कुल 31 पैरामीटर्स में से 28 मानकों पर इंदौर को बहुत कम अंक मिले हैं। यात्रियों ने विशेष रूप से साफ-सफाई, वाईफाई की खराब कनेक्टिविटी, चार्जिंग स्टेशनों की कमी और मनोरंजन के विकल्पों के अभाव पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। हैरानी की बात यह है कि इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने हाल ही में मार्च महीने में उड़ान कैफे की शुरूआत की थी और वेटिंग एरिया का विस्तार भी किया था, लेकिन ये बदलाव यात्रियों को लुभाने में नाकाम रहे। यात्रियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं, रेस्टोरेंट, बार और यहां तक कि सुरक्षा जांच स्टाफ के व्यवहार को लेकर भी कम रेटिंग दी है। एयरपोर्ट पर पहुंचने के रास्तों और दिशा-सूचक संकेतों की कमी ने भी इंदौर के स्कोर को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस खराब प्रदर्शन के कारण इंदौर अब रायपुर, कालीकट, कोयंबत्तूर और भुवनेश्वर जैसे छोटे शहरों के हवाई अड्डों से भी पीछे छूट गया है।

### इससे पहले देश में तीसरा स्थान था

अगर पिछले रिकॉर्ड को देखें तो इंदौर एयरपोर्ट का यह प्रदर्शन बेहद चिंताजनक है क्योंकि वर्ष 2025 की वार्षिक रैंकिंग में इंदौर को देश में तीसरा स्थान मिला था। उस समय इंदौर ने 4.92 अंक हासिल किए थे, जिससे उम्मीद जगी थी कि 2026 में यह शीर्ष पर रहेगा। हालांकि, हकीकत इसके उलट रही। अब 16 प्रमुख एयरपोर्ट्स की सूची में इंदौर से पीछे केवल श्रीनगर, पोर्ट ब्लेयर और अमृतसर ही रह गए हैं। एएसक्यू सर्वे की इस रिपोर्ट का असर अब साल की अगली तिमाहियों और वार्षिक रैंकिंग पर भी पड़ना तय माना जा रहा है, जो इंदौर की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए एक बड़ा सेटबैक है।

## न्यूज कॉलम

### व्यापारी की 15 लाख की चांदी बरामद पुलिस ने कर्मचारी को किया गिरफ्तार

**इंदौर।** सराफा क्षेत्र में ज्वेलर्स की दुकान से 6 किलो चांदी लेकर फरार हुए कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 8 अप्रैल को वारदात को अंजाम दिया था। वह फाइन आर्ट के लिए लाई गई चांदी से भरा बैग उठाकर फरार हो गया था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि साउथ तुकोगंज निवासी राहुल जैन की सराफा क्षेत्र में सिद्धि विनायक के नाम से विहर्ष ज्वेलर्स की दुकान है। उन्होंने करीब 6 किलो चांदी हुकुमचंद कॉलोनी निवासी पंकज पुत्र प्रहलाद निमावत से मंगवाई थी। 8 अप्रैल को राहुल जैन कुछ देर के लिए दुकान से बाहर गए थे। इसी दौरान पंकज चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। जब व्यापारी वापस लौटे तो आरोपी दुकान पर नहीं मिला। सीसीटीवी कैमरों की जांच में वह बैग लेकर जाते हुए दिखाई दिया। इसके बाद राहुल जैन ने सराफा थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने 15 अप्रैल को प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। लगातार खोजबीन के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 6 किलो चांदी बरामद कर ली है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।



### जन्मदिन पर नए कपड़ों के लिए नहीं मिले 5 हजार तो 11वीं की छात्रा ने लगा ली फांसी

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली इलाके में 16 वर्षीय छात्रा ने अपने जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य शादी में गए थे। शाम को वे केक और गिफ्ट लेकर लौटे तो बेटी को फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वंशिका (16) पिता मिश्रीलाल बरोले कक्षा 11वीं की छात्रा थी। छात्रा ने पिता से जन्म दिन पर कपड़े खरीदने के लिए 5 हजार रुपए मांगे थे, पिता ने 3 हजार रुपए देते हुए कहा कि अभी उनके पास इतने ही पैसे हैं। इसी बात को लेकर वह नाराज हो गई थी। वंशिका के पिता ऑटो मैकेनिक हैं और आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। बुधवार को परिवार में एक शादी थी, जिसमें उसकी मां, बहनें और अन्य सदस्य शामिल होने गए थे, लेकिन वंशिका ने जाने से इनकार कर दिया और घर पर ही रुक गई। जब रात में परिवार वापस लौटा तो वंशिका घर में फंदे पर लटकी मिली। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को वंशिका का जन्मदिन है और वह कपड़े खरीदना चाहती थी।



### मामूली विवाद के बीच-बचाव में उतरे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में मामूली विवाद के बीच-बचाव में उतरे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घायल युवक ने इलाज के दौरान गुरुवार तड़के चार बजे दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनो आरोपी को हिरासत में लिया है, दोनों नाबालिग है। हीरानगर थाना क्षेत्र के रविदास नगर निवासी 22 वर्षीय मनीष सुनहरे डेकोरेशन का काम करता था। बुधवार रात वह अपने नाबालिग दोस्त के साथ घर से कुछ दूरी पर पाउच लेने गया था। इसी दौरान वहां पहले से कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। मनीष ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि उसके पैर में तीन जगह वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां गुरुवार तड़के करीब 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक मुख्य आरोपी कृष्णा और मयूर पर पहले से ही गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह नशे का आदी बताया जा रहा है। मृतक मनीष सुनहरे इलाके में ऋषभ पवार नाम के युवक के यहां आयोजित पार्टी में शामिल था। ऋषभ हाल ही में हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छूटा था और उसी के उपलक्ष्य में यह पार्टी रखी गई थी। पार्टी के दौरान ऋषभ के घर के बाहर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर मनीष बीच-बचाव करने पहुंचा, लेकिन इसी दौरान उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल मनीष की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस ने दोनो नाबालिगों को हिरासत मे ले लिया है। परिवार ने चक्काजाम की चेतावनी दी है। मनीष के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उसकी मां और एक भाई है, जो टेंट हाउस में काम करता है। मनीष भी डेकोरेशन का काम कर परिवार का सहारा बना हुआ था।



### ट्रक ने आयशर को टक्कर मारी, सीएम के प्रोग्राम से लौट रहे युवक की मौके पर मौत

**इंदौर।** इंदौर-महू रोड पर टोल नाके के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके कई साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मृतक ने हादसे से महज 10 मिनट पहले ही वाहन बदला था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सभी युवक मुख्यमंत्री के सोलर प्लांट उद्घाटन कार्यक्रम में इवेंट का काम पूरा कर इंदौर लौट रहे थे। वे कार और आयशर वाहन में सवार थे। बताया जा रहा है कि इंदौर के कुलकर्णी का भट्टा निवासी रजत मुराडे अपने दोस्तों के साथ कार में था, लेकिन रास्ते में वह अपने करीबी दोस्त के साथ बैठने के लिए आईसर वाहन में शिफ्ट हो गया। वाहन बदलने के करीब 10 मिनट बाद ही राजस्थान नंबर के तेज रफ्तार ट्रक ने आयशर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रजत मुराडे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। रजत को भी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका पोस्टमॉर्टम पीथमपुर के सरकारी अस्पताल में किया गया।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड, सोनम की जमानत के खिलाफ परिवार हाईकोर्ट जाएगा

**इंदौर।** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने के बाद अब राजा का परिवार उसकी जमानत खारिज कराने की कोशिश में जुट गया है। इसे लेकर राजा के भाई विपिन ने शिलॉन्ग के वकील से बात की है और हाईकोर्ट में जमानत रद्द कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वकील ने उनसे संबंधित दस्तावेज भेज दिए हैं, जिन पर साइन कर वे दोबारा वापस भेजेंगे। दरअसल, इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून पर ले जाकर उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में शिलॉन्ग पुलिस ने सोनम सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद तीन और लोगों को सबूत मिटाने के आरोप में पकड़ा गया था। सभी को जेल भेजा गया था, जहां से पहले तीन आरोपियों को जमानत मिल गई थी। वहीं सोमवार को सोनम को भी कोर्ट से जमानत मिल गई। सोनम को जमानत मिलने के बाद से ही राजा के परिवार में रोष है। परिवार को इस फैसले पर भरोसा नहीं हो रहा है। जमानत के बाद परिवार ने सोनम के भाई और माता-पिता पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। राजा की मां उमा रघुवंशी ने कहा कि अगर सोनम इंदौर आई तो वह उससे पूछेंगी कि आखिर उसने राजा को क्यों मारा और उसका क्या कसूर था।

#### इंदौर रेलवे स्टेशन के डिपो में कचरे का 'पहाड़', ढाई महीने से प्रोसेसिंग ठप

## नई शर्तों के फेर में बंद हुआ सेग्रिगेशन प्लांट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो में स्वच्छता अभियान और दावों की धज्जियां उड़ रही हैं। स्टेशन और ट्रेनों से निकलने वाले कचरे का निस्तारण बीते ढाई महीनों से पूरी तरह ठप पड़ा है, जिसके चलते डिपो परिसर अब 'कचरे के पहाड़' में तब्दील हो चुका है।

यहां लगा कचरा सेग्रिगेशन प्लांट बंद होने से सैकड़ों काली पॉलीथिनों का अंबार लग गया है, जिससे उठने वाली भीषण दुर्गंध ने वहां कार्यरत 150 से अधिक कर्मचारियों का सांस लेना दूभर कर दिया है। विडंबना यह है कि आदर्श स्टेशन का दम भरने वाला रेल प्रशासन इस गंभीर संकट पर मौन साधे बैठा है।

रेलवे प्रबंधन की संवेदनहीनता का आलम यह है कि समस्या का समाधान निकालने के बजाय हकीकत को छिपाने की कोशिश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल के पहले हफ्ते में जब मुंबई से मैकेनिकल विभाग के प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर दौरे पर आए थे, तब अधिकारियों ने व्यवस्था सुधारने के बजाय कचरे के विशाल ढेर को तिरपाल से ढंक दिया था। वरिष्ठ अधिकारी के जाते ही तिरपाल हटा दिया गया और कर्मचारी एक बार फिर उसी बदबूदार और जानलेवा माहौल में काम करने को मजबूर हैं।



**कॉन्ट्रैक्ट की नई शर्तों ने बिगाड़ा काम का गणित-** इंदौर डिपो में कचरे के इस अंबार के पीछे ठेके की नई शर्तों को मुख्य कारण माना जा रहा है। साल 2023 से 2025 तक कचरा सेग्रिगेशन और प्रोसेसिंग का काम सुचारु रूप से चल रहा था, लेकिन पुराना कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद रेलवे ने नई शर्तों के साथ टेंडर जारी किया। बताया जा रहा है कि नई कंपनी ने महज एक महीना काम किया और फिर काम छोड़ दिया। पिछले करीब 75 दिनों से प्लांट बंद पड़ा है और प्रतिदिन यहां पहुंचने वाला 2 से 3 टन कचरा बिना किसी प्रोसेसिंग के सड़ रहा है। इस कचरे में स्टेशन परिसर, सभी प्लेटफॉर्म और ट्रेनों की पिट लाइन से निकलने वाली गंदगी शामिल है।

**स्वास्थ्य संकट के बीच अफसरों की चुप्पी-** प्लांट के पास तीन शिफ्टों में काम करने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा विपरीत असर पड़ रहा है। कचरे के सड़ने से फैल रहे संक्रमण और दुर्गंध के बीच रेल स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मामले की गंभीरता को लेकर जब रतलाम मंडल के जिम्मेदार रेल अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो अधिकांश ने चुप्पी साध ली। जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी लेने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया, वहीं मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) से भी इस विषय पर बात नहीं हो सकी। अधिकारी इस बड़ी लापरवाही पर जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं।

#### नीट (यूजी) 2026 परीक्षा 3 मई को

## इंदौर में 57 केंद्रों पर 23 हजार से ज्यादा स्टूडेंट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नीट (यूजी) 2026 की परीक्षा 3 मई को आयोजित होगी। पिछले साल खराब मौसम से आई बाधाओं को देखते हुए इस बार जिला प्रशासन ने व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

जिले में इस बार कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 23,160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए एआईसीटीएसएल की विशेष बसें चलाई जाएंगी। ये बसें सुबह 9 बजे से बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से संचालित होंगी। चार प्रमुख रूट सांवेर, आईआईटी सिमरोल, आईआईएम और महू पर बसों की व्यवस्था की गई है। परीक्षा समाप्ति के बाद शाम 5 बजे से वापसी के लिए भी बसें उपलब्ध रहेंगी। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है। हर केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जबकि उड़नदस्ते लगातार निगरानी करेंगे। परीक्षार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्रों पर मेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा। पांच प्रमुख केंद्रों पर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी।




### शादी का झांसा देकर रेप किया दो भाईयों पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। दो सगे भाइयों ने अलग-अलग समय पर शादी का वादा कर युवती के साथ संबंध बनाए और बाद में मुकर गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता मूल रूप से सतना की रहने वाली है और पिछले दो साल से इंदौर में रहकर निजी नौकरी कर रही है। वह जूनी इंदौर क्षेत्र में किराए के हॉस्टल में रहती है। युवती ने बताया कि करीब पांच साल पहले उसके माता-पिता की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है, जिसके बाद वह अकेले जीवनयापन कर रही है।

करीब एक साल पहले उसकी पहचान क्रिश जायसवाल से हुई, जो धार जिले का निवासी है और इंदौर में पढ़ाई कर रहा था। दोस्ती के बाद आरोपी ने शादी का झांसा दिया और युवती के साथ रहने लगा। इस दौरान उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक फ्लैट आवंटित हुआ था। आरोप है कि क्रिश उस फ्लैट को अपने या अपनी मां के नाम कराने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर उसने मारपीट की और करीब 1.20 लाख रुपए लेकर फरार हो गया।

इसके बाद आरोपी के बड़े भाई अरिहंत जायसवाल ने हस्तक्षेप कर युवती के पैसे वापस दिलवाए और उससे बातचीत शुरू की। उसने भी शादी का भरोसा दिलाया और करीब छह महीने पहले युवती के साथ लिव-इन में रहने लगा। इस दौरान उसने भी कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

### युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एक युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे दोस्ती की, फिर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर लंबे समय तक ब्लैकमेल करता रहा। युवती ने जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव और मारपीट के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल दुष्कर्म के मामले में ही कार्रवाई की है।

पलासिया थाना पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि उसकी पहचान साल 2022 में सोशल मीडिया के जरिए आरोपी लकी उर्फ सोहेल पुत्र रईस खान, निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी से हुई थी। पहली मुलाकात शहर के 56 दुकान क्षेत्र में हुई, जहां आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और उससे दोस्ती कर ली। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने बुधवार देर रात केस दर्ज किया है।

**नशीला पदार्थ देकर किया दुष्कर्म-** युवती ने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को आरोपी उसके तिलक नगर स्थित घर पहुंचा। उस समय घर में कोई नहीं था। आरोप है कि उसने खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया, जिससे वह अचेत हो गई। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। होश में आने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com